

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

न्याय की अवधारणा में पर्यावरण से जुड़ा... 12

हाईवे के किनारे फारेस्ट लाइन से 100 पेड़ों का... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 114

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 05 फरवरी, 2024


# आज योगी सरकार पेश करेगी बजट

## अब तक के सबसे बड़े बजट से कई योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**7.5** लाख करोड़ का होगा योगी सरकार का 8वां बजट

**मथुरा, काशी, अयोध्या को मिलाकर बनेगा कॉरिडोर, लखपति दीदी योजना को भी मिलेगा विस्तार**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

वर्ष 2024-25 के लिए यूपी का बजट आज पांच फरवरी को विधानमंडल में पेश किया जाएगा। जिसका आकार करीब 7.50 लाख करोड़ रुपये तक होने का अनुमान है। यह बजट आकार में अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। बजट में लोकसभा चुनाव की झलक देखने को मिल सकती है। तीन से चार नये औद्योगिक गलियारे बनाने का भरकम बजट सरकार दे सकती है। इसके साथ ही प्रयागराज में कुंभ की तैयारियां, अयोध्या, काशी व मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर खास फोकस दिखने के आसार हैं।

### बजट में केंद्र सरकार के अंतरिम बजट की दिखेगी छाप

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यूपी सरकार अपने बजट में योजनाओं को लागू करेगी। फिलहाल मोदी सरकार के आखिरी अंतरिम बजट की योजनाओं को आगे बढ़ाने को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार युवा, किसान और आधी आबादी पर फोकस करते हुए घोषणाएं करेगी। आधी आबादी की योजनाओं में लखपति दीदी योजना का उत्तर प्रदेश में व्यापक स्तर पर विस्तार किया जाएगा। इससे पहले वर्ष लोकसभा चुनाव होने हैं और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 10 मार्च 2019 को हुई थी।

### किसान, युवाओं और आधी आबादी पर फोकस

योगी सरकार के आठवें बजट में किसान, युवा, महिला को लेकर खास फोकस रहेगा। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, बजट सत्र में यूपी के सर्वांगीण विकास के लिए तमाम बड़ी योजनाएं लाई जाएंगी। भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर कोई अयोध्या पहुंचाना चाहता है। इसको लेकर भी सरकार तैयारी कर रही है। राम मंदिर हमारे लिए चुनाव में फायदा दिलाने का विषय नहीं है। राम हम सब के आराध्य हैं। बजट में सभी वर्ग के लोगों के विकास और कल्याण के लिए वित्तीय प्रावधान किए जाएंगे।



### सीएम ने बुलाई कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह कैबिनेट की बैठक बुलाई है। इसमें बजट के मसौदे को मंजूरी दिलाई जाएगी। यूपी सरकार का यह बजट एक फरवरी को संसद में पेश केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को सपोर्ट करते हुए नजर आएगा।

### लखनऊ मेट्रो के विस्तार को बजट

लखनऊ मेट्रो के विस्तार की योजनाओं को भी बजट मिलने की उम्मीद है। गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिल सकता है। प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे योजनाएं भी केन्द्र में रह सकती हैं।

### गोरखपुर मेट्रो के लिए बजट की आस

लखनऊ मेट्रो के विस्तार की योजनाओं को भी बजट मिलने की उम्मीद है। गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिल सकता है। प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे योजनाएं भी केन्द्र में रह सकती हैं।

### यूपी सरकार खोलेगी खजाना

यूपी सरकार की अयोध्या, काशी, प्रयागराज और मथुरा जैसे धार्मिक स्थल को एक साथ जोड़ने को लेकर कॉरिडोर तैयार किया है। इको टूरिज्म, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर होगा। सरकार का फोकस लखनऊ-गोरखपुर 6 लेन, गोरखपुर मेट्रो, लखनऊ मेट्रो सेकेंड फेज के लिए बजट जारी करेगी।

### धार्मिक नगरी को सोलर एनर्जी से किया जाएगा लैस

अयोध्या शहर को जगमगाने के लिए एनटीपीसी 40 मेगावाट का सोलर प्लांट लगा रही है। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय इस सोलर प्लांट ने 10 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया है। मार्च महीने में बाकी 30 मेगावाट का भी उत्पादन शुरू होना। अयोध्या शहर की 50 फीसदी बिजली की आपूर्ति इसी सौर ऊर्जा प्लांट से होगी। 165 एकड़ में फैले इस सोलर प्लांट में 1 लाख सोलर पैनल लगाए जाएंगे। भगवान राम की नगरी को सूर्य की ही ऊर्जा से जगमग करने की योजना है। इसी तरह काशी विश्वनाथ बनारस, मथुरा में सोलर एनर्जी से शहर को लैस किया जाएगा।

### आय और व्यय में संतुलन बनाने की होगी कोशिश

प्रदेश के इस बजट में आय और खर्च का संतुलन और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। आगामी वित्त वर्ष में राज्य का स्वयं का कर राजस्व 10.8 फीसदी रहने का अनुमान है तो करेत्तर राजस्व 0.9 फीसदी रहेगा। बचत पर जोर देते हुए राजस्व बचत वर्तमान वित्त वर्ष की तुलना में आगामी वित्त वर्ष में ज्यादा होगा। इसे 2.8 फीसदी से बढ़ाकर 3 फीसदी करने का अनुमान है। वहीं राजकोषीय घाटे में कमी का लक्ष्य रखा गया है। इसे 3.24 फीसदी पर लाने का जोर रहेगा। उधारी और अन्य दायित्व पर होने वाले खर्च में भी नियंत्रण किया जाएगा। आय का 31 फीसदी हिस्सा इस पर खर्च किया जा सकता है जो वर्तमान वित्त वर्ष की तुलना में करीब एक फीसदी कम होगा। वेतन, पेंशन, ब्याज खर्च में भी कटौती होगी। वर्तमान वित्त वर्ष 52.3 फीसदी की तुलना में आगामी वित्त वर्ष में 51.3 फीसदी रहेगा। राजकोषीय घाटा जरूर 10 फीसदी बढ़ेगा।

### इन योजनाओं को मिल सकता है बजट

उत्तर प्रदेश का वर्ष 2024-2025 का बजट केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को सपोर्ट करते हुए दिख सकता है। सोमवार को कई योजनाओं को बजट मिलने की उम्मीद है। बजट में प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों पर खास फोकस नजर आ सकता है। इसके साथ ही अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर भी बजट मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा 3-4 औद्योगिक गलियारों को भी बजट मिल सकता है। लखनऊ मेट्रो विस्तार के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिलने की उम्मीद है। विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही इस बार नौ दिन संचालित होगी। जबकि वर्ष 2017, 2018, 2019, 2020, 2021 में बजट सत्र दस-दस दिन संचालित हुआ है। 2022 में बजट सत्र आठ दिन, 2023 में दस दिन संचालित हुआ है। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में बजट सत्र एक दिन कम चलेगा।

**बलिया सामूहिक विवाह फर्जीवाड़ा: जांच को पहुंचे असीम बोले,**

# चोरों पर होगी कार्रवाई बख्शे नहीं जाएंगे दोषी

जन एक्सप्रेस। बलिया



सामूहिक विवाह योजना फर्जीवाड़े की जांच के लिए जनपद पहुंचे समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि किसी अपराधी को छोड़ा नहीं जाएगा। कोई बचा है तो उसकी भी जांच होगी और कार्रवाई होगी। उन्होंने ये भी कहा कि सिस्टम को मजबूत करेंगे, ताकि आगे से ऐसा नहीं हो। मनियर में हुई शादी में कुल 240 अपात्र मिले हैं। अभी जांच की जा रही है। कोई अपराधी नहीं नहीं बचेगा। आधार प्रमाणीकरण, मौके पर सभी की फोटो लेना आदि कई ऐसे प्रबंध करेंगे ताकि इस तरीके से फर्जीवाड़ा नहीं हो सके। उन्होंने ये भी कहा कि वायरल वीडियो से स्पष्ट है कि काफी असंवेदनशीलता बरती गई है। कन्याएं अपने से वरमाला डाल रही थीं। इस तरीके की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन है इसकी भी जांच हो रही है। पुलिस की विवेचना जारी है। एक भी दलाल और दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### सामूहिक विवाह में एक और गिरफ्तार

मनियर इंटर कॉलेज में 25 जनवरी को हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हुए फर्जीवाड़े मामले में रविवार को पुलिस ने दलाल आशीष चौहान उर्फ मिथुन पुत्र श्याम बहादुर चौहान निवासी गायघाट थाना रेवती जनपद बलिया को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। इसके पहले 15 अभियुक्त गिरफ्तार हो चुके हैं। दो एडीओ, एक पटल प्रभारी और एक वीडीओ का निलंबन हो चुका है।

## सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को दिखाए गए काले झंडे, काफिले पर फेंका जूता व स्याही, दो हिरासत में

जन एक्सप्रेस। कौशाम्बी

अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले सपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का रविवार को कौशाम्बी में जमकर विरोध हुआ। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने करनपुर चौराहे के समीप सपा नेता को काले झंडे दिखाए। काफिले पर जूता व स्याही फेंकने के साथ ही मुर्दाबाद के नारे लगाए। मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। सपा नेता स्वामी प्रसाद रविवार को मंझनपुर स्थित पार्टी कार्यालय के पास आयोजित बौद्ध सम्मेलन में शिरकत करने कौशाम्बी आ रहे थे। इसकी भनक लगने पर सुबह से ही हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता गिरसा चौराहे के समीप एकत्र होने लगे। लेकिन ऐन वक्त सपा नेता के रास बदलने की जानकारी हुई तो कार्यकर्ता करन चौराहा पहुंच गए।

### कार के आगे आकर किया प्रदर्शन

सपा नेता का काफिला गुजरते देख मंच के अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला व वेद पांडेय की अगुवाई में कार्यकर्ता हाथ में काला झंडा लेकर सपा नेता की कार के सामने आकर प्रदर्शन करने लगे। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद के काफिले पर जूता व काली स्याही फेंकी। इस दौरान सपा नेता का नाम लेकर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए।

# जौहर यूनिवर्सिटी पर संकट के बादल, आजम खां के मोहल्ले से हस्ताक्षर अभियान शुरू, सरकारी करने की उठी मांग

जन एक्सप्रेस। रामपुर

सपा नेता आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी को सरकारी घोषित किए जाने की मांग को लेकर फिर से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। इस दफा अभियान की शुरुआत सपा नेता के ही मोहल्ले से की गई है। यह अभियान सप्ताह भर तक चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर यूनिवर्सिटी को सरकारी घोषित कराने की मांग की जाएगी। सपा नेता की जौहर यूनिवर्सिटी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सपा नेता आजम खां के




करीबी रह चुके उनके करीबी फसाहत अली खां शानू अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। उनकी देखरेख में जौहर यूनिवर्सिटी को सरकारी घोषित कराने की मांग को लेकर अभियान की शुरुआत की गई थी। बीच में यह अभियान रुक गया था। अब फिर से इसे शुरू किया गया है। इस दफा यह अभियान सपा नेता आजम के मोहल्ले से शुरू किया गया है। रविवार को सपा नेता के घेर मीरबाज खां टंकी नंबर पांच से इस अभियान की शुरुआत हुई। सभासद तनवीर गुड्डू और नेता आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से अभियान की शुरुआत की गई जो सप्ताह भर जारी रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। युवा भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर 26 नवंबर रविवार से ग्राम सिंगनखेड़ा से अभियान की शुरुआत की गई थी जो शहर में जारी है। इसके तहत अब घेर मीरबाज खान से सपा नेता पूर्व मंत्री आजम खान के मोहल्ले से अभियान शुरू किया गया। इस मौके पर रोमान खान, नसीर खान, दिनेश, सुलेमान, शाहिद खान, रूबीना, साजिद खान, राजू खान, शावेज़ खान, अल्तमश, आमिर खान, आबिद अली खान, शुऐब अली खान, मंज़ूर खान, सुहैल खान, मोहम्मद रहमान, मोहम्मद मसूद, परवेज़, अतहर जमील खान, ज़ीशान, अतहर अली खान, आसिफ, तौहीद खान, गुड्डू तनवीर आदि ने हस्ताक्षर किए।

# यूपी का मौसम: बारिश से भीगा पूरा प्रदेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पूरे प्रदेश में मौसम बदल गया है। एक दिन पहले निकलने वाली तेज धूप रविवार को गायब रही। अपवाद को छोड़कर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण कई जिलों में अच्छी तो कई जिलों में बूंदाबांदी हुई। मौसम विदों के मुताबिक सोमवार को भी इसी तरह का मौसम रहने के आसार हैं। अभी तक की बारिश फसलों के लिए मुफीद है पर यदि तेज बारिश या ओलावृष्टि हो गई तो फसलों को नुकसान हो सकता है। रविवार सुबह से ही लखनऊ व आसपास के जिलों में बारिश हुई। ऐसा



ही मौसम के ऐसे ही रहने के आसार हैं। खास तौर पर फतेहपुर, उन्नाव, कौशांबी, रायबरेली, मिर्जापुर, सोनभद्र, चित्रकूट आदि जिलों में बारिश की प्रबल संभावना है। आगरा में वज्रपात और बारिश दोनों के आसार हैं। कहीं कहीं ओलावृष्टि की आशंका भी जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक गन्ना, सरसों, गेहूं, मटर, गन्ना, सरसों, गेहूं, मटर आदि के लिए मुफीद है। देर से बोई गई गेहूं की फसल के लिए भी बारिश सही है। हालांकि यदि तेज बारिश हो गई तो फसलों को नुकसान हो सकता है। रविवार सुबह अयोध्या सहित बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, रायबरेली, सीतापुर व अंबेडकरनगर में बूंदाबांदी के साथ ही कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश भी हुई। नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी अमरनाथ मिश्र के अनुसार अगले 24 घंटे में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे। गरज-चमक के साथ ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। हवा सामान्य गति से चलेगी। कहीं-कहीं ओले भी पड़ सकते हैं। पश्चिमी क्षेत्र के लिए यह संभावना ज्यादा है। कृषि वैज्ञानिक डा. एसपी सिंह का कहना है कि यदि ओले नहीं पड़ते हैं तो यह बरसात वर्तमान की सभी फसलों के लिए लाभदायक होगी।

**रिपोर्ट** राम जन्मभूमि, कृष्ण जन्मभूमि, ज्ञानवापी और टीले वाली मस्जिद के पक्षकार शिशिर चतुर्वेदी ने निचली अदालत में टीले वाली मस्जिद के सर्वे की याचिका दायर की

# ‘लखनऊ की टीले वाली मस्जिद है लक्ष्मण टीला, होना चाहिए सर्वे’

- चतुर्वेदी के मुताबिक, इतिहास के पन्नों पर यह दर्ज है कि यह टीले वाली मस्जिद नहीं बल्कि लक्ष्मण टीला है
- पक्षकार के अनुसार, अगली तारीख 15 से 16 फरवरी के बीच लग सकती है

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के बाद अब लखनऊ की टीले वाली मस्जिद के सर्वे की मांग भी मुखर हो गई है। मामला अब बयान बाजी तक सीमित नहीं है कोर्ट जा पहुंचा है। राम जन्मभूमि, कृष्ण जन्मभूमि, ज्ञानवापी और टीले वाली मस्जिद के पक्षकार शिशिर चतुर्वेदी ने बताया कि निचली अदालत में उन्होंने टीले वाली मस्जिद के सर्वे की याचिका दायर कर दी है। अगली तारीख 15 से 16 फरवरी के बीच लग सकती है। इसका भी सर्वे शुरू हो सकता है। उनके मुताबिक, इतिहास के पन्नों पर यह दर्ज है कि यह टीले वाली मस्जिद नहीं बल्कि लक्ष्मण टीला है। लखनऊ नगरी दरअसल लक्ष्मण नगरी है।

### लखनऊनामा में टीले वाली मस्जिद को लक्ष्मण टीला होना ही बताया है

जाने-माने इतिहासकार स्वर्गीय डॉ. योगेश प्रवीन की किताब ‘लखनऊनामा’ में भी इसका जिक्र है। लखनऊनामा में टीले वाली मस्जिद को लक्ष्मण टीला होना ही बताया है। यही नहीं, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि 12वीं सदी में जब यवनों ने अवध पर आक्रमण किया तो इस शेष तीर्थ को नुकसान पहुंचा और जब मुगल काल में औरंगजेब आया तो उसने अपने तत्कालीन गवर्नर सुल्तान शाह कुली खां द्वारा इस तीर्थ स्थान की जगह पर मस्जिद का निर्माण कराया, तभी से इसे टीले वाली मस्जिद कहा जाने लगा।

### सर्वे होगा, उसमें भी हिंदू देवी-देवताओं के ही निशान मिलेंगे

शिशिर चतुर्वेदी ने बताया कि तमाम सबूत लखनऊ की टीले वाली मस्जिद में भी मौजूद हैं। वहां पर हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां मौजूद हैं। एक बार जब टीले वाली मस्जिद की ओर जाने का आह्वान किया गया तो टीले वाली मस्जिद के अंदर के लोगों ने सारे सबूत मिटाने की कोशिश की। पीएसी भेज कर सबूत मिटाने से रोका जा सका। उन्होंने कहा कि जिस दिन टीले वाली मस्जिद का सर्वे होगा, उसमें भी हिंदू देवी देवताओं के ही निशान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अदालत पर मुस्लिम पक्ष को भी भरोसा रखना चाहिए, क्योंकि अदालत सबूतसबूत के आधार पर अदालत फैसला सुनाती है।

### अंग्रेजों के गजेटियर में भी लक्ष्मण टीला ही लिखा गया है




देश के जाने-माने इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट के अनुसार टीले वाली मस्जिद असल में लक्ष्मण टीला है, क्योंकि लखनऊ शहर को राम के अनुज लक्ष्मण ने बसाया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के गजेटियर में भी लक्ष्मण टीला ही लिखा गया है। उसी का इसमें जिक्र मिलता है। डॉ. रवि भट्ट के मुताबिक, आज भी टीले वाली मस्जिद में कई अवशेष ऐसे मिलते हैं जिससे यह साबित होता है कि वह टीले वाली मस्जिद नहीं बल्कि लक्ष्मण टीला है। उन्होंने आगे दावा किया कि जब मुगल काल में औरंगजेब का शासन आया तब उसने यहां पर मस्जिद का निर्माण कराया और इस मस्जिद में आज शाह मुहम्मद पीर की मजार है, जिसे लोग बहुत मानते हैं और मुस्लिम समुदाय यहां पर नमाज अदा करता है।

### लखनऊ का नाम बदलकर लखनपुरी किए जाने की भी मांग की जा चुकी है

शिशिर चतुर्वेदी ने बताया कि लखनऊ का नाम बदलकर लखनपुरी किए जाने की भी मांग की जा चुकी है। जिस दिन कोर्ट में ज्ञानवापी की याचिका लगाई गई थी, उस दिन मुस्लिम पक्ष देर से पहुंचा था। पहले जब मुस्लिम पक्ष को सुनने के लिए कहा गया था, तो उन्होंने कहा कि कॉपी नहीं मिली है। लगातार मुस्लिम पक्ष बहाना बनाता रहा है। दरअसल उनके पास ज्ञानवापी को मस्जिद साबित करने का कोई सबूत ही नहीं था। जबकि हिंदू पक्ष के पास तमाम सबूत हैं, जिससे ज्ञानवापी को मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर साबित किया जा सकता है।

# निष्पक्षता और दमदारी के साथ पत्रकारिता करने पर दिया जोर

**पत्रकार समाज कल्याण समिति के कार्यालय का हुआ शुभारम्भ**

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



**राजापुर।** पत्रकार समाज कल्याण समिति चित्रकूट के बैनर तले रविवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की गई। राजापुर तहसील में समिति के कार्यालय का शुभारंभ चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी और जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर किया। संचालन करते हुए मुकेश तिवारी तथा प्रकाश ओझा ने सभी पत्रकारों एवं अतिथियों का रोली चंदन लगाकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। जिला प्रभारी मुकेश तिवारी ने कहा कि यह संगठन उस छायादार पेड के समान है, जिसे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान बघेल ने खड़ा किया है। हम सभी पत्रकार, कलमकार साथियों का कर्तव्य है कि इस पेड को अच्छी प्रकार से देखरेख करें। हमारा संगठन सात राज्यों में 17 हजार सच्चे कलमकार साथियों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ रहा है। इसको चित्रकूट में भी जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी के नेतृत्व में आगे लेकर जाना है। ताकि किसी भी पत्रकार साथी के साथ अन्याय एवं अत्याचार न हो सके। हमारे संगठन का उद्देश्य पत्रकार कानून सुरक्षा को लागू करवाना है। चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी ने पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पत्रकारिता पहले जैसे नहीं रह गई है। वर्तमान में यह जोखिम भरा चुनौती पूर्ण काम बनकर सामने आई है। इसके अलावा निष्पक्ष पत्रकारिता करना तो बड़ी चुनौती बन गया है, लेकिन सच्ची पत्रकारिता यही है कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी आप निष्पक्ष कलम चलाकर गरीबों मजलूमों की आवाज बुलंद करें। पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिला संरक्षक डॉक्टर प्रभाकर सिंह ने सभी अतिथियों साल एवं जूस भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मधुरेंद्र प्रताप सिंह कल्लू भैया, अरविंद सिंह रघुवंशी, रोहित तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, सुरेश तिवारी, डॉ बैजनाथ, अभिषेक ओबेरॉय, श्रवण पटेल, प्रकाश ओझा, हरबंस द्विवेदी, जन्मेजय शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, घनश्याम द्विवेदी, गनेश शुक्ला, कमलेश सोनी, श्याम सुंदर मिश्रा, महेश कुमार, हरीनारायण पाण्डेय, लालता प्रसाद यादव, पूर्व प्रधान कौशल किशोर शुक्ला, ओमप्रकाश यादव, लल्लू मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



**मानिकपुर।** मारकुंडी तिराहा में बीती रात्रि अनियंत्रित ई रिक्शा से जोरदार टक्कर लगने से चालक की हुई मौत दो घायलों का ईलाज किया जा रहा है घायल रवि साहू के भी गंभीर चोटें होने के चलते सतना मध्यप्रदेश में ईलाज चल रहा है मृतक अमन रैकवार 23 वर्ष पुत्र कैलास रैकवार का रविवार को पोस्टमार्डम के बाद शव का हिन्दू रीतिरिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया है। बतादे की मानिकपुर में ई रिक्शो की बाढ़ सी आ गयी है जिधर देखी ई रिक्शा ही सड़को रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में दिखते है। ई रिक्शा चालक ज्यादातर नाबालिक 10-15 वर्ष के दिखते है इन चालको के ऊपर प्रशासन की कोई नकेल नही है। मृतक अमन रैकवार 23 वर्ष पुत्र कैलास रैकवार निवासी सुभाष नगर कस्बा मानिकपुर चाय नास्ता की दुकान खोले था उसी से परिवार का भरण पोषण चलता था मृतक अमन अपने पिता का एकलौता वारिस था मृतक से छोटी दो बहनें नंदनी 18 वर्ष व शिखा 15 वर्ष का रो रो कर बुरा हॉल है। मृतक होटल में अपने पिता का हाथ बटाता था लेकिन अचानक मौत होने के चलते घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना मारकुंडी तिराहे में देर रात्रि का है जहां पर तीन बाइक सवार अमन रैकवार पुत्र कैलाश निवासी सुभाष नगर दूसरा रवि साहू व तीसरा सवार शैलेंद्र साहू निवासीगढ बाल्मिक नगर पश्चिम देर रात निमंत्रण कर वापस अपने घर आ रहे थे तभी मारकुंडी तिराहे में तेज रफ्तार अनियंत्रित ई रिक्शा उनके सामने आ गया और वह ई-रिक्शा से बुरी तरह टकरा गए जिससे अमन रैकवार व रवि साहू के सर में गंभीर चोटे आई थी और तीसरा सवार आंशिक रूप से घायल हुए है यहां रागिरो ने उन्हें मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और दो सवारों की गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल भेजा गया जहां अमन रैकवार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है तो वही रवि साहू का इलाज जारी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पक्का तालाब में बनेगा कलम दवात चौराहा

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा 6 दिसंबर 2023 को नगर पालिका परिषद के नाम दिये गये ज्ञापन के माध्यम से जिसमें कलम दवात चैराहा की मांग किया गया था। जिसे नगर पालिका बोर्ड की बैठक में चंदियाना वार्ड के सभासद संजय लाला ने रखा। जिस पर सर्वसम्मत से यह प्रस्ताव पास हुआ और पक्के तालाब चैराहे में कलम दवात चैराहा बनाने की स्वीकृत प्रदान किया गया। यह खबर जैसे ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों को हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई और आनन-फानन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री व चंदियाना वार्ड के सभासद संजय लाला ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य सहित सभी सभासदों का आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही साथ कायस्थ समाज के लोगों ने एक दूसरे को इस उपलब्धि पर मिष्ठान खिलाकर बधाई दिया। वहीं चंदियाना वार्ड के सभासद संजय लाला का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि शीघ्र ही कायस्थ समाज के तमाम लोगों की एक बैठक बुलाकर जल्द से जल्द इस चैराहे के निर्माण के लिए कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष उमेश चंद्र सिन्हा ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया। कहा कि जिस तरीके से पदाधिकारी कार्य कर रहे हैं निश्चित ही वह बधाई के पात्र है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### दशकों के अतिक्रमण को हटा शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**जन एक्सप्रेस/रामनगर, चित्रकूट।** रामनगर विकास खण्ड के अंतर्गत गोबरौल गांव में देवहटा से गंज, सिरावल, हन्ना सम्पर्क मार्ग पर दशकों के अतिक्रमण को हटाकर नाली और इंटरलॉकिंग सडक निर्माण शुरू किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने इस पर प्रसन्नता जताई है। क्षेत्रीय ग्रामीण लगभग बीसों वर्ष अतुल मिश्रा, प्रेम शंकर द्विवेदी, शेष नारायण मिश्रा व संजय कुमार आदि ने बताया कि लम्बे अर्से से अवैध कब्जे के चलते यह मार्ग संकीर्ण हो गया था। जिससे मार्ग से आवागमन करना मुश्किल हो रहा था। पैदल और दो पहिया वाहन ही निकल पाते थे। कच्चा मार्ग तथा नाली न होने के कारण नाली तथा घरों का पानी आम रास्ते पर भरा रहता था। मजबूरी में कीचड भरे रास्ते से आम लोगों को गुजरना पडता था। रास्ता संकीर्ण होने के कारण पैदल और दो पहिया वाहन ही रास्ते से गुजरते थे। चार पहिया वाहनों को निकलने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर काटना पडता था। इस आम रास्ते को लेकर परेशान क्षेत्रवासियों की समस्या को गांव के समाजसेवी अतुल मिश्रा, ग्राम प्रधान और ग्रामीणो ने उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया था। जिसके बाद प्रशासन द्वारा इस आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करा दिया और अब यहां विधायक निधि से नाली और इंटरलाकिंग सडक बन रही है। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 150 मी पक्का रास्ता बनने से सुगमता के साथ चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर ट्राली आदि वाहन रास्ते से गुजर जायेंगे। जिससे दशकों से चली आ रही इस समस्या का समाधान हो गया है। अब इसी मार्ग से होकर गंज, बरूवा, सिरावल, हन्ना आदि गांवों तक पहुंचने में धन और समय की बचत भी होगी।

### नही मिल रही लापता युवती

**जन एक्सप्रेस/भरतकूप, चित्रकूट।** भरतकूप मजरा अकबरपुर (ब) निवासिनी ललिता देवी पत्नी कमलेश आदिवासी ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री कल्लू उर्फ संगम देवी बीती 29 दिसम्बर 2023 को सुबह सात बजे घर से कहीं गायब हो गई थी। लडकी को गायब हुए दो महीनों से अधिक समय बीतने और बहुत खोजबीन करने के बावजूद अभी तक गायब हुई लडकी का कोई सुराग नहीं मिला है। महीनों ढूंढने के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो पीडितों ने भरतकूप थाना में सूचना दी है। पुलिस ने सूचना दर्ज करते हुए तलाश करने की बात कही है।

**अदालती सूचना**

**सम्मन विनावर इनफिसाल**
**मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1व 5)**
**बअदालत श्रीमान तहसीलदार महोदय मानिकपुर जनपद चित्रकूट**
**कुंता आदि**
**बनाम**
**प्रमोद आदि**
**धारा 33(3) राजस्व संहिता**
**तारीख पेशी-10/02/2024**

प्रतिवादी नंबर 1- प्रमोद कुमार पुत्र राजनारायण, 2- अनिल कुमार पुत्र राजनारायण, 3- केशा देवी पत्नी स्व. राजनरायन निवासीगण टिकरिया मनगवा तह0 मानिकपुर जनपद चित्रकूट, 4-ग्राम पंचायत टिकारिया मनगवा जरिए ग्राम प्रधान टिकरिया

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश वावत के दायर लिहाजा आपको हुक्म होता है कि ता0 10/02/2024 को इ0बवक्त 10बजे दिन के असालतान मार्फत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार वाकई बकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुताबिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब देहीतात पाकर और हरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर है वास्ते इन मिशाल कतई मुकदमा तहजीब हुई है आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तेला दी जाती है अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा

बरखस्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज तारीख 10/01/2024 ई0 जारी किया गया।

**-आज्ञा से**
**श्रीमान तहसीलदार महोदय**
**मानिकपुर, जनपद चित्रकूट**

### पीड़ित ने की कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राजापुर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत खटवारा गांव के निवासी गणेशदत्त शुक्ला पुत्र गया प्रसाद शुक्ला ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि बस्ती के अन्दर उनका पक्का और अधपक्का घर बना है उनके घर के सामने खाली पड़ी जमीन से उनका निकास है और यह जमीन उनके सेहन में है। इसके बावजूद गांव के दबंग मनोज कुमार पुत्र शिवदत्त, बद्री, लल्लू आदि गंदगी फैलाते हैं। आए दिन इस जमीन में गोबर फेंकते हैं। विरोध करने पर गोली गलौच करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। ऐसे में दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। जिससे वह शान्तीपूर्वक जीवन निर्वाह कर सके।

### अज्ञात वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शहर के रोडबेज बस स्टैड के पास अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ बीमारी की हालत में पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। डॉक्टरो ने शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया।

# स्वच्छ तीर्थ पौराणिक स्थलों की सफाई के लिए परिक्रमा मार्ग में चला विशेष अभियान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत कामतानाथ परिक्रमा में 102 वें अभियान के तहत बिरजा कुंड में सफाई अभियान चलाया गया। चित्रकूट धाम नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छ तीर्थ अभियान पौराणिक स्थलों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के माध्यम से कामतानाथ परिक्रमा को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा रहा है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने बताया कि स्वच्छ तीर्थ अभियान के माध्यम से कामतानाथ परिक्रमा चित्रकूट में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नियमित स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आसपास की दुकानदारों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता को लेकर हमें स्वयं जिम्मेदार होना चाहिए। चित्रकूट जैसी पौराणिक जगह पर परिक्रमा करते वक्त स्वच्छता का विशेष ध्यान देना चाहिए। प्लास्टिक पन्नी का प्रयोग नहीं करना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि हमें अपने आप पर विचार करने की जरूरत है कि हम पौराणिक स्थलों पर जाएं तो वहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, सभासद शुभम केशरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुकदमें से परेशान बुजुर्ग ने की खुदकुशी

जन एक्सप्रेस । बांदा

दहेज प्रताड़ना के केश में नामजद किसान ने खेत में बने कुए में छलांग लगाकर खुदकुशी कर लिया। घरवालो ने कांटा डालकर शव को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के जरोहरा गांव निवासी रामविहारी (55) पुत्र सिद्धगोपाल शुक्रवार की दोपहर घर से अपने बड़े पुत्र योगेंद्र के घर जाने की बात कर चला गया। लेकिन वह उसके घर नही पहुंचा। घर न पहुंचने पर घरवालो ने उसकी खोजबीन किया। लेकिन कुछ पता नही चला। शनिवार की शाम छोटा पुत्र विष्णू खेत पहुंचा देखा तो उसके जूते और लाठी कुए की जगत में रखी हुई थी। कुए में कांटा डालकर उसका शव बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े पुत्र योगेन्द्र ने बताया कि उसकी शादी 2019 में रमियापुर निवासी रतना देवी के साथ हुई थी। 2021 में रतना देवी ने डिलेवरी के दौरान कानपुर में पुत्र को जन्म दिया था। जिसकी मौत हो गई थी। परिवारिक कलह के चलते रतनादेवी ने 1 फरवरी को पति योगेद्र, ससुर रामबिहारी, सास ,देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुदकमा दर्ज कराया था। तभी से वह परेशान था इसी के चलते रामबिहारी ने कुए में छलांग लगा कुदकुशी कर लिया। मृतक 18 बीघा का कास्तकार था। जानकारी के अनुसार मृतक के पुत्र की शादी से पहले पिता की अर्थी उठ गई। बताया जाता है कि मृतक के छोटे पुत्र बिष्णू की 13 फरवरी को शादी होनी थी। तैयारिया चल रही थी। पांच फरवारी को तिलक होना था। शादी के पहले ही पिता की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनो में मातम छा गया।

# अयोध्यावासी समाज ने मनाई मणि कुंडल महाराज की जयंती



जन एक्सप्रेस । बांदा

रविवार को नगर के कान्हा कुंज में आयोजित कार्यक्रम मणि कुंडल महाराज की जयंती पुष्प अर्पित की एवं अयोध्यावासी समाज के गौरव शिवम गुप्ता यूपीपीसीएस मे अचयन होने पर भव्य स्वागत समारोह किया गया। जिसमे सुरेश कान्हा नवयुवक संघ प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, प्रभा गुप्ता, संतोष गुप्ता, वन्दना गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, अजीत गुप्ता, वृन्दावन वैश्य, राजू गुप्ता, रामचन्द्र चन्दी, राजकुमार गुप्ता, बउवाराम गुप्ता सहित तमाम अयोध्यावासी समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और मणि कुंडल महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये उनको नमन किया।

# दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद**

जन एक्सप्रेस । बांदा



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मौदहा जनपद हमीरपुर के रहने वाले प्रमोद कुमार द्वारा 02/03 फरवरी की रात को थाना पैलानी पर सूचना दी कि 01/02 फरवरी की रात्रि को पैलानी से शादी समारोह से दो व्यक्तियों द्वारा उनकी मोटर साइकिल चोरी कर ली गयी। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पैलानी पर 02 लोगों के विरुद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी व मोटरसाइकिल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में रविवार को सुबह थाना पैलानी द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दोनों अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल बेचने जाने समय थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम पिपरहरी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 1 एण्ड्रायड मोबाइल, 480 रुपये नगद बरामद किये गये है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रानू उर्फ राजेन्द्र सोनकर पुत्र कृष्णा व रंजीत सोनकर पुत्र राजकुमार निवासी गढ़ी मजरा लौमर थाना चिल्ला शामिल है। मु0अ0सं0 19/24 थाना 379/411 भा0द0वि0 थाना पैलानी अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में संदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष पैलानी, उ0नि0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कां0 रवि शर्मा, कां0 अवनीश शामिल है।

# धाता नगर पंचायत कार्यालय का भाकियू ने किया घेराव



जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

**खागा।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा आज विभिन्न मांगों को लेकर नगर पंचायत धाता का घेराव करके अधिशाषी अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी के नाम से ज्ञापन दिया। जिसमें अन्ना जानवरों से होने वाली फसलों के नुकसान, बंदरों से होने वाले फसल नुकसान व लोगों के कटने की समस्याओं को लेकर लगातार छः महीने से अधिशाषी अधिकारी को अवगत कराने के बाद भी आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। रमपुरवा में नरेन्द्र सिंह के दरवाजे से भानुप्रताप सिंह के गौशाला तक व मुकेश सिंह के घर से धर्म सिंह के घर तक इण्टर लॉकिंग बनाने को, पलवा मजरे सरसौली में नाली व इण्टर लॉकिंग निर्माण, घोषी में बलराम सिंह के दरवाजे से सतेन्द्र सिंह के दरवाजे तक इण्टर लॉकिंग, अजारौली में गाउचर, झील, तालाबों में अवैध कब्जा को खाली करवाने, अजरौली में केशपाल के दरवाजे से नरेश सिंह के घर तक व लाला प्रधान के दरवाजे से देवपाल गर्ग के घर तक, मोहन सिंह के दरवाजे से तेजबली के घर तक नाली व इण्टर लॉकिंग निर्माण, गांव में बिजली के खम्भे में लगी खराब लाइटों को बनवाकर व नई लाइट लगवाने के संबंध में, नगर पंचायत कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी व नगर अध्यक्ष के न होने पर कार्यालय सहायक मनीष कुमार को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर बडी सख्या मे भारतीय किसान यूनियन समर्थक मौजूद रहे।

# रक्षक ही बने भक्षक, हरे पेड़ों का हो रहा कटान

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



**खागा।** रक्षक ही भक्षक बन जाये तो कैन रक्षा करेगा। एक तरफ जहॉ केन्द्र व प्रदेश की सरकार पर्यावरण की रखा के लिए पौध रोपण के लिए लाखो-करोडो का बजट देकर लक्ष्य दे रही हैं। वही वन विभाग के ही जिम्मेदारो के बरद्हस्त से वन माफिया वनो का कटान कर रहे है। जिससे एक तरफ जहॉ सरकार के आदेश को हवा मे उडाया जा रहा है। वही पर्यावरण के साथ भी खिलवाड किया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के त्योंजा गांव में बेरोक-टोक हरे पेड़ों पर आर चलाया जा रहा है। पुलिस व वन विभाग की मदद से वन माफिया सक्रिय हो उठे हैं। प्रतिदिन प्रतिबंधित पेड़ों की कटान क्षेत्र में हो रहे है और जिम्मेदार जानकर भी अंजान बने हुए हैं। क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान न हो इसके लिए वन विभाग जिम्मेदार है लेकिन कटान माफिया विभागीय साठ-गाठ से दिन दहाडे हरे पेडो का कटान करके जेबे गर्म कर रहे है और खुलेआम कहते हुये सुना जा रहा है कि विभाग के आलाधिकारियो से लेकर कर्मचारियो की जेबे गर्म करना पडता है। वही वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदारों ने हरियाली पर जमकर आरा चल रहा है। खुलासा तब हुआ जब त्योंजा गांव में महुआ का पेड़ ठेकेदार द्वारा कटवाया जा रहा था। वही वन क्षेत्र अधिकारी विवेक शुक्ला से बात करने पर बताया कि ठेकेदारों पर कार्यवाही किया जा रहा है जबकि लगातार क्षेत्र में वन कटन का काम तेजी से किया जा रहा है और क्षेत्राधिकार कार्यवाही की बात करके पालना झाड़ रहे हैं।

# जनपद के सांसद रहे वीपी सिंह जो नहीं कर सके वह भाजपा सरकार में हो रहा : साध्वी

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



जिले की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मोदी सरकार के अंतिरिम बजट को आधी आबादी के नाम करार दिया। उन्होंने बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन समस्या का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह पर निशाना साधा। कहा कि जिले के सांसद रहे और देश के प्रधान मंत्री भी रहे लेकिन जनपद के विकास का काम नही किया। बात आगे बढाते हुये कहा कि जो काम राजा मांडा नहीं कर सके वह हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया है। कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि नए भारत की नई संसद में नया इतिहास बनेगा। महिला राष्ट्रपति ने संयुक्त अधिवेशन में अभिवादन किया। अंतरिम बजट में भी महिला हित को सर्वोपरी रखते हुए नारी वंदन अधिनियम पास हुआ। साध्वी निरंजन ज्योति कहा कि पहले की सरकारी चुनाव के दृष्टिगत घोषणाएं करती थीं। इस अंतरिम बजट में जनहित का पूरा समावेश है। सरकार अब 2 करोड़ गरीबों को पक्की छत देने जा रही है। नगरीय क्षेत्र में रहने वाले मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए भी आवासीय योजना में प्रावधान किया गया है। तीन रेलवे कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह की तीन करोड़ दीदी को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले की सांसद ने कहा कि अब कृषि क्षेत्र में बदलाव हो रहा है। किसान को अब कम कीमत पर ड्रोन से खाद का छिड़काव करने की सुविधा मिलने जा रही है। राम मंदिर मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कारसेवकों ने जिस काल में बलिदान दिया। उसी काल में मंदिर का निर्माण हो रहा है। साध्वी ने दावे से कहा कि सरकार की नीति व नीयत बदलने से धरातल पर काम हो रहे हैं। कोरोना के दौर में वैक्सीन की उपलब्धता विदेशों को भी कराई जा सकी तो इसका श्रेय पीएम को जाता है। तालाबों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अमृत सरोवर योजना चल रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने अपनी उपलब्धियां का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह का हवाला दिया। उन्होंने शहर की सीवर लाइन पर बोलते हुए कहा कि जो काम विश्वनाथ प्रताप सिंह नहीं कर सके वह होने जा रहा है। 400 करोड़ रूपया पास हो चुका है। गाजीपुर विजय मार्ग की बदहाली दूर कराने को सरकार ने 90 करोड़ रुपए की रकम पास किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जिले की जनता का धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि दो कार्यकाल में जिस तरह से उन्हें प्यार मिला है। वह उसकी शुक्र गुजार हैं।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनांक 4-6 फरवरी, 2024 को स्थानीय स्तर पर गरज चमक एवं ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 18.6 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 12.0 (+4.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 73 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# नमस्ते इंडिया दुग्ध कंपनी से निकलने वाला दूषित जल किसानों के लिए बना मुसीबत








जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे/ कोमल सिंह





**चौबेपुर।** खाद्य पदार्थों में दूध को अत्यधिक पोषक माना गया है दूध को पोषक तत्वों का स्रोत भी कहा जाता है, लेकिन वर्तमान समय में जितनी भी कंपनियां दूध बेचने का काम कर रही हैं वह सभी उसमें बहुत कुछ ऐसा उपयोग कर रही हैं जिन्हें जान पाना मुश्किल है। इन कंपनियों में प्रतिदिन लाखों लीटर दूध जाता है और उसके कई प्रोडक्ट बनाकर मार्केट में बिकने के लिए आते हैं। ऐसी ही एक कंपनी नमस्ते इंडिया है। यह कंपनी वर्तमान समय में क्षेत्रीय किसानों व जनता के लिए मुसीबत का सबक बनी हुई है। कंपनी से निकलने वाला बदबूदार पानी से जहां आज पड़ोस के रहने वाले लोग बीमार पड़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों को भी काफी नुकसान हो रहा है। इनकी फैक्ट्री से निकलने वाला दूषित पानी व राख क्षेत्रीय जनता के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित जल से उड़ने वाली गंध से क्षेत्रीय जनता बीमार हो रही है। फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी रात के वक्त फैक्ट्री से दुर्गंध युक्त मैटेरियल निकालकर खेतों के पास फेंक देते हैं। क्षेत्रीय जनता द्वारा कई बार जिले के अधिकारियों के साथ-साथ प्रदूषण बोर्ड से भी शिकायत की लेकिन प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने कार्यवाही के नाम पर केवल खाना पूर्ति ही की है। यह कंपनी बीते कई वर्षों से कार्य कर रही है। मानपुर गांव के ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने बताया कि बीते 10 वर्षों से यह समस्या ऐसे ही बनी हुई है कई बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से शिकायत करने पर जांच के लिए आए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की है, कम्पनी से निकलने वाले केमिकल युक्त मैटेरियल से किसानों की उपजाऊ खेती वाली भूमि बर्बाद हो रही है।

# कानपुर की हाईटेक पुलिस पर नन्हा चोर पड़ा भारी

जन एक्सप्रेस । हिमांशु मिश्र



**कानपुर नगर।** कहने को तो यूपी पुलिस से सम्बद्ध कानपुर कमिश्नरेट पुलिस पूर्ण रूप से हाईटेक है लेकिन जिस प्रकार से पुलिस हाईटेक हो रही है उससे 10 कदम आगे चलकर कर चोर हाईटेक होकर पुलिस को मात देते हुए नजर आ रहे हैं, शनिवार की रात में थाना हनुमंत विहार क्षेत्र स्थित एक पान की दुकान को एक स्मार्ट शातिर नन्हें चोर ने निशाना बनाया तो रविवार को उसके चोरी करने के अंदाज का सीसीटीवी फुटेज में कैद वीडियो वायरल हो गया, जिस किसी ने भी वीडियो को देखा है पहले तो वह हंसा है और उसके बाद कहीं ना कहीं कानपुर पुलिस की काबिलियत पर भी सवालिया निशान उठने लगे हैं।

आपको बताते चलें कि थाना हनुमंत विहार क्षेत्र स्थित स्नेही चौराहे पर चौरसिया पान भंडार नाम से एक दुकान है, जिसके संचालक विनय चौरसिया हैं, बीती शनिवार की रात को वह हमेशा की तरह अपनी दुकान बंद कर अपने घर को चले गए थे लेकिन रविवार को वह दुकान खोलने के समय पहुंचे तो उन्हें दुकान की शटर का ताला टूटा हुआ मिला, दुकान के अंदर गए तो काफी कुछ सामान बिखरा हुआ पड़ा था और गुल्लक में जो पैसे होते थे वह भी नहीं थे दुकान का काफी सामान भी चोरी हो चुका था, उन्होंने अपनी दुकान में जो सीसीटीवी लगा रखा था उस सीसीटीवी फुटेज को देखने से पता चला कि उनकी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला कोई 15 से 16 साल का नाबालिक चोर था, सीसीटीवी फुटेज में नाबालिक चोर का अंदाज बड़ा शतिराना दिखा उसने दुकान का ताला बड़े ही शातिर अंदाज में तोड़कर अंदर जाकर सिगरेट के कई कश मारे और फिर सारा सामान समेटने के बाद दुकान के अंदर ही शौच क्रिया के उपरांत हाथ कैमरे की ओर करते हुए टाटा बाय-बाय कहकर फरार हो गया।

**एक माह के भीतर हो चुकी हैं तीन चोरियां**

ज्ञातव्य हो कि लगभग एक माह के भीतर स्नेही चौराहे पर पहले भी चोरी की तीन घटनाओं को चोर अंजाम दे चुके हैं, पहले की घटनाओं का अभी तक हनुमंत विहार पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है वहीं दूसरी ओर रविवार को चौथी चोरी की घटना को नन्हें चोर ने अंजाम दे डाला।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रावतपुर थाना क्षेत्र के मसवानपुर बड़े मंदिर के पास पुष्पा (55) पत्नी राजेश शाहू ने रविवार दोपहर को पंखे से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति राजेश ने बताया कि उनके दोनों बेटे जबलपुर में ऑर्डनेंस फैक्ट्री में है। दोपहर तीन बजे भतीजा गोलू अपनी शादी का कार्ड देने के लिए घर पर आया था। तो उसने आवाज लगाई काफी देर तक दरवाजा न खुलने के बाद उसने दरवाजा ऊपर से खोलकर अंदर गया तो घटना की जानकारी हुई। गोलू ने शोर मचाते हुए मोहल्ले वालों के इकट्ठा किया उसके बाद पुलिस को सूचना दी ।मौके पहुंची फोरेंसिक ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सूक्ष्म व लघु उद्यमियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



सेवा भारती कानपुर प्रान्त द्वारा कानपुर प्रान्त के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के सेवा भारती के पदाधिकारियों व स्वावलंबन आयाम के प्रमुखों का प्रशिक्षण वर्ग रविवार को जय नारायण विद्यामंदिर इंटर कॉलेज, विकास नगर में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा भारती के क्षेत्र सेवा प्रमुख नवल जी एवं प्रान्त के सरंक्षक स्वतंत्र अग्रवाल, सेवा भारती कानपुर के प्रांतीय संगठन मंत्री गजेन्द्र एवं प्रांतीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव? आदि ने किया। इस अवसर पर नवल जी ने सेवा कार्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सेवा द्वारा होने वाले अंसभव कार्यों के विषय में चर्चा की। एस.पी.यादव ने प्रदेश के उद्यमियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया।सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विकास संस्थान, कानपुर के सहायक निदेशक अमित बाजपेयी ने भारत सरकार द्वारा सूक्ष्म व लघु उद्यमियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन सत्र में सुगन्ध एवं सुरस विकास केंद्र, कानपुर के सहायक निदेशक डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र के बारे में तथा इसके द्वारा मिलने वाली सुविधाओं तथा सुगन्ध के क्षेत्र में उद्यमिता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कानपुर प्रान्त के अन्तर्गत आने वाले जिलों से लगभग 200 लोगो ने भाग लिया।

# केडीए के जोन एक और दो में अवैध निर्माण और अतिरिक्त तल पड़ने का सिलसिला जारी







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक और दो में मानक विहीन अवैध निर्माण के साथ-साथ अतिरिक्त तलों की बाढ़ सी गई है जिधर देखो जिसे देखो वह उत्तर प्रदेश की जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करने का दावा करने वाली सरकार के इस दावे को ठेंगा दिखाते दिखाई पड़ रहा है, सरकारी राजस्व के नाम पर सिर्फ बाबा जी का ठुल्लू मिल रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की जेब में माता लक्ष्मी का वाहन उल्लू बनकर सुविधा शुल्क के रुप में बड़ी आसानी से पहुंच रहा है।

आपको बताते चलें कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो स्थित कौशलपुरी, लाजपत नगर, शिवाजी नगर, पाण्डु नगर, एम ब्लॉक काकादेव, गोपाला टॉवर, एल ब्लॉक, शास्त्री नगर आदि वा जोन एक के चमनगंज, बेकनगंज, नई सड़क, कोपर गंज, घन्टाघर, बिरहाना रोड, जाजमऊ, हटिया चौक में जमकर मानक विहिन निर्माण तो हो ही रहे हैं साथ ही साथ कई जगह अतिरिक्त तल भी पड़ चुके हैं, जिन अवैध निर्माणों का शमन पूर्ण रूप से होना चाहिए वह भी नहीं हो रहा दर्जनों निर्माण तो बिना नक्शा पास कराए जोन एक में हो रहे हैं, प्रवर्तन का कार्य भार देखने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकारी राजस्व को भारी क्षति हो रही है लेकिन वहीं दूसरी ओर जो जिम्मेदार हैं उनकी इस अनदेखी से उनकी जेब में अज्ञात सुविधा शुल्क जरूर जा रहा है, शहर के पुराने डीएम विशाख जी अय्यर जिनके पास उपाध्यक्ष का भी कार्यभार था उनके जाने के बाद तो अवैध निर्माण और अतिरिक्त तल पड़ने का सिलसिला भी तेजी से जारी हो गया है।... *शेष जारी*

# खलासी लाइन में दबंगों ने अधेड़ को गोली मार किया घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



घायल मन्नू सोनकर

ग्वालटोली थाना क्षेत्र स्थित खलासी लाइन में रविवार को मीट का ठेला लगाने वाले दुकानदार पर देर शाम कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें कई राउंड फायरिंग हुई जिससे एक गोली दुकानदार के दाहिने हाथ में लगी है, जबकि एक गोली गले से छूते हुए निकल गई,चंद कदम की दूरी पर स्थित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और घायल को हैलट में भर्ती कराया है जहां इलाज के बाद उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना ग्वालटोली क्षेत्र का खलासी लाइन निवासी अधेड़ अरुण उर्फ मन्नू सोनकर मीट का ठेला थाने से चंद कदम की दूरी पर देशी शराब के ठेके के पास लगाता है. भाई आलोक सोनकर ने बताया कि शनिवार को दुकान के पास कुछ लोगों से विवाद हो गया था, जिसे रफा दफा करा दिया गया था रविवार शाम दुकान से चंद कदम की दूरी पर मन्नू अपने कुछ साथियों के साथ बैठा चाय पी रहा था. इसी दौरान अमन, सैबी, सैबी का भाई राजा और भांजा सचिन व अजहर उनके पास आए और मारपीट करने लगे. विरोध करने पर फायर कर दिया. जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया, अरुण की गर्दन के नीचे से गोली छूती हुई निकल गई और उसका हाथ फैक्चर हुआ है।

एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज भी कलेक्ट किए हैं. पुलिस को मौके से एक पिस्टल भी मिली है, पुलिस ने अमन कुमार और सचिन वाल्मीकि को हिरासत में लिया है. पुलिस दूसरे आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है. परिजनों ने बताया कि फ्री में खाने के सामान को लेकर शनिवार को झगड़ा हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने रविवार को घात लगाकर वार किया।

## राष्ट्रीय ग्रेपलिंग खिलाड़ी अनमोल चतुर्वेदी का भव्य सम्मान




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

श्री चंद्र एजुकेशन सेंटर में द्वितीय एनुअल फंक्शन का आयोजन पनकी रतनपुर कॉलोनी में हुआ। जिसमें विद्यालय में ही अध्यनरत छात्रों ने कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में आए हुए अभिभावक बच्चों की प्रस्तुति देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं विद्यालय में अध्यनरत छात्र अनमोल चतुर्वेदी ने देवास मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतिस्पर्धा में रजत पदक अर्जित किया था। जिसको देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने अनमोल चतुर्वेदी का भव्य सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी निशांत शुक्ला, अंजली शुक्ला, रत्नेश सिंह, राजेश शुक्ला, रेनू शुक्ला, मेहताब जन कल्याण आध्यात्मिक सत्संग समिति से गुरुदेव राजेंद्र बाबा और माताजी, कुंवर विजय प्रताप सिंह, जयकरण सिंह, पार्षद अनुप्रिया दुबे, विकास बाजपेई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम में पराली ना जलाने की दी सलाह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा ग्राम पांडेय निवादा में रविवार को फसल अवशेष प्रबंधन पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने बताया कि किसान खेतों में पराली मिलाकर खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं। उन्होंने किसानों को अपनी पराली न जलाने की सलाह दी। जिससे पर्यावरण प्रदूषित न हो।।इस अवसर पर केन्द्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने बताया कि फसल अवशेष हमारे खेतों के लिए भोजन का काम करते हैं। जो खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ उसमें उत्पादित उपज की गुणवत्ता को भी बढ़ाते हैं। वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन की कई मशीनें हैं जो पराली को आसानी से खेत में मिला सकते हैं तथा वेस्ट डी कंपोजर द्वारा फसल कम समय में पराली को सड़ा कर आगामी फसल बोई जा सकती है। यह मशीनें हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं मल्चर आदि है। कार्यक्रम में डॉ. निमिषा अवस्थी ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ.राजेश राय ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में गांव में एक फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमें किसानों ने फसल अवशेषों को आग न लगाने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक रामआसरे राजपूत, छुन्ना, राम शंकर, सियाराम एवं मुन्नीलाल सहित एक सैकड़ा किसान मौजूद रहे।

# इखलाक अहमद डेविड बने लखनऊ लोकसभा के कोआर्डिनेटर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में सदस्य रहे इखलाक अहमद डेविड को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लखनऊ लोकसभा का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। इखलाक अहमद डेविड ने महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी देने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का आभार व्यक्त किया। इखलाक अहमद डेविड ने कहा कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटो पर कोआर्डिनेटर नियुक्त कर दिये है जो प्रदेश में इंडिया गठबंधन के दलों के साथियों के साथ समंजस्य बनाकर 80 लोकसभा सीटो को जीतने के लिए कार्य में लग गये है लखनऊ लोकसभा के सभी बूथों पर गठबंधन के साथ संयुक्त टीमों का गठन कर उसको मज़बूत बनाने में लगेगे। राहुल गांधी के भारत जोड़ों न्याय यात्रा प्रदेश के जितने जिलों से गुज़रेगी उन जिलो में कांग्रेस अपनी ताकत दिखाकर कार्यकर्ताओं में जोश और मज़बूती प्रदान करेगी। इखलाक अहमद डेविड को लखनऊ लोकसभा के कोआर्डिनेटर नियुक्त होने पर संदीप, राजेश सिंह, नव तिवारी, आदि ने हर्ष वयक्त किया।

# दबंग महिला ने दरोगा को सरेआम पीटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में रविवार को गंगा बैराज पर देर शाम को चेकिंग के दौरान बगैर नंबर की स्कूटी की जांच पड़ताल करना चौकी इंचार्ज को भारी पड़ गया, स्कूटी सवार महिला ने दरोगा को जमकर कई थप्पड़ जड़े और भिड़ गई इतना ही नहीं अभद्रता का भी आरोप लगाया है, महिला के द्वारा की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया। रविवार को कोहना थाने की गंगा बैराज चौकी इंचार्ज पवन सिंह फोर्स के साथ चेकिंग कर रहे थे, चेकिंग के दौरान बगैर नंबर की स्कूटी सवार महिला को रोकने के दौरान वह गिर पड़ी, जिस कारण स्कूटी में आगे खड़ा महिला का बच्चा चुटहिल हो गया, इस दौरान महिला दरोगा से भिड़ गई और ताबड़तोड़ दो चार थप्पड़ जड़ दिए। और बोली थाने चल तुझे बताती हूं मेरे बच्चे को गिरा दिया इससे दरोगा दहशत में आ गया दरोगा के साथ मौजूद पुलिसकर्मी पीछे हट गए वहां मौजूद लोगों ने दरोगा का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। दरोगा ने महिला को रोकने का प्रयास किया लेकिन स्कूटी सवार महिला दरोगा से बोली थाने चल बताती हूं इसके बाद वहां से निकल गई, सूचना पर कोहना थाना प्रभारी और एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार जांच करने मौके पर पहुंचे एसीपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है अगर दरोगा तहरीर देगा तो सरकारी कार्य में बाधा मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## दबंग शोहदे को चकेरी पुलिस ने दबोचा




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बीते माह श्याम नगर के गंगानगर मे रहने वाली एक महिला ने चकेरी थाना क्षेत्र मे रहने वाले संकल्प सिंह उर्फ मन्नू ठाकुर पर छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए थे, जिस आरोपी को रविवार चकेरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का आरोप था कि भवानी नगर में रहने वाला संकल्प सिंह उर्फ मन्नू ठाकुर मौका पाकर उनकी गैर मौजूदगी मे उनके घर मे घुस गया था और पीड़िता की बेटी के साथ छेड़खानी कर रहा था। जिसका विरोध करने पर मन्नू ने पीड़िता की बेटी के साथ मारपीट की थी। पीड़िता की बेटी द्वारा फोन से वीडियो बनाने की कोशिश करने पर संकल्प सिंह उर्फ मन्नू उसका फोन छीनकर भाग गया था। पीड़िता की तहरीर पर चकेरी पुलिस ने आईपीसी की 354/392/452 जैसी गंभीर धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जल्द ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। जिसे कल चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे और उनकी टीम ने पीएसी मोड़ पर स्थित वैष्णो स्वीट हाउस के बीस कदम आगे से दबोच लिया था। पुलिस ने मन्नू के पास से पीड़िता की बेटी का लूटा हुआ मोबाईल बरामद कर लिया है और आरोपी संकल्प सिंह (मन्नू ठाकुर) को जेल भेज दिया है।

# इसौली गांव में बनने वाले पुल और सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास



**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

इसौली ग्राम सभा मे बनने वाले पुल का भूमि पूजन-शिलान्यास इसौली विधायक ताहिर खान द्वारा किया गया। आपको बता दें कि इसौली ग्राम सभा मे इसौली से चककारीभीट को जाने वाले सम्पर्क चक मार्ग पर बीच मे पड़ने वाले नाले पर एक पुल का निर्माण होना है। उक्त पुल और संपर्क मार्ग विधायक इसौली के अथक प्रयास से शासन द्वारा स्वीकृत हुआ है जिसके निर्माण हेतु धन भी आवंटित हो चुका है। पुल और सड़क को उत्तर प्रदेश सरकार के उपक्रम पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित होना है। आज उसी पुल के कार्य प्रारंभ से पूर्व इसौली विधायक ने भूमि पूजन शिलान्यास किया। उक्त शुभ अवसर पर उपस्थित पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब में विधायक द्वारा बताया गया कि पूर्व में इसौली की जनता से किये हुए बृद्धावस्था, विधवा पेंशन की राशि को बढ़वाने का जो वादा मैंने किया था उक्त के क्रम में विशेष सचिव के द्वारा आज ही पत्र जारी हो गया है मेरी कोशिश है कि पेंशन की राशि को जल्द ही 3000 करवाकर अपने क्षेत्र की जनता के चेहरे पर मुस्कान देखूंगा। विधायक ने कहा कि उक्त पुल और सड़क बन जाने से इसौली, भवानीपुर, कस्बा माफ़ियात, चककारी भीट, रसूलपुर, सदुल्लापुर, वलीपुर आदि दर्जनों गांव के लोगों को कम दूरी तय करके ही सुल्तानपुर रोड पर पहुंचना आसान हो जाएगा। उक्त कार्यदायी संस्था को निर्देश है कि सरकार की मंशानुरूप बेहतरीन गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जल्द से जल्द उक्त निर्माण कार्य को पूरा करें। उक्त शिलान्यास के कार्यक्रम में सोनबरसा प्रधान रिजवान, मोहम्मद साबिर, हाजी रहीमुद्दीन, इसौली प्रधान हरीराम, राम चन्द्र यादव, प्रदीप यादव, सिताराम, महमुदुल हसन, अब्बास अली, तुफैल, केशव राम, नवाब, अब्दुल्ला, गुलाम अब्बास, रियाज़ अहमद, शकील खान, अबरार, गुलरेज, कमाल अहमद, मुमताज़ खान, शुजात अब्बास, जव्वाद महदी आदि सैकड़ो ग्रामवासी व क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

## जॉर्ज फर्नांडीज को भी मिले भारत रत्न–ओमप्रकाश उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** 3 फ़रवरी पूर्व गृह मंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर खुशी जताई। कैंप कार्यालय पर आहूत बैठक की अध्यक्षता कर प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू उत्तर प्रदेश ओमप्रकाश उपाध्याय ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए जॉर्ज साहब को भी भारत रत्न देने की मांग किया है तथा कहा कि सिर्फ देश ही नहीं दुनिया के सभी वंचित शोषित पीड़ित आंदोलनकारी के हित में समर्पित फर्नांडीज साहब ने तत्कालीन विपरीत परिस्थितियों में भी अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में राजगा की सफल सरकार की स्थापना किया था और अच्छे ढंग से चलाया तथा कारगिल जैसे समस्या से भी विजय पाए थे। सैनिकों के हित में समर्पित जॉर्ज फर्नांडीज को सिर्फ पद्म विभूषण सम्मान देना समुचित नहीं है वह भारत रत्न के अधिकारी हैं और उसे उन्हें शीघ्र दिया जाना ही श्रेयस्कर होगा। श्री उपाध्याय ने कहा कि बिहार की तरह राजागा उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों में भी मिलजुलकर कार्य करेगा तो और बेहतर परिणाम आएगा। केंद्र में भी जदयू को समुचित स्थान देना उचित होगा ऐसी हमारी मांग और अपेक्षा है ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

### पत्नी ने तहरीर दे जताई हत्या की आशंका



**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया कि जब एक युवक का ग्रामीणों ने संदिग्ध परिस्थितियों शव पड़ा हुआ देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त करा पोटमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतक की पत्नी ने हत्या की बात कहकर थाने में तहरीर दी है। गोसाइगंज थाना क्षेत्र के गोसाई का पुरवा में सुबह शौच गए ग्रामीणों ने शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त कराई तो शव की पहचान द्वारिकागंज चौकी के महमूदपुर गांव निवासी कुलदीप कुमार 35 पुत्र राम करन के रुप में हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनो की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतक युवक की पत्नी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की रात 9 बजे किसी ने फ़ोन करके उन्हे बुलाया था। रात में वह घर नही लौटे और सुबह उनकी मौत की सूचना मिली। पत्नी ने बताया कि सिर पर गम्भीर चोट लगी है, जिससे लग रहा है उनकी हत्या की गई है। बताते चलें कि कुलदीप बचपन से ही ननिहाल में रहकर मजदूरी कर अपने 7 वर्षीय पुत्र रियांश, 5 वर्षीय पुत्र प्रियांश व पत्नी का भरण पोषण करता था। युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। गोसाईगंज थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्ट्म के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्ट्म रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

## जिला बदर अपराधी ने फोन पर दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अंदर 'योगी सरकार' का भय अपराधियों में नहीं रहा। या फिर यहां पुलिसिंग फेल है। तभी तो जिला बदर अपराधी पहले पीड़ित के पास गुर्गो को भेजकर धमकावता है फिर स्वयं फोन पर जान से मारने की धमकी दे डालता है। मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र से जुड़ा है। हालांकि पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र के कस्बा से जुड़ा है। यहां के रहने वाले शम्भू पाण्डेय को मुंह पर ढाटा बांधकर आए दो लोगों ने दुकान पर आकर धमकी दिया। वे अभी कुछ समझ पाते कि थानाक्षेत्र के ब्रह्मरौली निवासी जिला बदर अपराधी धर्मेंद्र मिश्रा ने शम्भू को फोन पर कॉल कर जान से मारने की धमकी दिया।

# जु–जित्सु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कई जनपदों की टीमों ने किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जु जित्सु संघ रायबरेली एवं जु - जित्सु संघ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में राज्य स्तरीय जु-जुत्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशांबी, लखनऊ आदि जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारंभ पवन सिरोही नेशनल रेफ़री ने किया जिला जु-जित्सु संघ रायबरेली के सचिव /पुर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया,संघ अध्यक्ष एम एल साहू जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि जु-जित्सु खेल का आयोजन जनपद में पहली बार किया गया आगे इस खेल में खिलाड़ी और बढ़ेंगे, रायबरेली जिले से स्वर्ण पदक जीतने वाले बालक वर्ग में शिवेंद्र सिंह विराट सोनी रितिक गुप्ता सूर्यांश पांडे युवराज मौर्य प्रतीक सिंह जितेन सिंह अंकुश कुमार प्रशांत सिंह रहे जबकि बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले में जानवी सिंह आराध्य शुक्ल इशिता श्रीवास्तव वैभवी केसरी अहाना त्रिपाठी पर्णिका सिंह जबकि नेवजा स्टाईल से गोल्ड मेडल पाने वालों खिलाड़ियों में अंश मौर्य पियूष कमल अभिज्ञान श्रीवास्तव नित्येंद्र प्रजापति राहुल कुमार पटेल रहे। जो भी बच्चे इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल पाए हैं आगामी नेशनल जुजुत्सु चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे प्रतियोगिता में लगभग 70 से अधिक बच्चों ने प्रतिभा किया।

## चोरी के वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** रविवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर पर दर्ज मुकदमे के वांछित अभियुक्तगढ़ 1. अर्जुन पुत्र रज्जन, 2. राजू पुत्र स्व0 गुलटन व 3. रतीपाल उर्फ पेलपाल पुत्र निरंजन समस्त निवासीगढ़ ग्राम बिबियापुर थाना कोतवाली नगर रायबरेली को 49 अदद लोहे की सरिया कई हुई (वजन करीब 32 किलोग्राम) के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिनके विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# खालीसाहट में पीली कोठी के नाम से मशहूर सैकड़ों वर्ष पुरानी जर्जर बिल्डिंग हुई धराशाई



**जन एक्सप्रेस । इम्तियाज अहमद खान**

### कोई हताहत नहीं, स्विफ्ट डिजायर व ऑटो हुई क्षतिग्रस्त

**रायबरेली।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 22 मोहल्ला खालीसाहट में उस समय हड़कंप मच गया जब रविवार की सुबह लगभग 8ः00 बजे जोरदार आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए। कुछ देर तक तो स्थानीय लोगों की समझ में ही नहीं आया की आखिर माजरा क्या है। बाद में मालूम हुआ कि मोहल्ला खालीसाहट में पीली कोठी के नाम से मशहूर सैकड़ों वर्ष पुरानी कोठी अचानक भरभरा कर गिर गई। हालांकि इससे पहले भी इस पीली कोठी का कुछ हिस्सा जर्जर होकर टूट चुका और आज सुबह आगे का लगभग पूरा हिस्सा गिर गया। गनीमत यह रही की इस वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था जिससे एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। लेकिन खालीसाहट मुख्य मार्ग पर इसके नीचे खड़ी वहीं के रहने वाले मुजीब की ऑटो पूरी तरह से छतिग्रस हो गया और एक कार जो वहीं के रहने वाले चांद की बताई जा रही वो भी इसकी चपेट में आकर छतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोठी वर्ष 1888 की बनी हुई थी जिस पर एक शिलापट्ट लगा था उसमें 1888 लिखा था। इस कोठी के सामने खालीसाहट का मुख्य मार्ग और बगल में भी मुरैयापुर जाने का रास्ता है। कुछ वर्षों पहले बगल के रास्ते पर कोठी का कुछ हिस्सा गिर चुका था हालांकि उसमें भी किसी को कोई जान का नुकसान नहीं हुआ था। रात में तेज हवा और हल्की बारिश के बाद रविवार की सुबह लगभग 8 बजे कोठी के आगे का लगभग पूरा हिस्सा भरभराकर गिर गया। जिसमें किसी को कोई नुकसान तो नहीं हुआ हां एक ऑटो और एक कार छतिग्रस्त हो गई।

## स्ट्रांग रूम से वितरित होगी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाएं

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में पहुंची उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जाएगा। जीजीआईसी स्थित स्ट्रांग रूम में कापियों को सुरक्षित रखते हुए वितरण के लिए नोडल अधिकारी के साथ तीन सहायक अध्यापक व तीन कर्मियों की तैनाती की गई है। सचिव के निर्देश पर तिथि निर्धारित करने के साथ वितरण की कोशिश तेज हो गई है। केंद्र व्यवस्थापकों को कहा गया है कि स्ट्रांग रूम से उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त कर सुरक्षित रखते हुए परीक्षा संपन्न कराएं। 22 फरवरी से प्रारंभ हो रही यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 49 हजार से अधिक पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए बनाए गए 83 परीक्षा केंद्रों पर शौचालय, प्रकाश, फर्नीचर समेत अन्य व्यवस्थाओं को समय रहते चुस्त-दुरुस्त किए जाने के निर्देश केंद्र व्यवस्थापकों को दिए गए हैं। बोर्ड परीक्षा के लिए पांच लाख 20 हजार उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता है। सादी उत्तर पुस्तिकाओं को संकलित करने के लिए गौरीगंज स्थित जीजीआईसी को संकलन केंद्र बनाया गया है।

# सीएट के 310 फर्जी ट्यूब जब्त, दुकानदार गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

नकली ट्यूब बेचने के आरोप में शनिवार को जिले की पुलिस नारायणपुर बाई पास स्थित एक टायर और ट्यूब की दुकान पर छापा मारा। नगर क्षेत्र के व्यवसायी दुकानदार जो कि सीएट ट्यूब की नकली रैपर की पैकिंग का उपयोग कर के नकली ट्यूब की सप्लाई कर रहा था जिसकी सूचना सीएट के मार्केटिंग इंस्पेक्टर को लगी तब सीएट टीम ने आकर गुप्त रूप से पता लगाया। तो मार्केटिंग इंस्पेक्टर देवेन्द्र प्रताप सिंह की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने दुकान पर छापा मारकर शनिवार को देर शाम को देवेन्द प्रताप सिंह व पीयूष कुमार व पुलिस बल के सहयोग से दुकान का नाम अजमत टायर हाउस प्रो0 का नाम अजमत पुत्र अब्दुल गफ्फर निवासी नारायणपुर बाई पास पर छापा मारा। इस दुकान से नकली पैकिंग में पैक सीएट ट्यूब के 310 पीस प्राप्त हुए नकली पैकिंग में रैफर में अन्तर, सीएट लिखावट में अन्तर पालिथीन लो क्वाल्टी की और कलर ये सब कमियां पाई गई। कम्पनी के मार्केटिंग इंस्पेक्टर देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की हमने 1 पीस नकली सीएट ट्यूब व 1 पीस ओरिजनल सीएट ट्यूब सील सर्व मोहर व नमूना मोहर बनाकर थाना कोतवाली नगर सुल्तानपुर को सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। जहां पुलिस इससे संबंधित थोक विक्रेताओ की तलाश कर रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में 09 मार्च 2024 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से सम्बन्धित मामले, राजस्व से सम्बन्धित मामले, विद्युत से सम्बन्धित मामले, जल से सम्बन्धित मामले, सर्विस में वेतन एवं भत्ते से सम्बन्धित, श्रम से सम्बन्धित, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित, पारिवारिक मामले एवं अन्य छोटे-मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है । लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है तथा मामला अन्तिम रुप से निस्तारित हो जाता है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि 09 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करायें।

# साहब हम गरीबों की भी सुनो, अन्नदाताओं की फरियाद



### आवारा पशुओं व नील गायों के आतंक से अन्नदाता हताश, रतजगा कर खेतों की रखवाली करने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

क्षेत्र में आवारा पशुओं के विचरण से किसानों को खेतों में खड़ी हरी भरी फसलों की रखवाली करने के लिए दिन रात एक करने के वावजूद फसलों को बचाना मुश्किल हो रहा है। परेशान किसानों ने आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवाने व झुंड के साथ खेतों में दौड़ते नीलगायो की व्यवस्था भी प्रशासन से मांग की है।जानकारी के अनुसार दर्जनों ग्रामो में सैकड़ों की संख्या में आवारा पशु घूम रहे हैं। यह आवारा पशुओं के झुंड किसानों के खेतों में लगी हरी भरी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। किसान दिन रात खेतों की रखवाली करने से परेशान हैं।किसानों का कहना है कि इस वर्ष गेहूं सरसों की फसल ऊपर वाले के रहमों करम से अच्छी देखी जा रही है। लेकिन विचरण कर रहे पशुओं से फसलों को बचा पाना मुश्किल लग रहा है।एक ओर सरकार द्वारा अन्ना प्रथा की रोकथाम के लिए काफी प्रयास किये जा रहे हैं।लेकिन लोग अपने पालतू पशुओं को आवारा छोड़े हुए देखे जा रहे हैं। जो किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं। किसानों ने आवारा पशुओं को छोड़ने बाले पशु पालकों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं आवारा पशुओं के विचरण को रोकने की शासन से मांग की है। गत दिवस रहमत रहमत गढ़ हुसैनपुर पूरे शुक्लन पूरे रामदीन पूरे नेवाजी के सिवानो में दर्जनों की तादाद में अन्ना जानवरों खेतों में कब्जा जमाए फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। दर्जनों की संख्या में अवारा छुट्टा जानवर फसलों को उजाड़ते देख परेशान किसानों द्वारा अन्ना जानवरों नजदीकी बाग की तरफ खदेड़ते देखा गय। हटास परेशान किसानों ने शासन प्रशासन से नीलगायो के आतंक से फसल बचाने की गुहार लगाई है।

## भाजपा नेता राहुल तिवारी ने ग्यारह हजार रुपए देकर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** कादीपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बुढ़ाना गांव में भाजपा नेता राहुल तिवारी के नेतृत्व में क्रिकेट का आयोजन किया गया था जो पिछले एक सप्ताह से चल रहा था जिसमें फाइनल मैच में अहलादेऔर गाना पुर ने मैच खेला गाना पुर कप्तान सिंटू सिंह टास जीत कर पहले गाना पुर ने बल्ले बाजी का निर्णय लिया और आठ ओवर में चार विकेट खोकर 93 रन का लक्ष्य रखा वही अहलादे की टीम ने निर्धारित 93 रनो का पीछा करते हुए टोटल 86 रन पर ही सिमट गई और 8 रन से गाना पुर की टीम से पराजित हुई फाइनल मैच में जीत हासिल की हुई ।

## यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने हेतु कांग्रेस ने ब्लॉक संवाद कार्यशाला का किया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।।** इसौली विधानसभा क्षेत्र के कस्बा इसौली में बल्दीराय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इमरान (मोनू) के नेतृत्व में 'ब्लॉक संवाद' (कार्यशाला) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनोनीत प्रभारी ने शिरकत किया। प्रभारी पवन मिश्रा कटांवा ने लोगों में उत्साह और जोश भरते हुए कहा कि हमारे देश के सबसे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी देश के मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले हैं जिसका सहर मुंबई तक है वर्तमान समय में राहुल गांधी की यात्रा बिहार पहुंची है और 14 फ़रवरी को उत्तर प्रदेश बॉर्डर के चंदौली जनपद में प्रवेश करेगी।

# जिलाधिकारी द्वारा कस्तूरबा विद्यालय और कान्हा गौशाला के औचक निरीक्षण में पकड़ी गई खामियां


- निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन दिए जाने और शिक्षा में सुधार हेतु दिया गया निर्देश
- गौशाला में हरा चारा और पशु आहार नदारद, बिना इलाज के चोटिल अवस्था में पाया गया



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

रविवार के दिन साप्ताहिक अवकाश होने के बावजूद जिलाधिकारी निशा अनंत ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व कान्हा गौशाला अमेठी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई खामियां देखने को मिलीं।जिस पर डीएम ने आवश्यक आदेश निर्देश दिया। पहले उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।यहां पर अध्यनरत बच्चों से उनकी दिनचर्या, शिक्षा तथा भोजन आदि के संबंध में जानकारी ली। निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन दिए जाने का निर्देश वार्डेन पूनम यादव को दिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने, बच्चों में क्षमता वर्धन बढ़ाने, रिमेडियल क्लास संचालित कर बच्चों में गणित व अन्य भाषाओं की पकड़ को मजबूत करने तथा विद्यालय में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त शौचालय, स्नानागार, किचन, डाइनिंग रूम, शयन कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया। एवं पूरे विद्यालय प्रांगण में बेहतर साफ सफाई कराने एवम बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने को भी कहा।इसके उपरांत उन्होंने कान्हा गौशाला अमेठी का निरीक्षण किया। यहां पर डीएम ने भूसा, हरा चारा, पशु आहार आदि के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गोवंशो हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व पशु आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कान्हा गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोबरगैस प्लांट का निरीक्षण किया जो की मौके पर बंद पाया गया। कारण पूछने पर विपुल तिवारी लिपिक नगर पंचायत अमेठी ने बताया कि लीकेज होने के कारण प्लांट बंद है।

# शिवरतनगंज पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को दिए गए सुरक्षा टिप्स



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को नारी सुरक्षा,नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा चौपाल लगाकर सुरक्षा टिप्स दिए गए।महिलाओं एवम बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन,108-एम्बुलेंस सेवा,1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन,102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से बताया गया।साथ ही जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया ।इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों द्वारा छेड़छाड़ व महिलाउत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया।एवं संदिग्धों की चेकिंग की गयी ।

# फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन से कोई न रहे वंचितः ब्रजेश पाठक

* प्रदेश के 17 जिलों में 10 फरवरी से चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान
* घर-घर जाकर अपने सामने दवा का सेवन कराये स्वास्थ्य कर्मी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिया है कि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी सुनिश्चित करें कि फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने से कोई भी वंचित न रहे। घर-घर जाकर दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को अपने सामने ही दवा का सेवन कराएँ, यदि घर पर कोई अनुपस्थित है तो दोबारा गृह भ्रमण कर दवा का सेवन कराएँ। परिवार के अनुपस्थित सदस्यों हेतु परिवार के सदस्यों को न देकर दोबारा भ्रमण करके अपने सामने खिलाएं। दवा का वितरण कदापि न करें। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 17 जिलों में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान एमडीए,आईडीए राउंड चलाया जाएगा।स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि शत-प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आशा कार्यकर्ताओं के गृह भ्रमण कर दवा सेवन कराने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों पर इसके लिए बूथ बनाये जाएँ। जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को फाइलेरिया रोधी औषधि के सेवन के लिए बूथ के रूप में चयनित किया जाए। जिन जिलों में मेडिकल कालेज स्थापित हैं, वहां पर भी बूथ संचालित किया जाए ताकि जो लोग घर पर दवा का सेवन न कर पाएं वह खुद से बूथ पर पहुंचकर दवा का सेवन कर सकें। उनका कहना है कि फाइलेरिया के लक्षण जैसे- हाइड्रोसील, हाथ-पैर व स्तन में सूजन आदि पाँच से 15 साल में दिखाई देते हैं। इसलिए हर कोई अपने को फाइलेरिया ग्रसित मानकर दवा का सेवन करें और खुद के साथ समुदाय को इस बीमारी से सुरक्षित बनाएं, इस बीमारी से बचाव का सिर्फ एक उपाय है साल में एक बार अभियान के दौरान दवा का सेवन करना। एमडीए के प्रति सामाजिक जागरूकता और दवाओं का सेवन सुनिश्चित करने के लिए सक्षम वातावरण का निर्माण करना कार्यक्रम की सफलता का मुख्य स्तम्भ है।श्री पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों जैसे पंचायती राज, ग्रामीण एवं शहरी विकास और महिला एवं बाल विकास विभाग से कहा है कि उनके सभी फ्रंटलाइन कार्यकर्ता और विभागीय अधिकारी व कर्मचारी फाइलेरिया रोगी नेटवर्क के सदस्यों के साथ घर-घर पहुंचें और 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले एमडीए अभियान के दौरान दवाओं का शत-प्रतिशत सेवन सुनिश्चित कराएँ। इस अभियान के अंतर्गत अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, हमीरपुर, जौनपुर, जालौन, लखनऊ, पीलीभीत, शाहजहांपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, उन्नाव और वाराणसी में सभी दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। अमेठी, आजमगढ़, बांदा, बाराबंकी, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, प्रयागराज, उन्नाव और वाराणसी में ट्रिपल ड्रग आइवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल का सेवन कराया जाएगा जबकि बलिया, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर और सोनभद्र में डबल ड्रग डीईसी और एल्बेंडाजोल का सेवन कराया जाएगा।बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यालयों में प्रतियोगिताएँ आयोजित कर बच्चों को फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन के बारे में जागरूक किया जाए। ग्राम विकास पंचायती राज विभाग खुली बैठक कर, डुगडुगी, एनाउंसमेंट, दीवार लेखन आदि के जरिये अभियान के बारे में प्रचार-प्रसार करें और ग्राम प्रधान स्वास्थ्य कर्मी के सामने खुद दवा का सेवन कर अभियान की शुरुआत करें। उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह प्रचार-प्रसार कर अभियान को सफल बनायें।

# आर्यकुल कॉलेज में मनाया गया कैंसर जागरूकता दिवस



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज में कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गयाढ्ढ इस अवसर पर कॉलेज में इस वर्ष की थीम देखभाल के अंतर को बंद करें हर कोई कैंसर देखभाल तक पहुंच का हकदार है पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन एवं नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लेकर लोगो में जागरूकता फ़ैलाने का प्रयास किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में महिलाओ से जुडी सर्वाइकल कैंसर व ब्रेस्ट कैंसर पे महत्त्व डालते हुए लोगो की रूढ़ीवाद सोच पर हमला करते हुए डंके की चोट पर जागरुकता फेलाने का काम किया साथ ही साथ अपना पैगाम भी समाज में पहुंचाया। इस बीमारी के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए भविष्य में आर्यकुल कॉलेज की ओर से एचपीवी टीकाकरण अभियान का अयोजन भी कराया जाएगा। इस अवसर पर आर्यकुल कॉलेज के प्रबंधक निदेशक डॉ सशक्त सिंह ने कैंसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की कैंसर एक जानलेवा बीमारी है और इसके मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। इस बिमारी की वजह से निम्न व मध्यम आय वाले वर्गीये परिवारो को आर्थिक रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हम आपको बता दे की कैंसर, किसी कोशिका के असामान्य तरीके से बढ़ने की बीमारी है जिसकी वजह से कैंसर की कोशिकाएं बढ़ती रहती हैं। यही कोशिकाएं बढ़ कर ट्यूमर का रूप ले लेती है। कैंसर दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है, जिसकी वजह से लगभग 10 मिलियन लोगों की मौत हुई। प्रत्येक वर्ष, लगभग 400,000 बच्चों में कैंसर विकसित होता है। सर्वाइकल कैंसर 23 देशों में सबसे आम है। कैंसर से जुड़ें कछ आंकड़े पे नजर डाले तो स्तन 2.26 मिलियन मामले, फेफड़े 2.21 मिलियन मामले, बृहदान्त्र और मलाशय 1.93 मिलियन मामले, प्रोस्टेट 1.41 मिलियन मामले, त्वचा गैर-मेलेनोमा 1.20 मिलियन मामले, और पेट के 1.09 मिलियन मामले देखे को मिलेढ्ढ इस अवसर पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के फार्मेसी विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, फार्मेसी विभाग के एचओडी बी.के सिंह, प्रबंध- पत्रकारिता एवं शिक्षा विभाग की उप निदेशक डॉ. अंकिता अग्रवाल, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडे, शिक्षा विभाग के प्राचार्य एस.सी.तिवारी और पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रेखा सिंह, के साथ अन्य शिक्षक गण व स्टाफ उपस्तिथ रहे।

# पप्पू डब्बू का एलाइंस है पीडीए : जेपीएस राठौर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के सहकारिता और जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा है कि सपा का माई (एमवाई) फेल हो चुका है और भाजपा का माई (एमवाई) 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत दिलाएगा। उन्होंने पीडीए को पप्पू डब्बू का एलाइंस बताया और कहा कि 2017 के विधानसभा चुनाव में इसका हश्र हर कोई देख चुका है। हरदोई संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद जेपीएस राठौर ने कहा कि भाजपा का प्रत्याशी कमल का फूल होता है। इसे प्रत्याशी मानकर चुनाव की तैयारी की जा रही है। अखिलेश यादव के पीडीए फैक्टर के आगे बीजेपी के सभी फार्मूले फेल बयान पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि सपा का फैक्टर सिर्फ एम वाई है। सपा का गणित मुस्लिम और यादव है, लेकिन भाजपा का गणित दूसरा है। भाजपा में एमवाई का मतलब मोदी और योगी है। उन्होंने यह भी कहा कि एक देश एक कानून होना चाहिए। देश की जनभावना के हिसाब से इस पर पूरे देश में निर्णय लिया जाएगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी वैचारिक विचारधारा से विचलित हो चुकी है।

### संसदीय कार्यालय का उद्घाटन किया

इससे पहले सहकारिता मंत्री ने आवास विकास कॉलोनी में लोकसभा क्षेत्र के संसदीय कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री और जिला प्रभारी शंकरलाल लोधी, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सांसद जय प्रकाश, विधायक प्रभाष कुमार, एमएलसी अशोक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### चुनाव की तैयारियों के लिए की बैठक

प्रभारी मंत्री ने गंगा नगर स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीओं को जिताने का संकल्प लिया है। सभी कार्यकर्ताओं का परिश्रम इसमें जुड़ जाएगा, तो यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया जाएगा।

### इनके लिए चलाई जा रही हैं योजनाएं

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नजर में सिर्फ चार जातियां हैं। महिला, युवा, किसान और गरीब। इन्हीं के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। बैठक में हरदोई लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी दिनेश दुबे, संयोजक प्रीतेश दीक्षित, पीके वर्मा, संदीप सिंह, अनुराग मिश्रा, ओम वर्मा, सतेंद्र राजपूत, अविनाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# 90 फीसदी मतदाताओं को हमारी रणनीति पर भरोसा बीजेपी को नहीं मिल रहे हैं कैंडिडेट : अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार लोगों से बात करने पर पता चला है कि पीडीए में विश्वास करने वालों की संख्या कुल मिलाकर 90 प्रतिशत है। 49 प्रतिशत पिछड़ों, 16 प्रतिशत दलितों और 21 प्रतिशत अल्पसंख्यकों का विश्वास पीडीए में है। इतना ही नहीं 4 प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है। इनमें से अधिकांश इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि भाजपा के पिछले सारे फार्मूले इस बार फेल हो गए हैं। इसीलिए भाजपा उम्मीदवारों के चयन में बहुत पीछे छूट गयी है। भाजपा को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटना, मां-बेटी को जलाने के कांड जैसी अनगिनत नारी अपमान की घटनाओं को लेकर भाजपा समर्थक महिलाएं भी शर्मिंदा हैं। अखिलेश ने कहा कि किसानों के बीच दोगुनी आय के झूठे वादों, पशुओं से छुटकारा दिलाने, महंगी होती कृषि की लागत के कारण भाजपा विरोधी लहर चल रही है। जीएसटी की कठिनाइयां दुकानदारों, व्यापारियों व छोटे कारखाना मालिकों को भाजपा से पहले ही दूर कर चुकी है। इस चौतरफा विरोध के माहौल में भाजपा उत्तर प्रदेश में हार मानकर बैठ चुकी है। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि पीडीए की अंगड़ाई से भाजपा मुसीबत में है।

# प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों को मिली 272 करोड़ की ग्रांट, स्कूल में जरूरत के लिए कर सकेंगे खरीद



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में बेसिक विद्यालयों के लिए शासन ने 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट जारी कर दी है। इसके तहत सभी 75 जिलों के लिए विद्यालयों के लिए 272 करोड़ जारी किए गए हैं। इससे विद्यालय अपनी मूलभूत जरूरत के सामग्री की खरीद व मरम्मत आदि के काम करा सकते हैं। साथ ही इस बजट से विद्यालयों को दिए गए टैबलेट के लिए सिम व प्लान भी लिया जाएगा। शासन ने वर्ष 2023-24 में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के लिए 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट जारी की है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को पत्र भेजकर इसे जल्द से जल्द विद्यालय प्रबंधन समिति को हस्तांतरित करने को कहा है। साथ ही वित्तीय व भौतिक प्रगति की जानकारी पीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है। इन राशि से विद्यालय अपने यहां रंगाई-पुताई, छोटी मरम्मत, लाइट, पंखा, प्रिंटर आदि की खरीद कर सकेंगे। इस राशि का प्रयोग विद्यालय की परीक्षा में कॉपियों के लिए भी किया जाता है। जानकारी के अनुसार इस बजट से विद्यालयों को दिए गए दो-दो टैबलेट के लिए सिम की खरीद में भी प्रयोग किया जा सकता है। काफी समय से शिक्षक इसकी मांग कर रहे थे। वहीं वित्तीय वर्ष के आखिर में बजट जारी होने से प्रधानाचार्य इसके समय से खर्च होने पर शंका व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि दो महीने में इस राशि को पूरा खर्च कर पाना कैसे संभव होगा। वहीं शासन मार्च में शेष 50 फीसदी राशि भी भेजेगा। अगर समय से यह राशि मिली होती तो विद्यालय के विकास में इसका बेहतर प्रयोग होता।

# इंटरनेशनल बायर-सेलर सम्मेलन हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा रविवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोग से आयोजित किए गये द्वितीय इंटरनेशनल बायर-सेलर मीट एवं प्रदर्शनी के दूसरे दिन के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा विधायक डॉ. धर्मपाल की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। सम्मेलन में विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन सहित 10 देशों के 40 से अधिक खरीददारों ने तथा प्रदेश के 500 प्रगतिशील किसानों ने सम्मेलन में भागीदारी की।इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री शाही ने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ग्लोबल समिट एवंअन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट का आयोजन किया जा रहा है।

# ईवीएम को लेकर संगठित होते विपक्ष से कैसे निपटेगी भाजपा!

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* भाजपा चुनाव आयोग की मदद से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में धांधली के बूते चुनाव जीत रही

ईवीएम हटाओ देश देश बचाओ की ज्वालंत बयार देश की राजधानी दिल्ली से निकलकर भारत के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश पहुँच चुकी है। रविवार को भले ही लखनऊ का मौसम बारिश और सर्द को अपने आगोश मे समेटे हुआ था। लेकिन राजधानी लखनऊ के इको गार्डन पार्क मे सुप्रीम कोर्ट के जाने माने वकील भानु प्रताप सिंह, किसान नेता मनीष यादव की मौजूदगी मे ईवीएम हटाओ देश बचाओ का नारा लगाते हजारों लोगो का सैलाब ठंड और बारिश मे भी दिल्ली की राजनीती मे गर्माहट का एहसास करा रहा था। खराब मौसम और बारिश के बावजूद भी लोग अपनी जगह से हिलने को तैयार नहीं थे। राजधानी लखनऊ के इको गार्डन पार्क मे लगभग डेढ़ महीने से चल रहे ईवीएम हटाओ देश बचाओ को लेकर धरना प्रदर्शन हेतु रविवार को सुप्रीम कोर्ट के वकील भानु प्रताप सिंह, पोर्चा, किसान नेता मनीष यादव आदि नेताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर सत्ताधारी दल भाजपा के सामने एक मजबूत लकीर खींचने का प्रयास किया। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह ने कहा सत्ताधारी पार्टी भाजपा चुनाव आयोग की मदद से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मे धांधली के बल बूते चुनाव जीत रही है। लोगों का ऐसा मानना है कि ईवीएम हटाओ देश बचाओ आंदोलन को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, व अन्य राजनीतिक पार्टियों तथा किसान संगठनों का साथ जिस मजबूती से आंदोलन को मिल रहा है, उससे भरोसा कायम हो रहा 2024 का चुनाव ईवीएम से न होकर बैलेट पेपर से कराना चुनाव आयोग की मजबूरी होगी। विभिन्न दलों व संगठनों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के बीच अब देखने वाली बात यह होगी कि चुनाव आयोग और भाजपा किस प्रकार ईवीएम मे धांधली के आरोपों से अपना बचाव करता है।

# वर्णभेद एवं वर्गभेद के कट्टरविरोधी थे सरदार पटेल : रमेश बैस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच के तत्वावधान में आज रविवार को राष्ट्रीय बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सम्मेलन का उदघाटन महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने किया समारोह में मुख्य अतिथि के रूप पहुँचे महाराष्ट्र के गवर्नर रमेश बैस ने कहा की यह मंच 2018 से सामाजिक समरसता बनाने में सतत प्रत्यनशील है एवं सरदार पटेल की विचारधारा को आधार बनाकर कार्य कर रहा है।

# डॉ. जगदीश गांधी की 'स्मृति प्रार्थना सभा' में भारी संख्या में पहुँचे बुद्धिजीवी

* हजारों लोगों ने डा. जगदीश गाँधी के जीवन दर्शन से प्रेरणा ग्रहण की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् स्वर्गीय डा. जगदीश गाँधी की 'स्मृति प्रार्थना सभा' में उमड़े भारी जनसैलाब ने आज शिक्षा जगत के महानायक डा. जगदीश गाँधी को न सिर्फ बड़ी शिद्दत से याद किया अपितु उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा भी ग्रहण की। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित इस प्रार्थना सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, की ओर से पधारे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद कुमार नंदी, लखनऊ की मेयर श्रीमती सुषमा खरकवाल, माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, डा. आर.ए. उस्मानी, पूर्व मंत्री, उ.प्र., श्रीमती संयुक्ता भाटिया, पूर्व मेयर, लखनऊ, न्यायमूर्ति विष्णु सहाय, प्रदीप शुक्ला, आई.ए.एस., श्रीमती आराधना शुक्ला, आई.ए.एस., जितेन्द्र कुमार, आई.ए.एस., संजय प्रसाद, आई.ए.एस., मुकेश मेश्राम, आई.ए.एस., पद्मश्री सुश्री विद्या विंदु सिंह समेत बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, न्यायमूर्ति, अधिवक्ता, धर्मगुरू, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी व भारी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए और पवित्र आत्मा को श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए सामूहिक प्रार्थना की। सी.एम.एस. कानपुर रोड का सम्पूर्ण परिसर आज डा. जगदीश गाँधी की स्मृतियों व उनके प्रेरक विचारों से भावविभोर रहा।

जहाँ-तहाँ लोग डा. जगदीश गाँधी के मार्गदर्शन में शिक्षा जगत में नवनिर्माण की अनूठी क्रान्ति, सामाजिक उत्थान में उनके योगदान एवं भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में रचनात्मक भूमिका की चर्चा करते नजर आये। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री अनिल राजभर ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का संदेश पढ़ा।




मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि समाजहित में बहुआयामी योगदान हेतु डा. जगदीश गाँधी सदैव स्मरण किये जायेंगे। डा. जगदीश गाँधी के मार्गदर्शन में सी.एम.एस. न केवल उत्तर प्रदेश अपितु पूरे देश में शिक्षा जगत के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण बन चुका है। रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि डा. गाँधी ने भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके न रहने से शिक्षा जगत में अपूर्णीय क्षति हुई है। उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डा. गाँधी ने हमें एक बीज से बड़ा वृक्ष बनना सिखाया। उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम पहली बार बिना डा. गाँधी के यहाँ आये हैं। मैं ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करता हूँ। इसी प्रकार, कई अन्य वक्ताओं ने डा. गाँधी से जुड़े अपने संस्मरण बताये। स्मृति प्रार्थना सभा' का शुभारम्भ हवन-पूजन से हुआ। इस अवसर पर विभिन्न धर्मावलम्बियों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सम्पन्न हुई, जिसमें हिन्दू धर्म से पंडित हरि प्रसाद मिश्रा, इस्लाम धर्म से मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, सिख धर्म से राजेन्द्र सिंह बग्गा, ईसाई धर्म से फादर डॉनल्ड दिसूज़ा, जैन धर्म से शैलेन्द्र जैन, बौध धर्म से भंते शील राजन, बहाई धर्म से सुश्री सोनू मोहाजर एवं ब्रह्माकुमारीज से सुश्री राधा बहन शामिल हुई। इस अवसर पर सी.एम.एस. के संगीत शिक्षकों ने डा. जगदीश गाँधी के प्रिय गीतों व भजनों एवं सी.एम.एस. छात्रों ने 'एबाइड विद मी' एवं 'अमेज़िंग ग्रेस' की बैण्ड प्रस्तुति से उन्हें भावभीनी श्रद्धान्जलि दी। इस अवसर पर डा. जगदीश गाँधी की पत्नी एवं सी.एम.एस. की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने डा. जगदीश गाँधी की पवित्र आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हुए कहा कि गाँधी जी सादगी एवं उच्च विचारों की प्रतिमूर्ति थे। उनका सम्पूर्ण जीवन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित रहा। गाँधी जी सदैव हम सबके हृदयों में रहेंगे और उनके विचार हमें निरन्तर प्रेरित करते रहेंगे। डा. जगदीश गाँधी की पुत्री डा. सुनीता गाँधी ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे पिता एक महान शिक्षक व नैतिकता के पुजारी थे। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन, पुत्र विनय गाँधी एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने भी प्रार्थना की। सी.एम.एस. के जनरल सेक्रेटरी रतन चंद गुप्ता ने भी अपनी श्रद्धान्जलि अर्पित की।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# लाल कृष्ण अडवाणी ने बदला भारत की राजनीति का कलेवर

**उनके ब्लॉग बहुत लोकप्रिय रहे और उनकी आत्मकथा ने रेकार्ड तोड़ बिक्री की थी। उनके साथ मेरा पहला साक्षात्कार 1979 में पाञ्चजन्य के लिए किया था- और अनेकानेक साक्षात्कारों का संग्रह दिल्ली की प्रकाशक किताबघर ने छापा है। वे बहुत भावुक हैं और जरा सी भावनाप्रधान बात पर उनकी आंखे नम हो जाती हैं। उन्होंने कभी अपने बच्चों को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया। उनकी बेटी प्रतिभा में उनके प्राण हैं और उनकी सहधर्मिणी आदरणीय कमला जी अडवाणी जी को अपना राम मानती थीं।**

*लाल कृष्ण अडवाणी को भारत रत्न मिलना वास्तव में सम्मान का ही सम्मान है, दो से शिखर तक ले जाने वाले भाजपा के राम भक्त सेनानी नेता अडवाणी ने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को स्थापित किया जब उसके बारे में कहा जाता था की यह तो एके हंगल जैसे साइड करैक्टर की तरह हो सकती है मुख्य धारा में तो कांग्रेस और सेकुलर दल रहेंगे। अडवाणी उस समय देश के सार्वजनिक संवाद की दिशा और धारा बदलने में सफल हुए जब हिन्दुओं पर हमला बोलना, उनकी आस्था की आलोचना करना ही सेक्युलर वाद समझा जाता था। किसी ने उनसे पहले छद्म सेक्युलर वाद की चर्चा प्रारम्भ करने का साहस नहीं दिखाया था। उन्होंने विश्वास पैदा किया कि हिंदुत्व पर आधारित राजनीतिक दल देश में सबके साथ समन्वा कर सकती है- जब उनके नाम के लिए प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी स्वाभाविक मानी जाती थी उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अटल जी को प्रधानमंत्री पद हेतु घोषित कर सबको अचंभित कर दिया था। उनके जीवन की सबसे बड़ी यात्रा सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा रही जिसमें मैं उनके साथ रथ में श्री नरेंद्र मोदी जीके साथ बराबर बना रहा। जहाँ उनकी रथ यात्रा के पहुँचने का समय रात्रि नौ बजे होता था, मार्ग में अत्यधिक उत्साह और भीड़ के कारण इतनी देरी होती थी कि हम रात्रि 1-2 बजे पहुँच पाते थे, फिर भी हज़ारों लोग उनको सुनने के लिए टिके रहते थे। उनकी रथ की पूजा होती थी, उनके टोयोटा रथ के टायरों की पूजा होती थी, उनको हिन्दू पुनर्जागरण का अग्रदूत माना जाता था। अडवाणी जी सहृदय और सदैव कार्यकर्ताओं के स्नेही रहे। जब जब नरेंद्र भाई मोदी के लिए संगठन में संकट आया उन्होंने अटलजी से आग्रहपूर्वक उनका साथ दिया.. नरेंद्र भाई ने भी अडवाणी जी के प्रति अपना आदर भाव सदैव बनाये रखा। उन के साथ लम्बे समय तक अंतरंग कार्य करते हुए उनके शालीन, शांत, कभी न उग्र होने वाले स्वाभा से मैं सुपरिचित हूँ। उन्होंने सिंधु दर्शन कार्यक्रम के लिए पूरा सहयोग और आशीर्वाद दिया जिससे लड़काः की रक्षा हो सकी और वहां के आर्थिक विकास के लिए असाधारण सहा यता मिली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान स्वयंसेवक हैं। उन्होंने भारत रत्न की स्वीकारोक्ति का जो वक्तव्य दिया है उसमें परम पूज्य श्री गुरूजी के उस वाक्य का उद्धरण दिया है जिसमें इदं न मम इदं राष्ट्राय स्वाहा कह कर सब कुछ राष्ट्रार्पित करने की बात कही गयी थी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के प्रति उनकी अनन्य भक्ति इतनी है कि उनको एकात्म मानववाद का व्याख्याता भी कहा गया। आर्गेनाइज़र साप्ताहिक में फ़िल्म समीक्षक तथा जब उसके संपादक श्री के आर मलकानी अमरीका यात्रा पर गए तो उसका कार्यभार सँभालने वाले अडवाणी जी की फिल्मों में रूचि जगत प्रसिद्ध है। हर अच्छी फिल्म का उनके द्वारा अक्सर दिल्ली के महादेव रोड फिल्म सभागार में प्रदर्शन होता ही था। उनके साथ मुझे कई फिल्में देखने का अवसर मिला। जब वे देहरादून आये तो मेरी माताजी से मिलने हमारे एक अत्यंत तंग गली के, मकान में आये थे तो पूरे नगर में आश्चर्य हुआ सुरक्षा कर्मी बेहद परेशान भी हुए। उसी रात्रि हम सब देहरादून के एक थियटर में फिल्म देखने गए। उनके जीवन में बहुत दुख वेदनाएँ आयीं। कई अत्यंत कष्टकारी प्रकरण बने, जिन्होंने उनको बहुत व्यथित किया। पर कभी अपने दुःख, वेदना को उन्होंने व्यक्त नहीं किया। अडवाणी जी शाकाहारी हैं, नियम के पक्के, बहुत सीमित और काम खाने वाले। उनको चोकोलेट पसंद है और नवीन पुस्तकों का उनके पास भंडार रहता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**नतीजा यह हुआ कि उन्मादी भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ की। घंटों यह हिंसक उन्माद चला। कर्नाटक में हिंदी का भी सियासत के नाम पर अकारण विरोध होने लगा है। वहां पर कुछ समय पहले हिंदी का विरोध करते हुए बेंगलुरु मेट्रो के दो स्टेशनों पर हिंदी में लिखे गए नामों पर कालिख पोती गई थीं। यह काम कर्नाटक रक्षणा वेदिके (केआरवी) नामक संगठन ने किया था। केआरवी ने ही बेंगलुरु मेट्रो से उसके सभी स्टेशनों से हिंदी साइन बोर्ड को हटा देने की मांग की थी। संगठन ने हिंदी की घोषणाओं को भी बंद कर देने की मांग रखी थी। अपनी मांग के समर्थन में उसका तर्क था कि केरल और महाराष्ट्र की मेट्रो ट्रेनों में हिंदी भाषा का इस्तेमाल नहीं होता।**

# देश को तोड़ने की मांग करने वाले कौन



आर.के. सिन्हा

**कर्नाटक में हिंदी का विरोध तब सही माना जा सकता था यदि वहां कन्नड़ की अनदेखी हो रही होती। कर्नाटक में कन्नड़ भाषा के साथ भेदभाव तो हो नहीं रहा है। दरअसल राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हिंदी विरोध का प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन करके कन्नड़-भाषियों की पहचान की लड़ाई को हवा देने का खतरनाक खेल खेलते रहे हैं।**

निस्संदेह बजट प्रस्तावों की तीखी आलोचना करने में कोई बुराई भी नहीं है। आप देश के सामान्य नागरिक हों या फिर सांसद,आपको केन्द्रीय बजट पर अपनी बेबाक राय रखने का पूरा हक है। पर इस बात को देश का कोई नागरिक कैसे स्वीकार कर सकता है कि कोई इंसान सिर्फ इसलिए ही अलग देश बनाने की मांग करने लगे , क्योंकि उसे बजट प्रस्ताव पसंद नहीं आए। यह पूर्णतः अस्वीकार्य है। कांग्रेस सांसद डी. के. सुरेश ने यही किया। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर सुरेश ने दक्षिण भारत के लिए 'अलग देश' बनाने की ही मांग कर डाली। धिक्कार है ऐसे सांसद का! अपमान है भारतीय संविधान का जिसकी शपथ लेकर वे चुने गये और पुनः संसद में वही शपथ लेकर बैठे। उन्होंने कहा है कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे 'अन्याय' को ठीक नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। लेकिन , उन्होंने यह बताने से परहेज़ किया कि अन्याय क्या हो रहा है? केंद्रीय करों से एकत्रित राशि के बँटवारे का एक सर्वसम्मति से तैयार एक नियम होता है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं और उसी तय नियम के अनुसार करों से प्राप्त धनराशि का बँटवारा होता है। शायद, कांग्रेस के विद्वान सांसद को यह जानकारी नहीं होगी। यह बेहद गंभीर मामला है। भारत को फिर से तोड़ने के बारे में कोई सोचने का भी दुस्साहस भी कैसे कर सकता है। सुरेश बजट प्रस्तावों की जितनी चाहते आलोचना कर सकते थे। उसे सुना जाता। उस पर एक्शन भी लिया जाता यदि उनकी मांगें वाजिब होती। पर वे तो सीमाएं ही लांघ गए। वे कह रहे हैं कि भारत के दक्षिणी राज्यों से एकत्रित टैक्स की धनराशि को उत्तर भारत में वितरित किया जा रहा है और दक्षिण भारत को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। कायदे से कांग्रेस आला कमान को सुरेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी, पर यह नहीं हुआ। कांग्रेस का इतिहास 'फूट डालो और राज करो' का सदा से ही रहा है। उनके सांसद फिर वही चाल चल रहे हैं। वो उत्तर और दक्षिण को बांटना चाहते हैं। आपको याद होगा कि असम और तमाम पूर्वोत्तर प्रदेशों को देश से तोड़कर अलग करने का आहवान जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के छात्र शरजील इमाम ने भी किया था। वह तब से जेल में बंद है। देश जान ले कि यहां शरजील इमाम जैसे कई और भी तत्व पाए जाते हैं। ये सब के सब आस्तीन के सांप हैं। देश को तोड़ने की चाहत रखने वालों के खिलाफ पूरे देश को कमर कस कर लामबंद होना होगा और इन आस्तीन के सांपों को पकड़ -पकड़ कर पूरी तरह से कुचलना होगा। अखंड भारत की अवधारणा को चरम पर पहुंचाने वाले सम्राट चंद्रगुप्त और अशोक की धरती बिहार की किस्मत में अब कैसे-कैसे गद्दार पलने लगे हैं। शरजील इमाम पटना पास के ही जहानाबाद का ही रहनेवाला है। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और राष्ट्रकवि दिनकर की धरती शरजील इमाम जैसे गद्दारों को कैसे जन्म देने लगी? शरजील इमाम जैसे देश द्रोहियों के कारण महात्मा गांधी की आत्मा भी दुखी अवश्य होगी। करमचन्द गांधी को महात्मा गांधी बिहार की धरती चंपारण आंदोलन से ही बनाया था। खैर, देश को कांग्रेस सांसद सुरेश से यह पूछने का हक है कि उन्होंने भारत को बांटने संबंधी बयान क्यों दिया? सुरेश कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई हैं। वह कर्नाटक की बेंगलुरु ग्रामीण सीट से सांसद हैं। कर्नाटक से वही कांग्रेस के इकलौते सांसद हैं। उनके जैसे गैर-जिम्मेदार नेताओं के कारण ही कर्नाटक जैसे प्रगतिशील राज्य में समय-समय पर भारत विरोधी ताकतें सक्रिय होने लगती हैं। आपको याद होगा कि भारत की आईटी राजधानी बेंगलुरु में 2020 में एक छोटी सी बात को लेकर बहुत बड़ी सांप्रदायिक हिंसा की घटना हो गई थी। सबसे अहम बात यह है कि सारी दुनिया में उस हिंसा को लेकर बेहद गलत संदेश गया। बेगलुरू जैसे आधुनिक महानगर में उपद्रवियों ने जगह-जगह गाड़ियों को आग लगाई थी और एटीएम तक में तोड़फोड़ की थी। दरअसल बेंगलुरु में एक विधायक के एक कथित रिश्तेदार ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ अपमानजनक पोस्ट किया था, जिसकी प्रतिक्रिया में ही सुनियोजित हिंसा हुई थी। बैंगलुरू की उस घटना से साफ हो गया था कि देश में धार्मिक कठमुल्लापन ने बहुत गंभीर रूप ले लिया है। अपने को कट्टर मुसलमान कहने वाले बात-बात पर सड़कों पर उतरने को तैयार रहते हैं। ये अपने मजहब के नाम पर कट्टरता फैला रहे हैं। इससे जाहिलपन बढ़ता जा रहा है। बैंगलुरू में कठमुल्लों ने ईश निंदा के नाम पर गरीब बस्तियों में मुसलमानों को उकसाया-भड़काया। नतीजा यह हुआ कि उन्मादी भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ की। घंटों यह हिंसक उन्माद चला। कर्नाटक में हिंदी का भी सियासत के नाम पर अकारण विरोध होने लगा है। वहां पर कुछ समय पहले हिंदी का विरोध करते हुए बेंगलुरु मेट्रो के दो स्टेशनों पर हिंदी में लिखे गए नामों पर कालिख पोती गई थीं। यह काम कर्नाटक रक्षणा वेदिके (केआरवी) नामक संगठन ने किया था। केआरवी ने ही बेंगलुरु मेट्रो से उसके सभी स्टेशनों से हिंदी साइन बोर्ड को हटा देने की मांग की थी। संगठन ने हिंदी की घोषणाओं को भी बंद कर देने की मांग रखी थी। अपनी मांग के समर्थन में उसका तर्क था कि केरल और महाराष्ट्र की मेट्रो ट्रेनों में हिंदी भाषा का इस्तेमाल नहीं होता तो बेंगलुरु मेट्रो ऐसा क्यों कर रहा है। उसकी इस मांग का कर्नाटक के कुछ राजनीतिक दल भी समर्थन कर रहे थे। बेंगलुरु मेट्रो केंद्र और कर्नाटक सरकार की संयुक्त परियोजना है। इसके चलते उस पर केंद्र सरकार का 'त्रिभाषा सूत्र' अपने आप लागू हो जाता है।



**देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और राष्ट्रकवि दिनकर की धरती शरजील इमाम जैसे गद्दारों को कैसे जन्म देने लगी? शरजील इमाम जैसे देश द्रोहियों के कारण महात्मा गांधी की आत्मा भी दुखी अवश्य होगी। करमचन्द गांधी को महात्मा गांधी बिहार की धरती चंपारण आंदोलन से ही बनाया था।**

## एक्सप्रेस कविता

*वह दूसरों की खुशहाली से परेशान है,*
*दुनिया की चमक धमक से हैरान है।*
*खुद ने कभी ईमान का पसीना बहाया नहीं,*
*बिना श्रम के कोई नहीं बना धनवान है।*
*धन की लिप्सा चाहत किसे नहीं होती,*
*बनना पहले हमें, अच्छा इंसान है।*

*जग की रीत जिसने खोया उसी ने पाया है,*
*यही धरती पर ही दीन और ईमान है।*
*दूसरों की शान शौकत देख यह न सोचो,*
*उसका भाग्य सदैव कितना बलवान है।*
*जो जग में चमकता सितारा दिखता है,*
*सफलता के पीछे लुटा दी दिलों-जान है।*
*आकाश में बह रहीं बहुत गर्म हवाएं हैं,*
*दुआ है अमन से रहे, हमारा सारा जहान है।*

*-संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

**इंसान सफल तब होता है, जब वो दुनिया को नहीं बल्कि खुद को बदलना शुरू कर देता है।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 17:18 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 07:47 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | ध्रुव, 10:44 |
| सूर्योदयः | 07:11 |
| सूर्यास्तः | 17:58 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 08:52-09:53 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:13-12:56 |

# जन एक्सप्रेस

### नाम का ऐलान !

*हो रहा है रोज रोज ।*
*नाम का ऐलान ।।*
*अपने अपने क्षेत्र के ।*
*हैं सब ही महान ।।*
*कोई ग़म में डूब रहा ।*
*रहा है कोई झूम ।।*
*हक़ किसी का छिन लिए ।*
*रहे किसी को चूम ।।*
*लगा रहता तांता ।*
*आता जब चुनाव ।।*
*मिल जाता है उसको भी ।*
*मिला जिसे न भाव ।।*
*होता है फिर आगे ।*
*धीरे से प्रहार ।।*
*बोलने सब लगते ।*
*हम ही असरदार ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आंखों से जुड़ी कई समस्याओं का कारण बन सकता है मैक्यूलर

**धूल** और प्रदूषण की वजह से आंखों पर दबाव पड़ता है। इसकी वजह से लोगों को देखने में परेशानी हो लगती है। ऑफिस में घंटों कंप्यूटर व लैपटॉप के सामने बैठने व बच्चों के द्वारा मोबाइल देखने के बुरे प्रभाव आंखों पर पड़ते हैं। आंखों से जुड़ी समस्या को मैक्यूलर डीजनरेशन कहा जाता है। इसमें व्यक्ति की आंखें से धुंधला दिखाई देता है। यह समस्या मुख्य रूप से बढ़ती उम्र के साथ देखने को मिलती है। इसमें रोगी को सामने रखी वस्तु या चीजें साफ रूप से दिखाई नहीं देती है।



**मैक्यूलर डीजनरेशन क्या है?:** मैक्यूलर डीजनरेशन एक नेत्र रोग है जो केंद्रीय दृष्टि को प्रभावित करता है। इसका मतलब यह है कि मैक्यूलर डिजनरेशन से पीड़ित लोग अपने सामने की चीजों को सीधे नहीं देख सकते हैं। उम्र से संबंधित यह आम स्थिति है, जो ज्यादातर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में होती है। मैक्यूलर डिजनरेशन आपके मैक्युला यानी आंखों के रेटिना के मध्य भाग को प्रभावित करता है। आंखों में रेटिना पीछे की ओर होता है। यह केंद्रिय दृष्टि को नियंत्रित करती है। मैक्यूलर डिजनरेशन से पीड़ित लोगों को पूरी तरह से दिखना बंद नहीं होता है।

**आयु का अधिक होनाः** मैक्यूलर डीजनरेशन का एक प्रमुख कारण अधिक आयु मानी जाती है। जैसे-जैसे व्यक्तियों की उम्र बढ़ती है, उनमें इस स्थिति के होने का जोखिम काफी बढ़ जाता है। मैक्यूलर डीजनरेशन अक्सर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़ा होता है, और 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में इसकी शुरुआत होने की संभावना अधिक होती है।

**आनुवंशिक कारणः** यदि किसी के परिवार में पहले किसी को मैक्यूलर डीजनरेशन की समस्या है तो इससे यह रोग व्यक्ति को हो सकता है। इसके कारणों में आनुवांशिक को भी शामिल किया जा सकता है। इसे समझने के लिए व्यक्ति की फैमिली की मेडिकल हिस्ट्री को समझने की आवश्यकता हो सकती है।

**धूम्रपान से खतरा बढ़नाः** मैक्यूलर डीजनरेशन के जोखिम कारक में आप धूम्रपान को भी शामिल कर सकते हैं। धूम्रपान के हानिकारक प्रभाव लंग्स और आंखों पर हो सकते हैं। सिगरेट के धुएं में मौजूद जहरीले पदार्थ आंखों की रक्त वाहिकाओं (ब्लड वैसल) को नुकसान पहुंच सकतो हैं।

**दिखाई देने में समस्याः** इसमें व्यक्ति को सीधी रेखाएं लहरदार दिखाई दे सकती हैं, और सेंटर में रखी चीजें धुंधली दिखाई दे रही हैं। यह समस्या पढ़ने, गाड़ी चलाने या चेहरों को पहचानने जैसी रोजाना के कार्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।


**सेंट्रल ब्लाइंड स्पॉटः** मैक्यूलर डीजनरेशन वाले मरीजों को अक्सर एक निश्चित स्थान की चीजें दिखाई नहीं देती है। इसे स्कोटोमा के रूप में भी जाना जाता है। यह ब्लाइंट स्पॉट समय के साथ बड़ा हो सकता है, जिससे मैक्यूलर डीजनरेशन गंभीर हो सकता है।

**रंगों को पहचान न पानाः** इस दौरान रोगी को रंग के बीच अंतर करने में परेशानी हो सकती है। जबकि कई बार रंग की सही पहचान भी नहीं की जा सकती है।

**चेहरे पहचानने में मुश्किल होनाः** मैक्यूलर डिजनरेशन में व्यक्ति को सैंट्रल की चीजे दिखाई नहीं देती है। ऐसे में रोगी को लोगों के चेहरे पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसका सामाजिक संपर्क और रोजाना के कार्य पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। वेट मैक्यूलर डीजनरेशन एक गंभीर आंख की स्थिति है जो अपरिवर्तनीय दृष्टि हानि का कारण बनने की क्षमता के कारण ध्यान देने की मांग करती है। शीघ्र पता लगाने और हस्तक्षेप के लिए कारणों को समझना और लक्षणों को पहचानना महत्वपूर्ण है।

## एक्सप्रेस विशेष

# डीके सुरेश की भारत तोड़ने की धमकी पर कांग्रेस देश से मांगे माफी



हृदयनारायण दीक्षित

**राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है लेकिन राष्ट्रीय एकता अखण्डता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है।**

**कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डीएमके के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं।**

**राहुल** गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था। लेकिन उनकी पार्टी के ही बेंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डीके सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निन्दा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है। लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता। भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखण्ड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' है। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शान्ति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखण्ड श्रद्धा है। भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर दक्षिण या पूरब पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने सम्पूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ÷पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम् कहेंगे।÷ भारती दक्षिण के थे। पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वन्दे मातरम् है। भारती की कविताओं में सप्तसिन्धु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है। भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है। लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, ÷ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे।÷ भारती लिखते हैं, ÷मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।÷ विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के। लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चारधामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारम्भिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं। देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं।

# राजापुर रेलवे क्रॉसिंग एवं राजापुर चौराहे पर फ्लाई ओवर का हुआ लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





लखीमपुर खीरी। एल0आर0पी0 चौराहा पर फ्लाई ओवर एवं राजापुर रेलवे क्रासिंग एवं राजापुर चौराहे पर फ्लाई ओवर कम आर0ओ0बी0 के निर्माण कार्य का लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग नितिन गडकरी के द्वारा वर्चुअल केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। उक्त एल0आर0पी0 चौराहा पर फ्लाई ओवर एवं राजापुर रेलवे क्रासिंग एवं राजापुर चौराहे पर फ्लाई ओवर कम आर0ओ0बी0 का निर्माण कार्य लागत धनराशि रू0 297.70 करोड़ से किया गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अजय मिश्र 'टेनी' केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि वास्तव में किसी भी शहर किसी भी गांव और किसी भी देश विकास के किस स्तर पर खड़ा है इसकी पहचान किसी भी आने वाले व्यक्ति को सबसे पहले उस क्षेत्र में सड़के कैसी है इससे होती है और हम विश्व स्तर पर बात करते है तो बहुत सारे जो मानक होते है जिनके आधार पर किसी विकसित राष्ट्र की पहचान होती है उसमें भी सड़कों का भी काफी महत्वपूर्ण स्थान होता है। 2014 से पहले जो सड़कों की स्थितियां थी आप सबसे छुपी नहीं हुई है। लखनऊ से लखीमपुर जब लोग आते थे तब उनका स्थाई रूकना सिधौली में जरूर होता था क्योंकि सड़कें इतनी ज्यादा जर्जर थी कि लोगों को बीच में रूकना ही पड़ता था। पहले जब जनपद लखीमपुर में यह ओवरब्रिज नहीं बने थे तो राजापुर से लालपुर बैरियर जाने में 45 मिनट लग जाते थे अब यह ओवरब्रिज बन जाने के बाद केवल पांच मिनट लगते है। अब हर व्यक्ति का 40 मिनट तक बच जाता है जो राजापुर से लालपुर बैरियर तक जाता है। यह एक छोटा सा उदाहरण है यह सामान्य बात नहीं है 2014 से पहले हमारे 1 लाख से अधिक गांव ऐसे थे जो पक्की सड़कों से जुड़े हुए नहीं थे गांवों के जो रास्ते होते थे वह कीचड़ से भरे, पानी से भरे, नालियां न होने के कारण जलभराव लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। हमारी सरकार ने 2014 के बाद प्रत्येक सड़क चाहे वह गांव की हो या गांवों को जोड़ने वाली सड़क हो या शहर की सड़क हो चाहे वह स्टेट हाइवे हो या नेशनल हाइवे हो प्रत्येक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सड़कों के निर्माण का कार्य जहां हमारी सरकार ने किया है।

सभी को पक्का करने का काम हमारी सरकार ने किया है। प्रत्येक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जहां सड़कों के निर्माण का कार्य किया है वहीं लोगों का समय बच सके उस दृष्टि से ओवरब्रिजों का निर्माण किया गया है। केन्द्रीय मंत्री सड़क एवं परिवहन नितिन गडकरी ने जनपद लखीमपुर-खीरी के विकास हेतु अपने वर्चुअल सम्बोधन में राष्ट्रीय मार्ग संख्या-730 के गोला बाईपास पटेल चौराहा पर उपरगामी सेतु (फ्लाईओवर) का निर्माण कार्य लम्बाई 1200 मीटर एवं अनुमानित लागत रू0 50 करोड़, राष्ट्रीय मार्ग संख्या-730 के शारदा नदी (ऐरा पुल) के समानान्तर 2 लेन पुल का निर्माण कार्य लम्बाई-581 मीटर अनुमानित लागत रू0 80 करोड़ एवं राष्ट्रीय मार्ग संख्या-730 के घाघरा नदी पुल के समानान्तर 2 लेन पुल का निर्माण कार्य लम्बाई 840 मीटर अनुमानित लागत रू0 110 करोड़ के कार्यों को कराने की घोषणा की है। उक्त कार्यक्रम को जितिन प्रसाद मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा भी वर्चुअल सम्बोधित किया गया।इस कार्यक्रम में योगेश वर्मा विधायक सदर, मंजू त्यागी विधायक श्रीनगर, सुनील सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा लखीमपुर, विनीत मनार खीरी लोकसभा संयोजक/अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, अरविन्द गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र त्रिपाठी 'जीतू' एड0, मुन्ना लाल अवस्थी सांसद प्रतिनिधि, सांसद प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, नरेन्द्र सिंह प्रतिनिधि अध्यक्ष जिला पंचायत, अवधेश सिंह अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, विनोद मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, कुलभूषण सिंह,अशोक अवस्थी मण्डल अध्यक्ष खीरी, संदीप मौर्या मण्डल अध्यक्ष नकहा, दीपक मिश्रा, सतीश चौधरी, अनुज शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बाल प्रतिभाओं को सजाना एवं संवारना राष्ट्रीय कार्य : एडीएम

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी



**पलिया कलां खीरी।** प्रतिभा फाउंडेशन-उ0प्र के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा अलंकरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 4 फरवरी दिन रविवार को समय दोपहर 12 बजे से पलिया नगर के शेर सिंह चौराहा स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर काफी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजयी प्रतिभागियों व सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों आदि को अतिथिगणों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया व संचालन प्रतिभा फाउंडेशन महासचिव कृष्णावतार सिंह भाटी व सचिव अमित महाजन ने किया। समारोह का प्रारंभ अतिथिगणों द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि बाल प्रतिभाओं को सजाना एवम संवारना राष्ट्रीय कार्य है,मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि पलिया जैसी जगह पर प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से प्रतिभा फाउंडेशन विगत 24 वर्षों से निरन्तर विभिन्न प्रकार की शैक्षिक,मानसिक व शारीरिक विकास हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन करती आ रही है जो वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से रूबरू होकर उनसे अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिये और अधिक मेहनत करने पर भी जोर दिया। विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने कहा कि प्रतिभाएं देश के विकास की आधारशिला होती है, जनशिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक राजकुमार सिंह ने कहा कि बाल प्रतिभाओं को शैक्षिक परिवेश के साथ साथ संस्कारो की शिक्षा मिलना भी अति आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि चेयरमैन केबी गुप्ता ने कहा कि आज भारत देश की प्रतिभाओं ने न केवल अपने देश मे बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी अजेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि प्रतिभाओं को अगर सही प्लेटफार्म मिलता है तो कोई भी कठिनाई उनके मार्ग को रोक नही सकती है। बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड शुगर मिल के यूनिट हेड उदय प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों से अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिये और अधिक मेहनत करने पर भी जोर दिया। प्रतिभा फाउंडेशन के महासचिव कृष्णावतार सिंह भाटी ने कहा कि प्रतिभाएं पहचान की मोहताज नही होती है। आज के भौतिकवादी युग में देश की प्रतिभाएं संस्कारित व उच्च शिक्षित होकर देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय पटल पर आलोकित करने का कार्य कर रही है।सभी आए हुए अतिथिगणों का आभार अध्यक्ष सलिल अग्रवाल ने किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभा फाउंडेशन के पदाधिकारियों अध्यक्ष सलिल अग्रवाल, महासचिव कृष्ण अवतार भाटी, कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह गहोनिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरशरण सिंह नागी, उपाध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष जफर अहमद टीटू, उपाध्यक्ष निरंजन लाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, हरविंदर पाल सिंह स्वीट, सचिव अमित महाजन एड0,फुरकान अंसारी, संजय कुमार राठौर, चंद्रशेखर गर्ग,जावेद अख्तर सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र छात्राओं सहित गणमान्य नागरिक व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## मनु लॉ कालेज में छात्रों को सदर विधायक ने वितरित किए स्मार्ट फोन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




जनपद के सीतापुर रोड पर स्थित मनु लॉ कॉलेज में छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी को स्मार्टफोन वितरित किए। मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही हैं और भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं को सभी तक पहुंचा रहीं हैं।

स्कूलों के छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए स्मार्ट फोन की योजना शासन की प्रथमिकताओं में है और छात्र छात्राओं को आगे बढ़ाने एवं पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। विकास की विभिन्न योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है। इसी क्रम में विधायक योगेश वर्मा ने छात्रों को स्मार्ट फोन का वितरित किए। कॉलेज की प्रबंधक व नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ बिना भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है इसका हम सभी लोग स्वागत करते हैं। मनु लॉ कालेज में स्मार्ट फोन के कुल 124 फोन वितरित किए गए जिसमें एलएलबी में 106 और बीए के 18 छात्र छात्राएं शामिल है।स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के समय कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## रवींद्र कटियार को भारतीय जनता पार्टी ने दोबारा मंडल अध्यक्ष की सौंपी बागडोर

जन एक्सप्रेस । राममूर्ती यादव



**अमीरनगर खीरी।** लोक सभा चुनाव 2024 से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी लखीमपुर के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह द्वारा पूरे जिले के मंडल अध्यक्षों की सूची शनिवार देर रात जारी कर दी गई। इस सूची में अधिकतर पुराने चेहरों पर जिला अध्यक्ष ने भरोसा जताते हुए कुछ नये चेहरों को भी जगह दी है।इस सूची में कुम्भी मंडल के अध्यक्ष रवींद्र कटियार पर भरोसा जताते हुए पार्टी ने उन्हें दोबारा मंडल की बागडोर सौंप दी है। बताते चलें कि रविन्द्र कटियार इसके पहले भी कुम्भी मंडल के अध्यक्ष के पद और दायित्व निर्वहन कर रहे थे जो कार्यकर्ताओं के बीच काफी सराहनीय रहा। इसके साथ ही रविन्द्र कटियार बी पैक्स सिकंदराबाद के वर्तमान समय में चेयरमैन भी है।उनके चयन से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। वार्ता के दौरान रविन्द्र कटियार ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर दोबारा भरोसा जताते हुए मंडल की बागडोर सौंपी है उसके लिए शीर्ष नेतृत्व व अपने मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव है भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता होगी। भाजपा संयोजक आत्मानंद शुक्ला ने कहा कि रविन्द्र कटियार का पूर्व में भाजपा कार्यकर्ता से बहुत अच्छा तालमेल रहा।पार्टी के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है। सभी को साथ लेकर चले एवं समय समय पर पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बंधुओं से विचार-विमर्श कर पार्टी का कार्य करने बाले व्यक्ति है।इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुचित प्रताप सिंह, महामंत्री रामनाथ राठौर, पपिल कुमार, पुनीत मिश्रा,अनिल स्वामी, राजेश कुमार,राममूर्ति यादव सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कार और पिकअप की टक्कर में नौ घायल, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शनिवार की रात करीब 11 लखीमपुर मार्ग के ग्राम करनपुर और फरधान के बीच रोड पर खड़ी कार में पीछे गोला की तरफ से जा रही पिकअप ने टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में 10 लोग जख्मी हो गए। घायलों को गोला और फरधान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिनमें एक की मृत्यु होने की सूचना है। बाकी लोगों का इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोला नगर से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लखीमपुर की ओर जा रही एक कार में 7 लोग सवार थे। बताते हैं करनपुर और फरधान के बीच कार के सामने एक सियार आ गया। सियार के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण कार में सवार लोग उतरकर उसे देखने लगे। इसी बीच गोला की तरफ से लखीमपुर की ओर जा रही एक पिकअप गाड़ी ने सड़क पर खड़ी कार में जोरदार टक्कर मार दी। बताते हैं पिकअप में तीन लोग सवार थे। इस भीषण दुर्घटना में सभी लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला और फरधान ले जाकर भर्ती कराया जहां आशीष पुत्र दिनेश निवासी ग्राम सिकटिया की मृत्यु होने की सूचना है। बाकी कार में सवार जोगेंद्र पुत्र राम सहाय, दशरथ वर्मा पुत्र शिवपूजन, सुनील वर्मा पुत्र रामनरेश, मुरारी लाल पुत्र कामता प्रसाद, राम बहादुर पुत्र दीपक, कार चालक अज्ञात निवासी ग्राम सिकटिया थाना सदर लखीमपुर और पिकअप में सवार चालक अलीमुद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन, फुरकान पुत्र अयूब और रामसेवक पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम खम्हौल थाना गोला का इलाज अस्पताल में चलने की सूचना है।

## शत्रोहन मिश्रा फिर बने गोला नगर अध्यक्ष



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

लोक सभा चुनाव 2024 से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी लखीमपुर के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह द्वारा पूरे जिले के मंडल अध्यक्षों की सूची शनिवार देर रात जारी कर दी गई। इस सूची में 139 गोला विधानसभा से शत्रोहन मिश्रा को पुनः नगर अध्यक्ष बनाया गया है। उनके चयन से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

## नाले में पड़ा मिला किसान का शव

जन एक्सप्रेस । हरदोई

पिहानी कोतवाली क्षेत्र के धामापुर गांव में लकड़ी काटने गए किसान का शव नाले में पड़ा मिला। मृतक के भाई ने दौरा पड़ने के कारण नाले में गिरकर डूब जाने से मौत होने की आशंका जताई है। धामापुर निवासी सुरेंद्र कुमार (48) खेती करते थे। शुक्रवार की दोपहर लगभग तीन बजे वह लकड़ी काटने के लिए बरबर मोड़ की तरफ गए थे। परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को उनके भाई श्याम लाल खेतों की तरफ तलाशने निकले तो छोटा नाला में सुरेंद्र का शव पड़ा मिला। पास ही कटी हुई लकड़ी और फरसा भी पड़ा था।

## जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बाइक रैली निकाली गई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** नगर में मां संकटा देवी धाम में चार फरवरी से आयोजित होने वाले भव्य आयोजन के सफल बनाने के लिए आमजन में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से बाइक रैली निकाली गई। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिये समिति के लोग दिन रात मेहनत कर रहे हैं। रविवार को होने वाली कलश यात्रा में कई जनप्रतिनिधियों सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल होगें। मां संकटा देवी धाम में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जागरूक करने के साथ आमंत्रित करने के उद्देश्य से शनिवार की सुबह नगर के प्रमुख मार्गों पर बाइक रैली निकाली गयी। मां संकटा देवी धाम से शुरू हुई बाइक रैली, अमीरगंज, रेलवे स्टेशन, सिधौली क्रासिंग, गल्लामंडी, बस स्टाप, कोतवाली मार्ग, रामकुंड चौराहा, रामपुर मथुरा मार्ग, गांधी नगर, शिवाजी नगर, नहर कालोनी, नई बाजार, बजाजा चौराहा, तहसील मार्ग होकर पुनः मां संकटा देवी धाम पहुंची जहां रैली का समापन हो गया। बाइक रैली के दौरान बाइक में लगाए व हांथों में भगवा ध्वज लिए उत्साही युवा 'चलो बुलावा आया है, मैया ने बुलाया है, जैसे जयकारे लगाते चल रहे थे।

## एक फौज बॉर्डर पर तो दूसरी भाजपा कार्यकर्ताओं की देश के अंदर तैनात : सांसद रेखा वर्मा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




हरगांव। एक फौज बार्डर पर देश की सुरक्षा के लिए तैनात है तो एक फौज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की देश के अंदर तैनात है। जो देश, समाज व पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव से काम करती है तथा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए चिंतित है,उक्त बातें धौरहरा सांसद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा ने सीएसआर के तहत गेल इंडिया की तरफ से आयोजित योगा किट वितरण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से कहा कि आप लोग बहुत मेहनत करते हैं। आपके ही दम पर गाँव से लेकर देश भर में भाजपा अपना परचम लहरा रहा है। इसलिए आप लोग इस किट के सहारे प्रतिदिन योगा करते हुए चुस्त दुरुस्त रहिए। पांच सौ वर्षों बाद 22 जनवरी को श्री अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हर आँख में खुशी के आँसू थे हर आँख नम थी, आज पूरा देश राममय और उल्लास से भरा हुआ है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों को चुनाव जीतने के कई मंत्र दिए और कहा हम सबको सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों एवं प्रमुख लोगों से सम्पर्क करना है,पन्ना प्रमुख की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है पन्ना प्रमुख अपने लोगों से सम्पर्क कर लें तो चुनाव जीतने से कोई नहीं रोक सकता, विकसित यात्रा में गरीबों को योजनाओं से जोड़ा गया,2024 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है इस चुनाव को लोग सदियों तक याद रखेंगे भाजपा ही ऐसे पार्टी है जिसमें बूथ कार्यकर्ता राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक बन सकता है।

मैं कभी जिला टीम में नहीं रही बूथ पर काम किया और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बन गई यह भाजपा में ही संभव है। यहाँ पिछली पंक्ति पर बैठे व्यक्ति को आगे बढ़ाया जाता है हर बूथ कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है तथा आगे बढ़ सकता है। गेल इंडिया द्वारा झरेखापुर, हरगाँव, नवीनगर एवं लालपुर मंडल में योगा किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी राहुल जायसवाल, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, अनुराग मिश्र, मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, रोहित मिश्र, गोपाल शास्त्री, संतोष मौर्य, संजय दीक्षित, प्रदीप मिश्र, इन्द्रपाल सिंह, बाटू सिंह सहित बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिगड़े मौसम के बाद हुई बरसात भी कलशधारी महिलाओं का नहीं तोड़ सकी हौसला



- सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, सेउता विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा संयुक्तरूप से आरजे वर्मा द्वारा बनवाए गए भव्य यज्ञशाला, धाम कार्यालय, सत्संग भवन सहित भवन में चल रही अन्य विकास योजनाओं का लोकार्पण किया।
- आरती में सांसद राजेश वर्मा, क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, मुख्य यजमान आरजे वर्मा, शशांक वर्मा, शिवानी वर्मा, भाष्कर शर्मा, विभू पुरी, अतुल वर्मा, सुरेश वर्मा, अनुराग शुक्ल, आलोक वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। देवी धाम समिति द्वारा अतिथियों को अभिनंदन पत्र व मां संकटा देवी का चित्र व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**कलश यात्रा के संग विधायक आशा मौर्या सहित 31 लोग सिरों पर श्रीराम चरित मानस लेकर चल रहे थे।**

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** बिगड़े मौसम के बाद हुई बरसात भी कलशधारी महिलाओं का हौसला नहीं तोड़ सकी। पीले परिधान धारण किए 61 सौ सुहागिन महिलाएं व बालिकाएं जब सिरों पर कलश धारण करके 1008 बाबा परमहंस मंदिर बन्नी से निकली तो पूरे नगर में धर्म की गंगा बह निकली। बन्नी मंदिर से मां संकटा देवी धाम तक तीन किमी लंबी कलश धारियों की लाइन चार कतारों में लगी रही। कलश यात्रा के संग विधायक आशा मौर्या सहित 31 लोग सिरों पर श्रीराम चरित मानस लेकर चल रहे थे। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही भी कलश यात्रा में शामिल हुए। भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ रविवार की सुबह 11 बजे श्री-श्री 1008 बाबा परमहंस मंदिर बन्नी से वैदिक विधि-विधान से आंजनेय आशीष द्वारा किया गया। सुबह से ही मौसम खराब था और रूक-रुककर बारिश हो रही थी। खराब मौसम के साथ हो रही बारिश भी कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं व बालिकाओं के हौसले नहीं तोड़ पाई। 61 सौ सुहागिन महिलाएं व बालिकाएं सिरों पर कलश धारण कर जब बन्नी मंदिर से भीगती हुई चलीं। कलश यात्रा बन्नी मंदिर से ठाकुरपुर, मोतीपुर चौराहा, रामकुंड चौराहा, बजाजा चौराहा, चिकमंडी चौराहा, तहसील, स्टेट बैंक होकर मां संकटा देवी धाम पहुंची जहां कलश यात्रा में शामिल महिलाओं द्वारा अपने-अपने यज्ञशाला व कथा पांडाल में स्थापित किए गए। कलश यात्रा में धाम समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी, पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, ब्लाक प्रमुख रेउसा मंजू चौहान, सुशीला वर्मा, प्राची पटेल, शिवानी वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कायस्थ समाज की एकता, विकास एवं भगवान चित्रगुप्त की महिमा का प्रसार है सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ0 ओ0पी0 श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा लखीमपुर खीरी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ0 ओ0पी0 श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह कायस्थ समाज के लिए हमेशा की तरह ततपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। हमेशा इस समाज ने समाज की अगुवाई कर सामाजिक, राष्ट्र उत्थान में अपना अहम योगदान दिया है। प्रशासनिक व लेखन क्षेत्र में इन कलम के पुजारियों ने दिशा देकर दशा बदलने का काम किया है। मौजूदा समय मे हालात किसी से छिपे नही हैं। उन्होंने कायस्थ एकता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी। अध्यक्ष डॉ0 श्रीवास्तव ने अपनी आगामी रणनीति के विषय मे बताते हुए कहा कि कायस्थ समाज का सर्वांगीण विकास, भगवान चित्रगुप्त की महिमा का प्रसार एवं कायस्थ एकता के प्रयास उनकी सर्वोत्तम प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कायस्थ प्रतिभाओं के विकास के लिए संस्था पुरजोर प्रयास करेगी। दायित्व ग्रहण के बाद पत्रकारों से मुखातिब हुए नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ0 श्रीवास्तव ने उपरोक्त बातें कहीं।बताते चलें स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त डॉ0 ओ0पी0 श्रीवास्तव लगभग 45 वर्षों से अनवरत समाजसेवा कर रहे हैं। विओम फाउंडेशन संस्था के माध्यम से इन्होंने तमाम मरीजों को सेहत की नेमत बांटी साथ ही उचित परामर्श से सार्थकता की राह दिखाई है।

## आज और कल बारिश के आसार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शनिवार को मौसम साफ रहने से लोगों को सर्दी से राहत मिली, मगर रविवार व सोमवार को फिर बादल छाए रहने और बारिश की संभावना जताई गई है। इससे सर्दी का प्रकोप फिर बढ़ सकता है। दो दिनों से मौसम साफ रहने से लोग सर्दी से राहत महसूस कर रहे हैं। शनिवार को भी पूरे दिन मौसम साफ रहा। धूप खिलने पर लोग घरों से निकले और बाजार में भी भीड़ रही। धूप निकलने से दिन के तापमान में एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। वेधशाला प्रभारी आरसी वर्मा के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 23. 5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह आर्द्रता 77 प्रतिशत और शाम को 50 प्रतिशत रिकार्ड की गई।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** हरदोई-सवायजपुर मार्ग पर लोनार कोतवाली क्षेत्र में जगदीशपुर चौराहा के पास ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां एक की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से भाग निकला।लोनार कोतवाली क्षेत्र के नागामऊ निवासी शिवानू मिश्र (23) गांव के ही धर्मवीर (25) के साथ बाइक से शुक्रवार देर रात घर जा रहे थे। हरदोई-सवायजपुर मार्ग पर जगदीशपुर चौराहा के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। हेलमेट न लगाए होने के कारण दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आईं।

# एसओजी ने मुठभेड़ के बाद दबोचे अंतर्जनपदीय तीन शातिर हाईवे लुटेरे

* पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ में की गई फायरिंग, पैर में गोली लगने से एक लुटेरा हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । उरई



एसओजी सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद तीन अंतर्जनपदीय हाईवे लुटेरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में जबाबी फायरिंग की गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से एक लुटेरा घायल हो गया, जबकि दो ने पुलिस टीम के सामने सरेंडर कर दिया। इस दौरान पुलिस ने लुटेरों के पास से लाखों रुपए की नगदी वी असलहा बरामद किए। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में एसओजी प्रभारी सत्येंद्र यादव अपनी टीम सहित डकोर कोतवाली प्रभारी राजेश पाल सिंह सर्विलांस सेल प्रभारी मोहित यादव की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में अपराधियों पर लगाम कसने के लिए घर पकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा क्षेत्र में लूट की वारदात को अनजान देने की फिराक में घूम रहे अंतर्जनपदीय बदमाशों की भनक लगी। भनक लगते ही प्रभारी निरीक्षक ने मुखबिर की बचाई ठिकाने पर दविश डाल दी और रासुर जाने वाले हाईवे पर घेराबंदी कर दी। पुलिस बल देखकर शातिर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोकने शुरू कर दिए। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा बचाव में की गई फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से रिंकू उर्फ रौनक उर्फ रहमान पुत्र नूर खान निवासी ग्राम औता थाना चुर्खी घायल हो गया। जबकि निर्दोष राजपूत पुत्र बृजनंदन राजपूत निवासी ग्राम ऐर थाना डकोर व सुलखे वर्मा पुत्र स्वर्गीय रामकृष्ण वर्मा निवासी होता ने खुद व खुद पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इस दौरान पुलिस ने पकड़े गए लुटेरों के कब्जे से लाखों रुपए की नगदी वह अवैध असलहा बरामद किए। इस मौके पर हेड कांस्टेबल ब्रजेंद्र भदौरिया, आकाश कुमार, श्रीराम, निरंजन भाई, अश्वनी, भूपेंद्र, रवि भदौरिया, आकाश जैन, जगदीश कुमार सहित टीम मौजूद रहीं।

# केंद्रीय मंत्री व जिलाध्यक्ष ने कोचिंग सेंटर का फीताकाट कर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । उरई



केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा और जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के द्वारा फीता काट कर और द्वीप प्रज्वलित कर क्क्षु कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसमे केंद्रीय मंत्री ने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए उन्हें प्रेरित कर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक ने बताया कि शिक्षा से ही समाज की उन्नति हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन आयुष पटेल और निशि गुप्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे। बता दें कि फिजिक्स वल्लाह (विद्यापीठ पाठशाला) देश की एक विश्वसनीय और ब्रांडेड संस्था है। जिसमें शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के लिए देशभर से सर्वश्रेष्ठ फैकल्टी शिक्षण कार्य करती है। उरई में यह संस्था इंज धीरेंद्र सिंह और इंज, योगेश पटेल द्वारा संचालित की जा रही है, जिसके केंद्र प्रमुख अवनीश पटेल हैं। इस शिक्षण संस्थान में कक्षा 8 वीं से बारहवीं एवम ड्रॉपर जी नीट एंड फाउंडेशन के छात्र अध्ययन कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में केंद्र प्रमुख ने उपस्थित मुख्य अतिथि, शहर के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अभिभावक और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में अंबुज सचान, निखिल, हिमांशु, भरत, अभिषेक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरों ने सरकारी अस्पताल को बनाया निशाना

**जन एक्सप्रेस/लार देवरिया।** लार थाना क्षेत्र के सजाव के सरकारी अस्पताल बीती रात में चोरों ने ताला तोड़कर उसमे रखे लगभग ढाई लाख के समान चुरा ले गए! सुबह जब घटना की जानकारी मिली तो पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर वहां का निरीक्षण किया ! चोरी हुए सामानों के बारे मे डॉ संतोष कुमार ने बताया कि दो डेस्कटाप, दो सीपीयू , दो माउस,दो पावर बैकअप, दो की बोर्ड, दो प्रिंटर, एक बैट्री, एक इनवर्टर आदि चोरी हुआ है। उनके अनुसार इस घटना में लगभग ढाई लाख के सामानों की चोरी हुई है। पुलिस को लिखित तहरीर दी गई है। चौकी कस्बा प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

### लावारिस अवस्था में मिली नवजात बच्ची

**जन एक्सप्रेस/खुखुन्दू, देवरिया।** खुखुन्दू थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर गांव के समीप सागौन के बगीचे में स्थानीय लोगों ने नवजात बच्ची को देखा सूचना होने के बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस नवजात बच्ची को कब्जे में ले लिया और चाइल्ड केयर को इसकी जानकारी दी, नवजात बच्ची मिलने की वजह से लोगों में चर्चा का विषय बन गया है ठंड भरी मौसम में आखिर कौन ऐसी मां है जो अपने बच्ची को जंगल में छोड़कर चली जाएगी यह चर्चा का विषय बन गया है।मौके पर पहुंची पुलिस यह जांच करने में जुटी हुई है कि यह नवजात बच्ची किसकी है आखिर कौन इस ठंड के मौसम में सागौन के बगीचे में लावारिस हालत में छोड़कर बच्ची को चला गया है जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया के जरिए देवरिया में फैली जिसको लेकर लोग काफी हैरान हैं कहा जाता है कि इस दुनिया में सबसे ज्यादा प्यार करने वाला कोई है तो वह माता-पिता लेकिन कौन ऐसे माता-पिता है जो अपने नवजात बच्ची को ऐसे छोड़ कर चली गई है।नवजात बच्ची को देखने के लिए पहुंचे लोगों ने अपने-अपने तरीके से बच्ची को लेकर बात कर रहे हैं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि यह भी हो सकता है कि लोक लाज की वजह से बिना शादी कि यह बच्ची पैदा हुई होगी इसी वजह से इस ठंड भरी मौसम में वह जंगल में छोड़कर चली गई होगी हालांकि यह पूरा मामला पुलिस जांच में ही पता चलेगा।इस संबंध में पूछे जाने पर खुखुंदू थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में एक नवजात बच्ची मिली है जिसे कब्जे में लेकर विधि कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** वादिनी सरोज देवी पत्नी त्रिलोकीनाथ निवासिनी ग्राम देवकुआं थाना थाना गौरीबाजार की तहरीर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 19/2024 धारा 363/120बी भादवि व बढ़ोत्तरी धारा 376डी/342/506 भादवि व 5जी/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गोविन्द पुत्र शिव उर्फ शिवचन्द साकिन पोखरभिण्डा थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया को दिनांक 02.02.2024 गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पाक्सो कोर्ट जनपद देवरिया मे पेशी हेतु लाया गया था, न्यायालय परिसर से अभियुक्त गोविन्द पुत्र शिव उर्फ शिवचन्द उपरोक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया ।उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देवरिया पर थानाध्यक्ष गौरीबाजार दिनेश मिश्रा की तहरीर पर मु0अ0सं0 60/2024 धारा 223/224 भादवि पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त उपरोक्त के गिरफतारी हेतु थानाध्यक्ष गौरीबाजार मय पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिस दी जा रही थी जिसके क्रम में शनिवार को थाना गौरीबाजार पुलिस द्वारा अभियुक्त गोविन्द पुत्र शिव उर्फ शिवचन्द उपरोक्त को ग्राम सेखुई बगहा टोला थाना गौरीबाजार देवरिया से गिरफ्तार कर करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।



### सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आज

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सरयूपारीण ब्राह्मण परिषद आज पांच अप्रैल को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन देवरही मंदिर परिसर में करेगा। इससे पूर्व यह आयोजन श्री विद्याधर्म संजीवन संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित किया जाता रहा है। अध्यक्ष आद्या प्रसाद शुक्ल व मंत्री कौशल कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से बताया कि सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल होने के लिए अभिभावक 9450531619 और 9415383997 पर फोन कर सकते हैं।

### अधेड़ की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी में अधेड़ की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी निवासी शेर सिंह 53 वर्ष पुत्र स्व. हरिराम रविवार की सुबह शौचक्रिया के लिए गांव के बाहर जा रहा था। तभी ट्रैक्टर के चालक ने तेजी व लापरवाही के चलते उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए और गंभीर हालत में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि मृतक के तीन पुत्री व एक पुत्र है। फिलहाल पुलिस अंजाम देकर भागे ट्रैक्टर व चालक की तलाश कर रही।

### वृद्ध को अन्ना मवेशियों ने रौंदा, घायल

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** खेतों में फसल चट कर रहे जानवर को भगाने गए वृद्ध को ठोकर मारकर पटक दिया। खेतों में काम कर ग्रामीणों ने वृद्ध को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के सिलऊआ निवासी रामधनी 75 रविवार खेत पर जा रहे थे किगेहूं के खेत में पालतू भैंस घुस कर फसल को चट कर रही थी। वृद्ध ने भैंस को भगाने के लिए जैसे ही डंडा मारा कि भैंस ने पलट कर वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध लुहूलुहान होकर जमीन में गिर गया। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने वृद्ध को भैंस से बचाकर सीएचसी में भर्ती कराया।सीएचसी प्रभारी डाक्टर कुलदीप राजपूत का कहना है कि हाथ पैर में हल्की चोटें आई हैं। इलाज के बाद घर भेज दिया जाएगा।

### रेल कोच रेस्टोरेंट का रुका कार्य जल्द होगा शुरू

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** स्टेशन के गेट नंबर पांच के पास लग रहे रेल कोच रेस्टोरेंट के निर्माण की एक बाधा दूर हो गई है। रेल प्रशासन स्टेशन के नए भवन निर्माण तक कोच रेस्टोरेंट का प्रवेश गेट मेन रोड की तरफ खोलने पर सहमत हो गया है। रेलवे ने गोमतीनगर, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर में रेल कोच रेस्टोरेंट खोलने का निर्णय लिया था। इसमें से केवल गोरखपुर में ही यह रेस्टोरेंट भी चालू नहीं हो पाया है। दरअसल गोरखपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण होना है।

## पिज्जा बर्गर की दुकान में लगी आग, लाखों का माल स्वाहा




जन एक्सप्रेस । उरई

शहर कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी बाईपास के पास स्थित पिज्जा, बर्गर की दुकान में देर रात आग लग गई। जिस पर दुकान में रखा समान व कुछ पैसे जलकर खाक हो गए। दुकान मालिक राहुल ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी दुकान में किसी ने आग लगाई है। शहर कोतवाली के महाराणा प्रताप चौराहा चुर्खी बाईपास के सामने एक माही पिज्जा बर्गर कॉर्नर की दुकान रखी हुई थी। जिसमें पिज़्ज़ा, बर्गर, चाऊमीन, डोसा आदि का काम होता था। इसका मालिक राहुल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी बघौरा है। शनिवार की देर रात वह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। इसके बाद अज्ञात कारणों के चलते देर रात उसकी दुकान में आग लग गई। आग इतनी विकराल थी की दुकान में रखा सारा सामान और बाहर खड़ी चार पहिया की ठिलिया को भी अपनी चपेट में ले लिया और सब कुछ जल गया। जब सुबह वहां से लोग गुजरे तो उन्होंने इसकी जानकारी दुकान मालिक राहुल को दी। इस पर दुकान मालिक मौके पर आया, लेकिन जब तक दुकान का सारा सामान जलकर स्वाहा हो चुका था। उसने बताया कि वह अपनी दुकान देर रात बंद करके गया था। किसी ने उसकी दुकान में आग लगाई है। फिरहाल उसने इसकी तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पॉच वर्षीय बालक के हत्यारे को जिलाजज ने सुनाई आजीवन सजा

जन एक्सप्रेस । महोबा

पॉच वर्षीय मासूम के हत्यारे को जिलाजज की अदालत ने आजीवन कारावास तथा 9 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष दिनांक 2 जून 2022 को अभियुक्त शोभित पुत्र राजकुमार अनुरागी निवासी मानिक कस्बा खरेला पड़ोसी मदन अनुरागी के पॉच वर्षीय पुत्र प्रथम को बहला फुसलाकर खेतो मे ले गया था। पॉच वर्षीय बालक प्रथक के साथ दुष्कर्म करने मे असफल होने पर शोभित ने बालक प्रथम की गला घोटकर हत्या कर दी थी तथा शव को खेतो मे छुपा आया था। घटना की प्राथमिकी मृतक बालक के पिता मदन अनुरागी ने थाना खरेला पहुॅचकर शोभित के नाम दर्ज करायी थी। न्यायालय मे सत्र परीक्षण के दौरान वादी मुकद्मा मदन अनुरागी तथा पुलिस और चिकित्सक के ब्यान होने और बचाव पक्ष तथा अभियोजन पक्ष के विद्वान अधिवक्ताओ की दलीले सुनने के पश्चात् हत्या और दुष्कर्म का प्रकरण सिद्ध हो जाने पर विद्वान जिलाजज ने हत्यारे शोभित को आजीवन कारावास तथा 9 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

## मेला बना अराजकता का अखाड़ा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

* अराजकतत्वों का जमावड़ा लगने से आये दिन हो रहीं मारपीट की घटनाएं

जन एक्सप्रेस । कालपी




नगर के एमएसवी इंटर कॉलेज मैदान में बीते 14 जनवरी से दीनदयाल उपाध्याय मेला व प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। जहां पर शोहदे खुलेआम बाइकों से व पैदल मेला ग्राउंड में खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि बीते दिनों में मारपीट की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कालपी नगर के माधोराव सिंधिया व्यास इंटर कॉलेज के मैदान में दीन दयाल उपाध्याय मेला व प्रदर्शनी का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि मेला लगते ही अराजकतत्वों की पौ बारह हो गयी है। जहां पर शाम होते ही गुंडागर्दी की पराकाष्ठा पार हो जाती है। शोहदे दबंगई के बल पर मुफ्त में झूले झूलने के लिए विवाद करते हैं। वैसे अमूमन 4 दशक से लग रहे मेले में अराजकता कोई नई बात नहीं है। ज्ञात हो कि लगभग दो दशक पूर्व नुमाइश मैदान पुराने बस अड्डे में लगे मेले के दौरान एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी थी। इसके बावजूद भी मेले में कोई सुरक्षा व्यवस्था नज़र नहीं आ रही है जिस कारण मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक मेला ग्राउंड पूरी तरह अराजकतत्वों के लिए अखाड़े का मैदान बन चुका है, जिसको लेकर बीते सप्ताह में मारपीट की दो घटनाएं हो चुकी हैं। जिससे यकीनन पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगते हैं कि मेले में पुलिस की ड्यूटी लगने के बावजूद इस तरह की घटनाएं कैसे घटित हो रही हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस मेले में सक्रिय होगी या पुलिस कर रही है किसी बड़ी घटना का इंतज़ार, यह तो आगामी समय ही तय करेगा। मामले में क्षेत्राधिकारी देवेंद्र पचौरी का कहना है कि इंस्पेक्टर कालपी को अतिरिक्त फोर्स तैनात करने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

## ईओ के निलंबिन से कालपी व कदौरा नगर पंचायत कार्यालय पर पड़ रहा असर

जन एक्सप्रेस । कालपी



शासन द्वारा कालपी नगर पालिका ईओ को निलंबित करने से नगरपालिका कालपी व नगर पंचायत कदौरा कार्यालय पर असर दिखाई दे रहा है। वहीं कुछ माह पूर्व कदौरा नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक को भी डीएम ने निलंबित कर दिया था। जिससे आमजनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है की कुछ दिन पूर्व कालपी के पास कुछ मवेशियों के शव मिले थे। जिस पर हिंदू संगठनों ने गौवंश के शव पड़े होने की शिकायत डीएम से की थी। उन्होंने कालपी ईओ वेद प्रकाश यादव पर बड़ी लापरवाही का आरोप लगाया था। जिस पर डीएम ने निदेशालय नगर निकाय को अपनी रिपोर्ट दी थी। चार दिन पूर्व निदेशालय से कालपी ईओ वेद प्रकाश यादव को निलंबित कर दिया गया था। चूंकि उक्त ईओ के पास कदौरा नगर पंचायत का अतिरिक्त चार्ज था। बताया जाता है कि उनके निलंबित होते ही नगर पंचायत कर्मी बेलगाम हो गए है और नगर पंचायत से बनने वाले जरूरी कागजात के लिए लाभार्थियों को निराश हो कर लौटना पड़ रहा है।

## अजयकांत सोनी हत्याकाण्ड खुलासे की मांग को लेकर महिलाओं ने किया पनवाड़ी थाने का घेराव

जन एक्सप्रेस । महोबा

अजयकांत सोनी हत्याकाण्ड का पुलिस अधीक्षक तथा डीआईजी बांदा के अश्वासन के बाद भी एक पखवारा बीतने जा रहा है और पुलिस द्वारा खुलासा न कर पाने पर कस्बे की महिलाओ ने थाना पनवाड़ी का घिराव किया। ज्ञातव्य हो कि 25 जनवरी को अज्ञात लुटेरो ने लाखो की लूट कर अजयकांत सोनी की सरेशाम गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई ने थाना पनवाड़ी पहुॅचकर बाइक सवार दो अज्ञात लुटेरे तथा हत्यारो के विरूद्ध मुकद्मा पंजीकृत कराया था। सरेशाम व्यापारी की हत्या और लूट जैसे गम्भीर प्रकरण को कस्बा पनवाड़ी के व्यापारियो द्वारा गम्भीरता से लेते हुए अपने- अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर कड़ा विरोध जताया था। व्यापारियो की बंदी से पुलिस अधीक्षक महोबा तथा डीआईजी बांदा ने आंदोलित व्यापारियो को अजयकांत सोनी हत्याकाण्ड के शीघ्र खुलासे का अश्वासन देकर किसी तरह व्यापारियो को आंदोलन करने से प्रथक कर दिया था। अश्वासन के बावजूद अजयकांत सोनी हत्याकाण्ड का 11 दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा न होने पर मृतक की पत्नी श्रीमति मीना सोनी के साथ कस्बे की 2 सैकड़ा से अधिक महिलाओ ने रविवार के रोज थाना पहुॅचकर जमकर हंगामा किया और पुलिस के विरूद्ध नारेबाजी की। थानाध्यक्ष कुलपहाड़ ने आंदोलित महिलाओ से अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु मात्र 10 घंटे का समय मांगे जाने पर लगभग 4 घंटे तक चले हंगामे के बाद महिलाए किसी तरह शांत हुई।

## टोला तालाब में आयोजित हुई ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन की बैठक

जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश महोबा इकाई की बैठक रविवार के रोज चरखारी के पर्यटक स्थल टोला तालाब के नोमढ़ी में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष मुहम्मद यूनुस, विशिष्ट अतिथि ब्यापार मंडल चरखारी के अध्यक्ष आंनद स्वरूप दमेले रहे जबकि अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष जमाल अहमद कादरी ने की। बैठक के पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुहम्मद यूनुस खान ने कहा कि ग्रुप में जिस प्रकार से अमर्यादित भाषा का उपयोग किया जाता है जो बहुत गलत है ऐसे ग्रुप की मर्यादा एवं संगठन की छबि धूमिल होती है। आपने कहा कि जिस सदस्य या पदाधिकारी की कोई शिकायत है तो जिम्मेदार पदाधिकारियो से वार्ता कर समस्या का समाधान करें। ग्रापए एक सबसे बड़ा संगठन है जिसकी जिला प्रशासन के अलावा केंद्र व राज्य सरकार में अच्छी ख्यातिप्राप्त है।

# शहर की नालियों से जहरीले होते तालाब

* हम अपनी नालियों का रासायनिक कचरा तो नहीं पी रहे है ?
* तो क्या भूगर्भ जल में भी मिल रहा है तालाबों में घुला हुआ नालियों का जहर

जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट

विजय प्रताप सिंह



**महोबा।** आज से ग्यारह सौ साल पहले महोबा के शासकों ने यहां की प्यास बुझाने के लिए जब शहर के आसपास तालाबों का निर्माण कराया था तब यह नहीं सोचा होगा की हमारी आने वाली पीढ़ी इन्ही तालाबों में अपने घरों की नालियों का कचड़ा बहाएंगे जो तालाब के पानी में मिलकर उसे जहरीला तो बनायेगा ही साथ ही यह जमीन के अंदर मौजूद पानी में पहुंच कर दूर दराज के बड़े इलाके के भूगर्भ जल को खतरनाक बनायेगा,जहरीले हो रहे पानी पर शासन स्तर पर भले ही कभी कभार चर्चा होती है लेकिन स्थानीय स्तर में कोई भी जनप्रतिनिधि आला अधिकारी जरा भी चिंतित नजर नहीं आते तभी तो जल सुधार के लिए चलाई गई परियोजनाएं या ठंडे बस्ते में है,या फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ कर आधी अधूरी पड़ी है। वैसे पानी की चिंता करने वाले समाज सेवियों के कई ऐसे झुंड है जो जल योद्धा, जल प्रहरी, जल पुरुष और न जाने क्या क्या प्रमाण पत्र लेकर वी आई पी श्रेणी में अपने आप को पेश करते नहीं थकते लेकिन थोड़ी बहुत इवेंट करने के बाद यह सालों नजर नहीं आते किसी एकाध गांव व मोहल्ले में जल सुधार का दावा करके दिल्ली और लखनऊ वह क्या करने चले जाते है ये तो वही बताएंगे, लेकिन महोबा शहर या जहां भी तालाबों में गंदे नालियों का पानी जमा होता है के हर एक नागरिक को यह सोचना होगा कि जिस बोरवेल या सप्लाई नल का पानी हम पी रहें है कहीं वह हमारे ही बाथरूम से निकला हुआ नमक साबुन निरमा आदि का हानिकारक रसायन नाली के पानी से जाकर किसी तालाब में जमा होकर फिर से जहर बनकर हमारे जमीन के अंदर से आ रहे बोर वेल के पानी में तो नहीं मिल गया क्या हम अपना ही बहाया हुआ कचड़ा फिर से तो नहीं पी रहे है। क्योंकि भूगर्भ जलस्तर स्तर को बढ़ाने का मुख्य स्रोत झील, तालाब, कुआ, झरना ही होते है, और जब इन्ही झील तालाबों में नालियों या अन्य तरीकों से जहरीला रसायन पहुंचेगा तो निश्चित ही वह भूगर्भ जल में मिलेगा और जिसका असर न सिर्फ तालाब के पानी पर बल्कि दूर दराज के उन इलाकों में भी हो सकता है,जहां तक उस तालाब या झील के पानी से भूगर्भ जल को बढ़ाता है। घरेलू या बाजारू तमाम वस्तुओं के बनाने में गैलियम आर्सेनाइड को अर्ध चालक साबुन, निरमा, कांच बनाने व चमड़े की वस्तुओ को सुरक्षित बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। तीन ऐतिहासिक तालाबों में जा रहा नालियों का पानी करोड़ों की योजनाएं अधर में लटकी शहर के मदन सागर ,कल्याण सागर, कीरत सागर का निर्माण दसवीं सदी के आसपास चंदेल राजाओं ने इनका निर्माण कराया था जिसमें कल्याण सागर में समद नगर मोहल्ले की नालियों का पानी इसमें जाता है जिसे रोकने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से वाटर ट्रीटमेंट् प्लांट बनाया जाना था जो कि महीनों से अधूरा पड़ा है, वहीं कीरत सागर में मिलने वाली नहर मकुंद लाल इंटर कालेज के पास अब गंदे नाले का रूप ले चुकी है राम नगर बंधान वार्ड के नालियों का पानी इसी नहर से मिलकर तालाब में पहुंच रहा है, तो शहर में पेय जल आपूर्ति करने वाले तालाब मदन सागर में दूध डेयरी प्लांट का वेस्ट केमिकल मिलाए जाने पर स्थानीय रहवासियों व डेयरी संचालक के बीच विवाद का कारण बन चुका है हालांकि काफी दिनों से यह मामला शांत है लेकिन तालाब के किनारे उंचाई वाली पहाड़ी में स्थित छोटी छोटी नालियों का पानी अब भी इसमें मिल रहा है जिसे रोकने के लिए प्रशासन के पास कोई स्थाई समाधान नहीं है।

### हमें क्या खतरे ?

पानी में सुरक्षित स्तर से अधिक आर्सेनिक होने पर त्वचा रोगों की शुरुआत हो सकती है। इससे आर्टिरियास्कलेरोसिस जैसा नसों का रोग, किडनी के रोग, मानसिक रोग, हृदय रोग पैदा हो सकते हैं। वहीं त्वचा, फेफड़ों, लिवर, किडनी और ब्लैडर का कैंसर भी हो सकता है। सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के अनुसार भू-जल में खतरनाक रसायनों का प्रतिशत बढ़ रहा है। जिसकी वजह से पीने के पानी के साथ-साथ कृषि उत्पादों में भी जहरीले तत्वों की मात्रा बढ़ती जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि पानी में फ्लोराइड और आर्सेनिक समेत अन्य रसायनों की मात्रा खतरनाक स्तर को भी पार कर चुकी है। इन रसायनों से हड्डी व मांसपेशियों के साथ साथ स्नायुतंत्र को भी नुकसान होता है। इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में हालात काबू से बाहर हो जाएंगे।

### कैसे हो जल संरक्षण

बरसात के मौसम में जो पानी बरसता है उसे संरक्षित करने की सरकार की कोई योजना नहीं। बारिश से पहले गांवों में छोटे-छोटे डैम और बांध बना कर वर्षा जल को संरक्षित किया जाना चाहिए। शहर में जितने भी तालाब और डैम हैं। उन्हें गहरा किया जाना चाहिए जिससे उनकी जल संग्रह की क्षमता बढ़े। सभी घरों और अपार्टमेंट में वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य किया जाना चाहिए तभी जलसंकट का मुकाबला किया जा सकेगा। गांव और टोले में कुआं रहेगा तो उसमें बरसात का पानी जायेगा। तब धरती का पानी और बरसात का पानी मेल खाएगा। जरूरी नहीं है कि हम भगीरथ बन जाएं, लेकिन दैनिक जीवन में एक-एक बूंद बचाने का प्रयास तो कर ही सकते हैं। खुला हुआ नल बन्द करें, अनावश्यक पानी बर्बाद न करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसे आदत में शामिल करें। हमारी छोटी सी आदत आने वाली पीढ़ियों को जल के रूप में जीवन दे सकती है। दिलचस्प है कि उत्तर प्रदेश के लोग भी अपने सिर आये संकट के समाधान के लिए सरकार का मुंह ताक रहे हैं। वे भूल गए हैं कि पानी के संकट को ज्यादा दिन टाला नहीं जा सकता। जहां पानी ने कई सभ्यताएं आबाद की हैं, वहीं पानी लोगों को उजाड़ भी देता है। बेपानी होकर कोई गांव, शहर टिक नहीं सकता। उसे उजड़ना ही होता है। छोटे-मोटे गांव और शहर की तो औकात ही क्या, दिल्ली जैसी राजधानी को पानी के ही कारण एक नहीं कई बार उजड़ना पड़ा।

# भाजपा के लोकसभा चुनाव केन्द्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन पूजन के मध्य लोक सभा चुनाव केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन सिविल लाइन पार्टी कार्यालय में लोक सभा चुनाव संयोजक डा बाके बिहारी मणि त्रिपाठी व प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने किया। केन्द्रीय नेतृत्व के आदेश पर देश की सभी लोक सभाओं में चुनाव कार्यालय खोला जा रहा है।



इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा अयोध्या का विकास केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। रामनगरी के विकास के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। पयर्टन को बढ़ाना देने के लिए श्रद्धालुओं को विश्व मानकों के अनुसार सुविधाएं दी जा रही है। अयोध्या में एयरपोर्ट व विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन से अयोध्या को पूरे देश से जोड़ा गया है। रामनगरी विश्व की धार्मिक राजधानी के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि शहर में जाम से निजात के लिए सड़को का चौड़ीकरण, 6 रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की दिशा में भी सरकार लगातार कार्य कर रही है। 163 एकड़ में 40 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट एनटीपीसी के सहयोग से बन कर तैयार है। लोक सभा चुनाव प्रभारी डा बीबी मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आम जनता में उत्साह का माहौल है। लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को बिना भेदभाव लाभ मिला है। कार्यकर्ता विभिन्न अभियानों के तहत घर-घर सम्पर्क कर लाभार्थियों से लगातार सम्पर्क कर रहे है। इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकार सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गुप्ता, राघवेन्द्र पाण्डेय, मुन्ना सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, शैलेन्द्र कोरी, राधेश्याम त्यागी, तिलक राम मौर्या, चंद्रभान सिंह, अनुराग त्रिपाठी, शशि प्रताप सिंह, वरूण चौधरी, मनोज श्रीवास्तव, मनमोहन जायसवाल, अरविंद सिंह, राकेश मणि त्रिपाठी, बाल कृष्ण वैश्य, आकाश मणि त्रिपाठी, अनूप सिंह, दिवाकर सिंह, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लोक सभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां शुरू

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। लोक सभा कोर टीम की बैठक सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोक सभा संच प्रमुख परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि लोक सभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय के साथ विधानसभा स्तर पर जल्द ही चुनाव कार्यालय खोला जाएगा। जहां से चुनाव की गतिविधियां को संचालित किया जाएगा। बैठक में परिवहन मंत्री ने कहा कि लोक सभा चुनाव में काफी कम समय शेष रह गया है। सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। विभिन्न अभियानों के तहत कार्यकर्ता लगातार घर-घर सम्पर्क करें। जनता से संवाद व सम्पर्क के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करें। इसके लिए योजना तैयार कर ली जाए। सांसद लल्लू सिंह ने कहा केन्द्र सरकार के दो कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। अयोध्या की पौराणिकता सहेजते हुए यहां का अलौकिक विकास के साक्षी सभी अयोध्यावासी है। आज पूरी दुनिया भारत को लेकर एक विश्वास से भरी हुई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा विधानसभा स्तर पर कोर कमेटी की बैठक की जाएगी, जिसमें अयोध्या विधानसभा कोर कमेटी की बैठक 10 फरवरी को 2 बजे व बीकापुर कोर कमेटी की बैठक 11 बजे पार्टी कार्यालय सहादतगंज में की होगी। बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति तय की जाएगी। बैठक में लोक सभा चुनाव प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, संयोजक डा. बीबीमणि त्रिपाठी, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, सहसंयोजक ओम प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी मौजूद थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मोबाइल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद पुलिस द्वारा अफराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरूआ पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में,पेण्डिंग विवेचना, तलाश वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बंधनडीह से धारा 379 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 सिद्दीक पुत्र मो0 इदरीश निवासी बंधनडीह थाना कोतवाली अकबरपुर को चोरी किए हुए एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

### आरोग्य भारती के चिकित्सकों के लिए रामभक्तों की आरोग्य सेवा सर्वोपरि

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में दर्शनार्थियों की सेवा हेतु प्राकृतिक चिकित्सालय मणि रामदास छावनी परिसर की संजीवनी कुटी में आरोग्य भारती द्वारा संचालित चिकित्सा सेवा शिविर को मंदिर परिसर में दर्शनोपरांत निकास मार्ग पर स्थानांतरित कर दिया गया है। चिकित्सा सेवा समन्वय समिति में सम्मिलित डॉ पीयूष गुप्ता, आरोग्य भारती अवध प्रान्त सहसचिव डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी व डॉ मनोज सिंह ने दर्शनार्थियों की आवश्यकतानुरूप एलोपैथी, आयुर्वेद, व होम्योपैथी तीनो सेवाएं सुलभ कराए जाने हेतु आरोग्य भारती के शिविर को परिसर में संचालित करने पर सहमति बनी। चिकित्सा सेवा समन्वयक डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया आरोग्य भारती के चिकित्सकों के लिए दर्शनार्थियों की आरोग्य सेवा सर्वोपरि इस भाव के साथ अभी तक 75 से अधिक चिकित्सक प्रतिदिन दो पालियों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में एक फरवरी से डॉ मनीष त्रिपाठी के संयोजन में काशी प्रान्त के चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में दर्शन उपरांत आने वाले भक्तों में दर्द, थकान, व मौसमी सर्दी ,खांसी जैसे लक्षणों वाले ही मरीज अधिक होते हैं। अन्य प्रांतों जनपदों से आने वाले चिकित्सको के समन्वय सहयोग के लिए स्थानीय चिकित्सकों का एक दल डॉ दीपक गुप्ता, डॉ कल्पना कुशवाह, डॉ मनीष राय, डॉ अजित सिंह, डॉ सुनील सिंह, का भी है। आरोग्य भारती अवध प्रान्त एवं होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के चिकित्सकों के बाद काशी प्रान्त के डॉ संदीप शुक्ला, डॉ प्रियंका रस्तोगी, डॉ रेनू शुक्ला, डॉ अभिषेक पांडेय, डॉ प्रदीप मिश्र, डॉ दीपक दुबे, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ अनिल पांडेय, डॉ पंकज पांडेय, डॉ संध्या पांडेय, डॉ झिकमिक सरकार, डॉ अजय दुबे, डॉ अमित सिंह, डॉ अनूप मिश्रा, डॉ रामजी गुप्ता आदि अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दैनिक क्रम में 15 फरवरी से गोरक्ष प्रान्त के चिकित्सको की सेवा 28 फरवरी तक चलती रहेगी।

### कृषि वैज्ञानिकों के पक्ष में आया सुप्रीम फैसला

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों से जुड़े कृषि विज्ञानियों को भी अब 62 साल की आयु पूरी होने पर ही सेवानिवृत्त किया जा सकेगा। उच्चतम न्यायालय के फैसले से अब नरेन्द्रदेव कृषि विश्वविद्यालय के चार शिक्षकों डा. मिथिलेश कुमार पांडेय, डा. विष्णुप्रकाश सिंह, डा. प्रेमलता श्रीवास्तव व डा. राकेश सिंह 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को लाभ मिलेगा। उच्चतम न्यायालय के फैसले से अब विश्वविद्यालय का 11 नवंबर 2022 को किया गया आदेश निरस्त माना जायेगा। सेवानिवृत्त कृषि विज्ञानी मिथिलेश पांडेय के अनुसार इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उत्तर प्रदेश सरकार और विश्वविद्यालयों की विशेष अनुमति याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ताओं की तरफ से उच्चतम न्यायालय में मामले की पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता वाईएस लोहित ने बताया कि विश्वविद्यालय में सभी की नियुक्ति ट्रेनिंग आर्गेनाइज़र व ट्रेनिंग एसोसिएट के पद पर नियुक्त किया गया था। ये पद असिस्टेंट प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर के पद के समतुल्य है। विश्वविद्यालय ने याचियों को शिक्षक न मानते हुए 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त कर दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सेवानिवृत आदेश को निरस्त कर दिया था। इसी के विरुद्ध विश्वविद्यालय ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम 1958 के तहत प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कृषि विज्ञान केंद्र, नार्प एव एक्रिप योजनाओं में कृषि विज्ञानियों की नियुक्ति की गई। सभी कृषि विज्ञानी विश्वविद्यालयों में शिक्षण दायित्व भी निभाते रहे हैं। 2019 में प्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालय अधिनियम में बदलाव करते हुए शिक्षक की परिभाषा बदल दी। 14 जून को 2022 को आदेश जारी कर कृषि विज्ञान केंद्र, नापं व एक्रिप में तैनात कृषि विज्ञानियों को शिक्षक मानने से मना कर दिया। इसी क्रम में विश्वविद्यालयों ने कृषि विज्ञानियों को 60 साल की उम्र पर सेवानिवृत्त करना शुरू कर दिया।

## सनातन धर्म रक्षा वाहिनी जिला सम्मेलन कार्यक्रम श्रंगी ऋषि आश्रम पर होगा आयोजित

* सनातन धर्म की रक्षा, गौरक्षा तथा हिंदू संस्कृति को आगे बढ़ाने में युवा महत्वपूर्ण: अजय प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में तमाम संगठन अपने संगठन का विस्तार कर रहें है। अयोध्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभर रही है और यहां से सनातन धर्म की अलख जगाने वाले संगठन भी आम जनमानस को जागरूक करने का कार्य करेंगे। इसी क्रम में सहादतगंज स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉक्टर अविनाश यादव ने बताया कि सनातन धर्म रक्षा वाहिनी जिला सम्मेलन श्रृंगी ऋषि आश्रम पर आयोजित किया जाएगा इस दौरान कार्यक्रम में अजय प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष के रूप में आधिकारिक घोषणा की जाएगी अजय प्रताप सिंह ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा, गौरक्षा तथा हिंदू संस्कृति को आगे बढ़ाने में युवा महत्वपूर्ण होता है और संगठन का विस्तार करेंगे। इस मौके पर समाजसेवी हरि नारायण सिंह समाजसेवी वीरू विधायक अजय कुमार सिंह सभाजीत सिंह सिंह पूर्व प्रधान रौनक सिंह और तमाम सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्म रक्षा वाहिनी के समर्थक मौजूद थे।

## घर घर सम्पर्क कर जनता से संवाद स्थापित करें: अनुराग दीक्षित

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान को लेकर महानगर किसान मोर्चा की कार्यशाला पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित हुई। अभियान 10 फरवरी से 5 मार्च तक चलाया जाएगा। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता गांवों में जनसंवाद कर किसानों के हितों की सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएंगे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनुराग दीक्षित ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा में कार्यकताओं द्वारा गांव के देवस्थानों की साफ-सफाई की जाएगी। गौशाला में गोपूजन तथा गोसेवा का कार्यक्रम आयोजित होगा। देवस्थानों पर पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। घर घर सम्पर्क कर जनता से संवाद स्थापित करें। उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार की किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना, कृषक दुर्घटना योजना, मृदा हेल्थ कार्ड समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि अभियान के लिए मंडल स्तर के कार्यकर्ता बूथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ सम्पर्क कर उन्हें जानकारी दें। आपस में समन्वय बना कर ग्राम परिक्रमा यात्रा में घर-घर सम्पर्क करें।महानगर अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के लिए महानगर के किसान मोर्चा के मंडल स्तर के कार्यकताओं को जनसहभागिता के साथ कार्यक्रम करने को कहा गया है।

## जिलाधिकारी द्वारा किसानों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रयास द्वारा जनपद में औद्योगिक विकास प्राधिकरण व औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके क्रम में रविवार को 28 बैनामा किया गया जिसमे 35 किसानो का 7 हेक्टेयर जमीन का 12 करोड़ 50 लाख रुपए दिया गया है।वेवाना,खानजहांपुर, जगदीशपुर मुस्लिम ग्राम सभा के किसानों ने औद्योगिक विकास प्राधिकरण के निर्माण हेतु विक्रय किया है।जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आज इन किसानों को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुला करके माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा साल देकर सम्मानित किया गया।



अवगत कराना है कि तहसील अकबरपुर अंतर्गत थाना क्षेत्र वेवाना में बन रहे औद्योगिक कॉरिडोर में पहले 71 बैनामे में 116 किसान 19 हेक्टेयर जमीन का 27 करोड़ 42 लाख रुपए दिया जा चुका है।औद्योगिक विकास प्राधिकरण हेतु प्रस्तावित स्थल पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से लगभग 7 किलोमीटर और जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर है। इस प्राधिकरण की स्थापना से जनपद, राज्य स्तरीय एवं अन्य प्रदेशों के उद्यमियों को यहां आकर औद्योगिक इकाई लगाने में काफी आसानी होगी तथा यहां के लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही जनपद का चौमुखी विकास होगा। इस दौरान मौके पर एआईजी स्टांप,उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, तहसीलदार अकबरपुर, जिला सूचना अधिकारी,नायब तहसीलदार अकबरपुर तथा संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सीओ रुदौली रहे सत्येंद्र भूषण तिवारी को दी गई भावभीनी विदाई

* अपने 1 वर्ष 14 दिन के कार्यकाल में कई पुराने चर्चित घटनाओं का किया पर्दाफाश

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर ने तीन पुलिस क्षेत्राधिकारियों को इधर से उधर किया।स्थानांतरण के क्रम में अब तक रुदौली सर्किल की कमान संभाले रहे सत्येंद्र भूषण तिवारी को एसएसपी ने प्रोटोकॉल व बीआईपी सेल की बागडोर सौंपी है।शनिवार को सीओ कार्यालय रुदौली में सर्किल के सभी थाना प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मियों ने एक विदाई समारोह का आयोजन कर सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी को भावभीनी विदाई दी।इनका करीब एक वर्ष 14 दिन का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा।अपने एक वर्ष के कार्यकाल में इन्होंने कई बड़ी घटनाओं का पर्दाफाश किया।

सर्किल का चार्ज संभालते ही सीओ सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी के सामने सीमा पर तांडव मचा रहे साइको किलर जो पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था।उसके द्वारा मवई थाना क्षेत्र में कारित घटना का 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश करते हुए उसे दबोच लिया गया था।इस सफलता के बाद सीओ की अयोध्या जनपद के अलावा पड़ोसी जिले बाराबंकी में भी खूब वाहवाही हुई।इसके बाद रुदौली स्टेट बैंक में दिनदहाडे हुई लगभग बीस लाख की चोरी के लंबित मामले का भी खुलासा किया।नवनिर्मित बाबा बाजार थाना क्षेत्र का उद्घाटन कराने के बाद इस थाना क्षेत्र में हुई दो बड़ी चर्चित घटना का भी खुलासा करते हुए हत्यारे व बच्चों से अश्लीलता करने वाले शिक्षक को जेल भेजा था।इसके अलावा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पूरे सर्किल में लगभग 4500 कैमरे लगवाकर रौजागांव के समीप कलेक्शन एजेंट से हुई लूट की घटना का भी पर्दाफाश किया।हाइवे पर गैस टैंकर की घटना में भी आमजन राहगीरों की सुरक्षा के लिए 24 घण्टे बिना कुछ खाए पिए पानी मे भीगते हुए हाइवे पर देवदूत बनकर खड़े रहे।इसमें भी सीओ के कार्यो की खूब सराहना हुई।2016 बैच के पीपीएस अफसर सत्येंद्र भूषण तिवारी अयोध्या जिले के बीकापुर में डेढ़ वर्ष मिल्कीपुर में 7 माह व रुदौली में एक वर्ष 14 दिन का सराहनीय कार्यकाल रहा।विदाई समारोह में कोतवाल देवेंद्र सिंह,बाबा बाजार प्रभारी राजेश सिंह, पटरंगा प्रभारी ओम प्रकाश,भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी, उप निरीक्षक वंशराज सिंह, शंकर लाल यादव, कांस्टेबल संजय कुमार, मोहम्मद ताहिर खान, सौरभ मिश्रा, रेनू अंकित यादव, संकटा प्रसाद, रामकिशन आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए बोले कि वास्तव में ये स्टॉफ और यहां के लोगों को मैं अपने जीवन में कभी नही भूल पाऊंगा।इन्होंने कहा कि ट्रांसफर एक विधिक प्रक्रिया है।मुझे सरकार व उच्च अधिकारियों द्वारा जो दायित्व दिया गया।उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया।भविष्य में शासन की मंशानुरूप जनहित के लिए कार्य करता रहूंगा।

## राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

प्रेस क्लब अयोध्या में आयोजित राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रान्तीय अध्यक्ष दीपक यादव एवं महामंत्री रवि व मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं मंत्री मुकेश कुमार यादव की उपस्थिति में सभी सम्मानित सदस्यगणों को पद एवं गोपनीयता की शपथ समय 3.00 बजे दिलाई गई। पदाधिकारियों का चुनाव पूर्व में सम्पन्न हुआ था।जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, पशुचिकित्सालय, मधुपुर अयोध्या, मंत्री वेद प्रकाश यादव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, मण्डल कार्यालय, अयोध्या श्रीमती नीलम वर्मा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कैनाईन रैबीज कन्ट्रोल यूनिट, अयोध्या बृजेश कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, पशुचिकित्सालय, मवई, अयोध्या उप मंत्री उपाध्यक्ष संगठन मंत्री फूल कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, पशुचिकित्सालय, सोहावल, अयोध्या सदस्य कार्यकारिणी अशोक कुमार दूबे पशुचिकित्सालय, चौरे बाजार, अयोध्या, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार यादव पशुचिकित्सालय, पूरा बाजार मौजूद रहे।



## अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का समापन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में रविवार को आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित अंग्रेजी विभाग के तत्वाधान चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन किया गया। जानकारी के अनुसार 4 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन सभा अध्यक्ष के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय मे अंग्रेजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर गौरी बेहरा मौजूद रहे। द्वितीय दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि एलबीएस पीजी कॉलेज गोंडा से अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो बीएस राव और एचआर पीजी कॉलेज खलीलाबाद से अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो गणेश कुमार श्रीवास्तव ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज बहराइच के प्राचार्य प्रो डीडी तिवारी तथा शोहरतगढ पीजी कॉलेज से अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित सिंह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। सभा अध्यक्ष प्रो बेहरा ने अपने सम्बोधन मे फिल्म तथा नाटकों मे गांधी जी के चित्रण पर अपना विचार रखा। प्रो श्री प्रकाश मिश्र ने सेमीनार के सफल संचालन के लिए डॉ आरके शुक्ल को धन्यवाद दिया। वक्ता प्रो गणेश कुमार श्रीवास्तव ने गांधी दर्शन का भारतीय अंग्रेजी साहित्य पर प्रभाव के विषय मे अपने विचार व्यक्त किए। डॉ अमित सिंह ने महात्मा गांधी की प्रसिद्ध पुस्तक हिन्द स्वराज पर अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन अभयनाथ ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन डॉ आरके शुक्ल ने किया। सेमिनार में आनलाइन माध्यम से भी कई वक्ता जुड़े रहे। सेमीनार के सफल सम्पादन में मे डॉ बीएल गुप्ता, अभयनाथ ठाकुर, डॉ श्रद्धा सिंह ,शिवम सिंह, अंकिता वर्मा ने विशेष सहयोग किया। सेमीनार मे अन्य वक्ताओ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिसमे लखनऊ विश्वविद्यालय मे कार्यरत सहायक प्रोफेसर तथा एमएलके पीजी कालेज के पूर्व छात्र डॉ अभिषेक जयसवाल तथा एलबीएस पीजी कॉलेज गोंडा मे कार्यरत डॉ बंदना भारती प्रमुख हैं। इस अवसर पर आशीष कुमार लाल, डॉओमप्रकाश, डॉ एपी पाण्डेय, डॉ माधवराव द्विवेदी आदि अतिथियों सहित बीस विश्वविद्यालयों से शिक्षक व शोधार्थी मौजूद रहे।

## जनपद के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे कारागार मंत्री, बंदियों से मिलकर जाना उनका हाल-चाल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार में कारगर और होमगार्ड राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति जनपद के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान इस दौरान उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण किया इसके साथ ही वहां मौजूद कैदियों से मिलकर उनका हाल-चाल लिया और उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, केशव कुमार, डिवीजनल कमांन्डेण्ड, होमगार्ड सुनील कुमार ,जिला कमांन्डेण्ट होमगार्ड चंदन सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कारागार के स्वागत कक्ष में सर्वप्रथम मंत्री द्वारा कारागार में बंदियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें यह संकल्प दिलाया गया कि वे सन्मार्गी बनेगें, जिससे उन्हें दोबारा कारागार में न आना पड़े। बंदियों के हृदय में सदविचार उत्पन्न करने हेतु मंत्री ने उन्हें अपने अपने ईष्टदेव की आराधना करने के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों एवं वचनों में बंदी इतना सराबोर हो गये कि तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत कक्ष गूंज उठा। तत्पश्चात मंत्री ने बदियों को कारागार में संचालित कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यकमों में रूचि लेकर निरन्तर सीखते रहने के लिए उत्साहित किया। जिससे वे जेल से छूटने के बाद आत्म निर्भर बन सकें।



मंत्री ने जरूरतमंद बदियों जैसे जिनकी मुलाकात नही आती है, जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से असहाय हैं एवं 70 वर्ष से ऊपर वाले बंदियों को कम्बल एवं गर्म कपड़े के साथ-साथ हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड भी वितरण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भी मंत्री के अमृत वचनों को जीवन में लागू करने के लिए बंदियों को अनुप्राणित किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राम कुबेर सिंह के नेतृत्व में कारापाल शैलेष कुमार सिंह सोनकर, उपकारापाल निर्भय कुमार सिंह,उपकारापाल जन्मेजय सिंह, उपकारापाल धीरेन्द्र यादव उपकारापाल संयोगिता यादव, शारदा यादव व अन्य कर्मचारीगण ने पूर्ण गणवेश में रहते हुए मंत्री के भ्रमण कार्यकम को सकुशल सम्पन्न कराया।

# प्रतिकूलता में अनुकूलता का दर्शन करने वाला युवा रामः शान्तनु महाराज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**जौनपुर।** भारत के प्रख्यात कथावाचक आचार्य शान्तनु महाराज ने कहा कि युवाओं को साधु जैसा गुण एकत्र करने वाला होना चाहिये। युवाओं को श्रीराम के आदर्श चरित्र से समुद्र जैसी गम्भीरता एवं हिमालय जैसा धैर्य, क्रोध पर नियंत्रण, प्रतिकूलता एवं अनुकूलता, निस्वार्थ मित्रता, खुद श्रेय न लेकर अपने साथियों को दे देना जैसे गुणों को प्रभु श्रीराम से आत्मसात करना चाहिये।
युवाओं में राम वैचारिक संगोष्ठी का किया गया आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जौनपुर के महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत युवाओं में राम को जागृत करने के उद्देश्य से एक भव्य वैचारिक संगोष्ठी युवाओं में राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। शांतनु महाराज ने कार्यक्रम की समाप्ति पर बहुत सारे विद्यार्थियों के इस विषय पर किये गये प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शान्त किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भारत की आत्मा स्वतंत्र हुई है। संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय में कराये जाने का उद्देश्य युवाओं को संदेश देना है कि भगवान राम जिन आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को जिये हैं उन आदर्शों का अनुसरण करते हुए हमारे युवाओं को विकसित भारत का निर्माण करना है।
कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख मनीष प्रताप ने अतिथि परिचय कराया। प्रथम सत्र में उद्बोधन देते हुए प्रान्त प्रचारक रमेश जी ने कहा कि सर्वाधिक ऊर्जा शक्ति युवाओं में निहित है। जब भी देश में गंभीर चुनौतियां आई है उनके समाधान में युवाओं का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि राम सृष्टि के नियंता हैं, राम देश की आत्मा हैं, राम एक परम्परा हैं, संस्कृति हैं, राम को राष्ट्र के रूप में, जीवन के एक मूल्य के रूप में जाना जाता है। जब असुरि प्रवृत्तियों का प्रभाव पड़ता है तब भगवान राम का पदार्पण होता है। मर्यादा के रूप में कैसे रहते हैं वह राम हैं, कैसे मर्यादा में रखा जाता है वह कृष्ण है। राम कथा का केवल श्रवण ही नहीं अनुसरण भी करना चाहिये तभी राष्ट्र निर्माण होगा।
डॉ.अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान राम हमारी प्रेरणा हैं। युवा शक्ति भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करेगी तो हमारा राष्ट्र आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डा. कुलदीप जी प्रान्त बौद्धिक प्रमुख काशी प्रान्त ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं में हनुमान जी शक्ति को देखना और जामवन्त की तरह उनकी युवा शक्ति को जगाना है।
जौनपुर विभाग के सह विभाग संघचालक अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मन्दिर समाज के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इसी भावना को जागृत करने के निमित्त इस एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता एवं प्रभु श्रीराम की आरती से किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, अमित निगम, डॉ. राजीव, डॉ. मुक्ता राजे सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीयू में फंक्शनल मटेरियल पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जुटेंगे देश-विदेश के वैज्ञानिक

* सम्मेलन के लिए पीयू को सर्ब, डीबीटी, डीआरडीओ, सीएसआईआर से मिला अनुदान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान द्वारा फंक्शनल मटेरियल विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 8 से 10 फरवरी 2024 को किया जा रहा है। यह सम्मेलन एशियन पॉलीमर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा है। फंक्शनल मटेरियल एक बहुआयामी पदार्थ है जिसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए बनाया जाता है। फंक्शनल मैटेरियल इंजीनियरिंग, मेडिसिन, स्पेस व कई अन्य क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक तथा रज्जू भैया संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि 8 फरवरी से प्रारंभ होने वाले त्रिदिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डीएमएसआरडीई, डीआरडीओ कानपुर के निदेशक डॉ मयंक द्विवेदी हैं तथा विशिष्ट अतिथि राजर्षि जनक विश्वविद्यालय, नेपाल के कुलपति प्रो. अमर प्रसाद यादव, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राजाराम यादव तथा दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन होंगी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह करेंगी। सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. नितेश जायसवाल ने बताया कि इस सम्मेलन में 70 से अधिक आमंत्रित वक्ताओं को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के कुल 300 से अधिक शोधार्थियों ने प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण किया है। 240 शोधार्थियों ने अपने शोध कार्यों के सारांश को प्रस्तुत करने के लिए भेजा है।
सम्मेलन के कोषाध्यक्ष डॉ.सुजीत कुमार चौरसिया ने बताया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय तथा भारत सरकार की चार वैज्ञानिक संस्थाओं के वित्तीय सहयोग से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। भारत सरकार का जैव प्रौद्योगिकी विभाग डीबीटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड सर्ब, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, रक्षा एवं विकास अनुसंधान संगठन डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, तथा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक की अनुसंधान परिषद सीएसआईआर इस सम्मेलन के सहयोगी है।

# धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक को लिया हिरासत में

* मौके पर चल रही थी ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा
* बरदह थाना क्षेत्र के उदियावा गांव का मामला

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**गौराबादशाहपुर।** जनपद की सीमा के पास स्थित आजमगढ़ जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के उदियावा गांव में ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा तथा धर्म परिवर्तन करवाने की सूचना पर पुलिस ने प्रार्थना स्थल पर छापेमारी की।
इस दौरान मौके पर प्रार्थना सभा चलती हुई मिली तथा ईसाई धर्म से संबंधित तमाम पुस्तक इत्यादि बरामद हुई। पुलिस ने मौके से ईसाई धर्म के पादरी दिनेश को हिरासत में ले लिया। ज्ञातव्य हो की उदियावा गांव में विगत लगभग 8 वर्षों से ईसाई धर्म की हर रविवार को प्रार्थना सभा इसी गांव निवासी दिनेश द्वारा आयोजित की जा रही थी। जिसमें धीरे-धीरे अन्य जनपदों से भी काफी संख्या में ईसाई धर्म को मानने वाले पहुंचने लगे थे, तथा यहां पर धर्म परिवर्तन का खेल भी शुरू कर दिया गया था।धर्म परिवर्तन के जाल में फांस कर उदियावा गांव के ही कई परिवार अपना धर्म बदलकर ईसाई धर्म स्वीकार कर चुके है। जनपद जौनपुर के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भुईली गांव निवासी शिवम सिंह तथा अन्य ग्रामीणों को जब जनपद की सीमा पर इस तरह के प्रार्थना सभा के आयोजित होने की भनक लगी तो उन लोगों ने रविवार की इसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। जिस पर जब रविवार को पुलिस ने मौके पर छापेमारी की तो वहां पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं तथा पुरुष प्रार्थना स्थल पर उपस्थित मिले तथा प्रार्थना सभा जारी मिली।
पुलिस ने मौके से पादरी दिनेश को हिरासत में ले लिया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष बरदह ने बताया कि शिवम सिंह द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जा रही है फिलहाल अभी धर्म परिवर्तन करवाए जाने की कोई पुष्टि नहीं हो पाई है।

# बाइक से गिरकर एक घायल, दो की मौत

* घर में थी बहन की बिदाई, सामान लेने जा रहे थे तीनों युवक
* परिवार में सबसे छोटा लड़का था आंनद ,30 जनवरी को बहन की हुई थी शादी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**जफराबाद।** क्षेत्र के दरीबा बाईपास के पास रविवार की सुबह एक बाइक पर तीन सवार युवक अपनी मोटरसाइकिल लेकर गिर गयें, जिसमें दो युवकों की मौत हो गयी, एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।
मकदूमपुर ताड़तला निवासी आंनद सोनकर उम्र 15 वर्ष व अमित सोनकर उम्र 16वर्ष पुत्रगण रामदास व आंनद सोनकर के मौसी का लड़का श्याम बाबू उम्र 19 वर्ष पुत्र संजय सोनकर निवासी हरिहरपुर थाना चंदवक तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर बाजार से सामान लेने जा रहे थे।दरीबा के पास अपनी बाइक लेकर फिसल गयें जिससे काफी चोट लग गयी। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों युवकों को जिलाचिकित्सालय ले गयी जहाँ पर चिकित्सकों की टीम ने आंनद सोनकर व श्याम बाबू की मौत होने की पुष्टि की तथा अमित सोनकर घायल है जिसका इलाज चल रहा है। थानाप्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर का सबसे छोटा लड़का आंनद था।सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वही माँ अनिता देवी व परिवार के अन्य लोगों का करुण क्रंदन सुनकर वहां मौजूद सभी लोगों के आँखों से आसू टपक पड़े। मां अनिता देवी की चीख पुकार से माहौल पूरी तौर से गंभीर नजर आया। लोगों के बीच यही चर्चा होती रही कि अब उसके मां-बाप की पहाड़ सरीखी जिंदगी अब कैसे बीतेगी।

**30 जनवरी को थी बहन की शादी, आज थी बिदाई**

**जफराबाद।** खुशी के माहौल में उस समय गम छा गया जब आंनद व श्याम बाबू की मौत की सूचना घर पर पहुंची, 30 जनवरी को घर में आंनद की बहन की शादी थी आज उसकी बिदाई थी उसके ससुराल वाले बिदाई कराने के लिए आ रहे थे, उसकी के सिलसिले में कुछ सामान को लेने के लिए तीनों युवक बाजार जा रहे थे,रास्ते में बाइक फिसलने से गिरकर चोटिल हो गए इलाज के दौरान दो की मौत हो गयी,एक घायल हो गया।

# एसडीएम के आदेश पर ढहाया गया अवैध निर्माण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन। जमीन में निर्माण शुरू कर अवैध कब्जा करने का प्रयास पुलिस प्रशासन ने फेल कर दिया। एसडीएम शाहगंज के आदेश पर शनिवार की शाम पुलिस बल के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार सरोज, लेखपाल दूधनाथ, अशोक यादव, अभिषेक सिंह ने बुलडोजर से अवैध निर्माण ढहवा दिया। उक्त गांव में दो सगे भाई युसुफ व युनुस सरकारी भूमि के बगल अपना मकान बनाने के महीनों पूर्व से सरकारी भूमि में अवैध निर्माण शुरू कर दिए। शिकायत पर कई बार काम रोका गया। लेकिन चोरी छिपे निर्माण करते रहे। जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी शाहगंज से की गई। जांच में आरोप सही पाया गया।

# हर वर्ग के लोगों की समस्या को दूर सभी की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

गांव जमुनिया खास में जन कल्याण सुरक्षा संघ की बैठक पार्टी कार्यालय पर हुई। इसमें संघ के कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। कहा गया कि संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का कर्तव्य है कि हर वर्ग के लोगों की समस्या को दूर कराएं। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने कहा कि सभी अपने आसपास व क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर सक्रियता बनाएं। ताकि लोगो को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पहले पदाधिकारियों के कार्ड लेटर की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य थी जिसे संशोधन कर आजीवन कर दिया गया है। उन्होंने सभी से संगठन में हर वर्ग के लोगो को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की बात कही। बैठक में रामसनेही वर्मा, मूलचन्द पांडेय, राय सिंह यादव, दिनेश कुमार, मोहन लाल, रामनाथ कश्यप, विक्रम, रामऔतार, अजय वर्मा, माखन लाल, जोगराज, रामकुमार, राज पासवान, राजकुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद

# चंदिया हजारा में शीघ्र शुरू होगा जीओ बैग कार्य

* लखनऊ से पंहुचे कार्यदाई संस्था के ठेकेदारों ने किया स्थलीय निरीक्षण
* करीब 9.98 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा बाढ़ बचाव कार्य

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

चंदिया हजारा क्षेत्र में शारदा नदी किनारे जिओ बैग लगाने के कार्य की प्रक्रिया टेंडर होने के बाद तेज हो गई है। रविवार को लखनऊ से आए कार्यदायी संस्था के ठेकेदार ने सिंचाई विभाग के कर्मचारी और ग्रामीणों के साथ नदी का स्थलीय जायजा लिया। सामान लाने और उसके रखने का ठिकाना देखा। उन्होंने जल्द जिओ बैग लगाने का कार्य प्रारंभ करने का ग्रामीणों का भरोसा दिया। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि फरवरी माह में नदी पर जिओ बैग लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। वहीं मार्च माह में चैनेलाइजेश का कार्य भी शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।
पूरनपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा में शारदा नदी पर ड्रेजिंग द्वारा चौनलाइजेशन का कार्य वर्ष 2017-18 से प्रस्तावित है। इसके लिए शासन से बजट भी जारी हो चुका है लेकिन वन विभाग से एनओसी न मिलने से कार्य लटका था।
शारदा नदी बाढ़ और कटान की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने चंदिया हजारा में 11 सितंबर से बेमियादी भूख हड़ताल शुरू की। वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा जारी करने, तटबंध के लिए सरकार द्वारा जियो बैग की परियोजना स्वीकृत करने और जिन परिवारों की जमीन नदी में समा गई उनको जमीन आंवटित करने की मांग पूरी होने पर 21 दिसंबर 2023 को 102 दिन बांद आंदोलन समाप्त हुआ था। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि जिओ बैग लगाने के कार्य का टेंडर हो गया है। करीब 9.98 करोड़ रुपए की लागत से कार्य होना है। रविवार को लखनऊ से आए कार्यदायी संस्था के लोगों ने स्थानीय सिंचाई विभाग के कर्मचारी और ग्रामीणों के साथ शारदा नदी पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने जियो बैग लगाने के लिए सामान लाने वाले रास्ते और निर्माण सामिग्री को रखने का ठिकाना भी देखा। ठेकेदार ने ग्रामीणों को भरोसा दिया है कि जिओ बैग लगाने का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। चंदिया हजारा के आसपास इलाके में करीब 15 सौ मीटर में जिओ बैग लगाए जाएंगे। प्रधान ने बताया कि शारदा नदी पर प्रस्तावित ड्रेजिंग द्वारा चैनलाइजेशन का कार्य अधिशासी अभियंता आशापुर वाराणसी से हटाकर अधिशासी अभियंता स्थापना खंड कानपुर को दिया जा चुका है। करीब एक माह पहले कानपुर के अधिशासी अभियंता आशुतोष सिंह ने भी टीम के साथ शारदा नदी पर पहुंचकर कार्य के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया था। उन्होंने भी मार्च माह में चैनलाइजेशन का कार्य शुरू कराने की बात कही थी। क्षेत्र के लोगों ने प्रस्तावित दोनों कार्य जल्द कराने की मांग उठाई है। ताकि भविष्य में नदी की बाढ़ और कटान की समस्या से निजात मिले।

# एसडीएम के आदेश पर ढहाया गया अवैध निर्माण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**खुटहन।** ताजुद्दीनपुर गांव में सरकारी जमीन में निर्माण शुरू कर अवैध कब्जा करने का प्रयास पुलिस प्रशासन ने फेल कर दिया। एसडीएम शाहगंज के आदेश पर शनिवार की शाम पुलिस बल के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार सरोज, लेखपाल दूधनाथ, अशोक यादव, अभिषेक सिंह ने बुलडोजर से अवैध निर्माण ढहवा दिया। उक्त गांव में दो सगे भाई युसुफ व युनुस सरकारी भूमि के बगल अपना मकान बनाने के महीनों पूर्व से सरकारी भूमि में अवैध निर्माण शुरू कर दिए। ग्रामीणों की शिकायत पर कई बार काम रोका गया। लेकिन वे चोरी छिपे निर्माण करते रहे। जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी शाहगंज से की गई। जांच में आरोप सही पाया गया। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम ने निर्माण ढहाकर सरकारी भूमि खाली करा दिया।

# हाईवे के किनारे फॉरेस्ट लाइन से 100 पेड़ों का सफाया, 42 पेड़ों का दर्ज किया केस

* हरे भरे पेड़ों के अवैध कटान से अंजान बने रहे अफसर
* क्षेत्रीय वनाधिकारी ने मौके पर पहुंच कर की जांच

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



> हाईवे के किनारे काटे गए पेड़ों का मामला संज्ञान में आया है। मौके पर पहुंच कर जांच की गई है। 42 पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया है। अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।
>
> पीयूष मोहन श्रीवास्तव, रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर।

लकड़कट्टों ने नेशनल हाईवे के किनारे फॉरेस्ट लाइन में खड़े सैकड़ो हरे भरे पेड़ों का सफाया कर दिया। पेड़ों के अवैध कटान में वन विभाग के अधिकारी पूरी तरह अनजान बने रहे। मामला उजागर होने के बाद वन विभाग ने अज्ञात लकड़कट्टों के खिलाफ केस दर्ज किया है।
प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण पर जोर दिया जा रहा है। पूरनपुर क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लगातार हरियाली का सफाया हो रहा है। पूरनपुर वाया मैगलगंज नेशनल हाईवे के शेरपुर मकरंदपुर मोड़ से कल्यानपुर तक फॉरेस्ट लाइन में खड़े सैकड़ो पेड़ों का सफाया कर दिया गया। लकड़कट्टों ने भारी मात्रा में पेड़ों का अवैध कटान कर लकड़ी को भी ठिकाने लगा दिया हाईवे के किनारे व्यापक स्तर पर हुए अवैध कटान के बाद भी वन? विभाग के अधिकारियों भनक नहीं लगी। रविवार सामाजिक वानिकी क्षेत्रीय वनाधिकारी पीयूष मोहन श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंच कर जांच की। जांचमे हाईवे के किनारे पेड़ों का अवैध कटान पाया गया।पेड़ों के अवैध कटान का मामला उजागर होने के बाद वन विभाग ने अधिकारियों ने कार्रवाई में भी जमकर लीपा पोती की। नेशनल हाईवे के किनारे सैकड़ों पेड़ों के अवैध कटान के मामले में वन विभाग ने अज्ञात लकड़कट्टों के खिलाफ 42 पेड़ काटे जाने का केस दर्ज किया, जबकि मौके पर 100 से अधिक पेड़ों को काटा गया है।

# रम्पुरा को जाने वाला मार्ग है जर्जर पालिका प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान



जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

पीलीभीत हाइवे से रम्पुरा को जाने वाला सम्पर्क मार्ग काफी समय से जर्जर हालत में है। उधर से अधिकारियों की भी गाड़ी निकलती हैं लेकिन इस मार्ग की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मोहल्लाबासियों ने कई बार पालिका प्रशासन से मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की लेकिन पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।
बीसलपुर पीलीभीत हाइवे से रम्पुरा को जाने वाला सम्पर्क मार्ग काफी समय से गड्ढों में तब्दील हो गया है। इस मार्ग की दूरी केवल 500 मीटर है। गड्ढों में गिरकर कई बार बाइक सबार घायल भी हो चुके हैं। लोगों को बाइक से इस 500 मीटर की दूरी तय करने के लिए लगभग 15 मिनट लगते हैं। मोहल्ला बासियों ने कई बार पालिका प्रशासन से इस मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की लेकिन पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जल्द इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई भी बड़ा हादसा होने से टाला नहीं जा सकता। मोहल्ला बासियों में पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है।

# क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग बंधवा लोहिंदा मार्ग का किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने रविवार विधान सभा क्षेत्र की जनता की बहु प्रतीक्षित मांग बक्शा- तेजीबाजार- लोहिंदा- बंधवा मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य प्रारंभ किए जाने हेतु आज भूमि पूजन करके शिलान्यास किया।
श्री मिश्र ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के बेहद महत्वपूर्ण 31 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य 46 करोड़, 90 लाख रूपये की लागत से किया जाएगा। इस मार्ग को स्मार्ट मार्ग बनाया जाएगा और इस मार्ग में आने समस्त बाजारों व आबादी वाले भाग में सीसी रोड और बाकी बचे मार्ग पर पिच मार्ग बनाया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विनय कुमार सिंह, भोलानाथ मिश्र, राम सहाय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष गण बलबीर गौड़, लवकुश सिंह, शनि शुक्ला, अतुल कुमार दूबे, उमा प्रताप सिंह, आशीष सिंह आशु, अशोक सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, वैभव सिंह, विनोद मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश में किसानों की फसल हुई बर्बाद



* रविवार को भी हुई बारिश में बच्चे छाता लगाकर अपने घरों को जाते दिखाई दिय

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

पिछले गुरुवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जहां किसानों को फायदा हुआ तो वहीं किसानों को नुक्शान का भी सामना करना पड़ा। सरसों, लाही की फसल गिरकर बर्बाद हो गयी। रविवार को भी हुई बारिश में बच्चे छाता लगाकर अपने घरों को जाते दिखाई दिये।
पिछले गुरुवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से किसानों के गेहूं, मसूर की फसल को फायदा हुआ तो वहीं लाही, सरसों की फसल तेज हवा चलने के कारण गिरकर बर्बाद हो गयी है।
जिससे किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। छोटे छोटे बच्चे छाता लगाकर भीगते हुए अपने घर को जाते दिखाई दिये। बारिश होने से व्यापार पर भी फर्क पड़ा। तो वहीं मैजिक चालक व टुकटुक चालक सबारियों के इंतजार में पूरे दिन खड़े रहे।

# डोभी क्षेत्र में आएं तो हेलिकॉप्टर का करें प्रयोग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**केराकत।** मुआवजे की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्षरत किसानों के सब्र का बांध अब टूटता हुआ दिखलाई देने लगा है। ऊपर से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का उपेक्षात्मक रूख किसानों को और भी उग्र बना रहा है। आक्रोशित किसानों ने सांसद-विधायक, मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को सावधान करते हुए चेताया है कि डोभी में आने-जाने के लिए हेलिकॉप्टर का करें प्रयोग। अब समझा जा सकता है कि किसानों ने ऐसा क्यों ऐलान किया है, क्यों सड़क मार्ग के बजाए हेलिकॉप्टर से आने का सुझाव देते हुए जगह-जगह श्लोगन लिखवाया है। यह पूरे क्षेत्र में न केवल चर्चा का विषय बना हुआ है बल्कि किसानों के समर्थन में जनमानस भी एकजुट और आक्रोशित होने लगा है। दरअसल, डोभी क्षेत्र के किसानों को एनएचआई की घोर लापरवाही मनमानी ही नहीं तानाशाही का दंड भुगतना पड़ रहा है।

# छत्तीसगढ़ मजदूरी करने गए युवक की लखनऊ में मौत



जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

**पूरनपुर।** छत्तीसगढ़ में मजदूरों के साथ गन्ने की छिलाई करने गए युवक की वापस लौटते समय दौरान लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लखनऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक की बहन ने लापरवाही से भाई की मौत का आरोप लगाकर ठेकेदार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। घुंघचाई निवासी मृतक की बहन रेखा देवी ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कंधई (35) पुत्र छंगेलाल को 20 दिन पूर्व पड़ोस के ही गांव निवासी एक ठेकेदार गन्ने की छिलाई के काम से छत्तीसगढ़ लेकर गया था। ठेकेदार ने फोन पर जानकारी के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। छत्तीसगढ़ मजदूरी करने गए युवक की शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में लखनऊ में मौत हो गई। घटना की जानकारी पर स्वजन भी पंहुच गए। लखनऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। रविवार शाम शव घर पहुंचते ही स्वजनों में चीत्कार मच गया। मृतक की बहन ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

# फैक्ट्री के कैशियर से देर शाम चार लाख की लूट से मचा हड़कंप

* पुलिस ने लुटेरे को दबोचा, तीन लाख रुपए हुए बरामद
* लोडर चालक ने अपने दोस्त के योजना बना कर दिया लूट को अंजाम

जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला






**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र में बीती देर रात दही बैट्री बनाने वाली फैक्ट्री के कैशियर से चार लाख की लूट हो गई। लूट की जानकारी से हरकत में आई पुलिस ने स्वाट टीम के साथ लूट को अंजाम देने वाले चालक और उसके साथी गिरफ्तार कर तीन लाख रुपए बरामद कर लिए हैं। शेष रकम की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित बैट्री बनाने की एक फैक्ट्री से अक्सर माल लोडर के जरिए शाहजहांपुर जाता है। शनिवार फैक्ट्री के लोडर से माल शाहजहांपुर भेजा गया। लोडर में चालक मनोज पुत्र पंचम निवासी रावतपुर सुदेशा थाना माखी के अलावा फैक्ट्री का कैशियर उमेश उर्फ वीरेंद्र बहादुर पुत्र राम शकर निवासी निवासी पहाड़पुर कोतवाली बीघापुर भी गया था। शाहजहांपुर में माल उतारने के बाद बिक्री का चार लाख रुपये कैशियर ने बैग में रख लिया। वहां से वापसी का माल लोडर में लादकर चालक व कैशियर फैक्ट्री के लिए निकले। सदर कोतवाली अंतर्गत हरदोई-उन्नाव मार्ग पर सिंगूपुर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे चालक ने जान बूझकर लोडर बंद कर दिया और खराब हो जाने की बात कैशियर से कही और उससे लोडर का बोनट उठाने को कहा। कैशियर उतरकर बोनट ठेक ही रहा था की बाइक से आए बदमाश ने कैशियर की आंख में मिर्च पाउडर झोंक दिया और बैग छीनकर भाग निकला।

कैशियर के शोर मचाने पर कुछ दूरी पर खड़ी पीआरवी मौके पर पहुंची। पीआरवी ने घटना की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को दी। लूट की सूचना मिलते ही सदर कोतवाल पीके मिश्रा स्वाट टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कैशियर और चालक से पूछताछ हुई तो चालक टूट गया और सच बता दिया। उसके बताया कि बैग में चार लाख रुपये देखकर उसकी नीयत खराब हो गई। उसने अपने मित्र संजय निवासी बछरावां जिला रायबरेली के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। स्वाट टीम ने रात में ही रायबरेली में दबिश देकर बैग लूट कर भागने वाले चालक के मित्र को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस को तीन लाख रुपये बरामद हुए।

लुटेरे ने बताया कि बैग लूटने के बाद उसकी चेन में राखे तीन लाख रुपये निकाल कर अपने बैग में रख लिए और बैग रास्ते में फेंक दिया। कैशियर के अनुसार उसने दूसरी चेन में एक लाख रुपये रखे थे। लुटेरे के साथ पुलिस बैग की तलाश कर एक लाख रुपये बरामद करने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने और जल्द घटना का खुलासा करने की बात कही है।

## आपसी मतभेद भुला कर फिर साथ रहने को राजी हुए 29 जोड़े


जोड़े के साथ केंद्र के सलाहकार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

परिवार परामर्श केंद्र में आपसी विवाद वाले जोड़ो को बुला कर वार्ता कराई गई। इस दौरान 29 जोड़े अपना मनभेद भुला कर फिर साथ रहने को राजी हुए। जिस पर उन्हें हंसी खुशी विदा किया गया। पूर्व की भांति इस रविवार भी पुलिस लाइन सभागार के साथ सभी थानों के महिला हेल्प डेस्क पर परिवार परामर्श केंद्र के आयोजन किए गए। जिसमे आपसी मतभेद के चलते उपजे विवाद वाले जोड़ो को बुला कर आपस में वार्ता कराई गई। इस दौरान 29 दंपति अपने विवाद भूल कर फिर से एक साथ रहने का वादा लेकर विदा किए गए।

इनमें महिला थाना से सात, परिवार परामर्श केन्द्र से पांच, थाना पुरवा व सोहरामऊ से तीन तीन, बांगरमऊ, गंगाघाट, अचलगंज व बेहटामुजावर से दो दो, हसनगंज, माखी व अजगैन से एक एक जोड़े सामिल रहें। इस काम में समिति के प्रभारी डा.आशीष श्रीवास्तव व सलाहकारों मे राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा.एस.के. पाण्डेय, डा.शशि रंजना अग्निहोत्री, साबिहा उमर, अबसार अली खान का विशेष योगदान रहा।

## महिलाएं कलश लेकर गंगा तट पहुंचीं

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

पोनी रोड स्थित श्रीराधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में श्रीमद देवी महापुराण कथा का रविवार को शुभारंभ हुई। जहां सुबह के समय आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की।

जिसके बाद महिलाएं कलश लेकर गंगा तट पहुंची। जल भर दुर्गा मंदिर होते हुये कथा स्थल पर कशल की स्थापना कराई गई। जिसके बाद आचार्य पं. शिव कुमार दीक्षित ने शिव महापुराण का बखान करते हुए कि जीवन में तीन ताप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाएं जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। स्वामी जी ने कहा कि तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे जब तक शिवपुराण हमारे जीवन में शामिल ना हो जाए यही शिवपुराण की महिमा है। भगवान शंकर जी मंगल राशि है उनका नाम और ध्यान भी मंगलमय है। शिव जैसा समान दृष्टा कौन होगा, महादेव दैत्य एवं देवों के लिए सदा कृपा वंत रहते हैं। इस मौके पर कमल दोसर, मीना दोसर, संजय तिवारी, प्रसून दोसर, शिल्पी गुप्ता, माधुरी गुप्ता, लक्ष्मी, आशा वर्मा, आनंद रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया।

मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 रवि सचान, शिप्रा झा, डॉ0 रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी।

इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 65 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

## कोटा खत्म करने पर दिव्यांगों का सरकार को अल्टीमेटम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आसरा आवास योजना में दिव्यांगजन व ओ0बी0सी0 का आरक्षण खत्म करने के विरोध में आन्दोलन की घोषणा कर दी है।


प्रथम चरण में विधायक सुरेन्द मैथानी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा, दुसरे चरण में सयुक्त पुलिस आयुक्त को ज्ञापन भेजा जायेगा, तीसरे चरण में जिलाधिकारी कार्यालय में खाट बिछाओ-अधिकार दिलाओ आन्दोलन शुरू किया जायेगा आज इस सम्बन्ध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 फरवरी को संयुक्त पुलिस आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। तिसरे चरण में 12 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय में खाट बिछाओ अधिकार दिलाओ आन्दोलन शुरू होगा। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों कि अनदेखी कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि जिन लोगों के नाम आसरा आवास योजना में लाटरी में निकाला गया था उनके नाम आवंटन लिस्ट से गायब है। विश्वनाथ सिंह, गौरव कुमार, बैभव दीक्षित ने इसकी शिकायत की है। ये सभी लोग आवंटन के दिन एच0बी0टी0यू0 में लाटरी के दौरान मौजूद थे और इनका नाम लाटरी में डाला गया था।

आवंटन लिस्ट में इनका नाम नहीं है। आवंटन में दिव्यांगजनों का आरक्षण कोटा पूरा नहीं किया गया है ये मनमानी की गयी है। इसका विरोध सड़को पर होगा जन प्रतिनिधियों को भी घेरा जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनो को सत प्रतिशत आवास मिलना चाहिए, लेकिन यहाँ तो दिव्यांगों के आरक्षण पर ही डकैती डाली जा रही है। ज्ञापन देने वालों व बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अशोक कुमार, अरविन्द सिंह, कमलेश कुमार सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, सत्य प्रकाश शुक्ला, अर्जुन कुमार आदि शामिल थे।

## बेखौफ चोरों ने दुकान और दो घरों को बनाया निशाना





* चोरियों ने खोली पुलिस की रात्रि गश्त के दावों की पोल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हसनगंज कस्बे में बीती रात कपड़े की दुकान समेत कोतवाली क्षेत्र के दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने नकदी व जेवरात समेत लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने भी कोतवाली पहुंचकर जल्द से जल्द खुलासा करने का अल्टीमेटम दिया। साथ ही अन्यथा की स्थिति में पुलिस की शिथिलता के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

हसनगंज कोतवाली के पांच सौ मीटर की दूरी पर अवध ग्रामीण बैंक के बगल में कस्बा निवासी अंकित गुप्ता की श्रवण गारमेंट्स के नाम से दुकान है। बीती रात चोरों ने पीछे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। जहां उन्होंने दुकान में गुल्लक लाक तोड़ कर 90 हजार रूपए की नगदी व चांदी के बीस सिक्के पार कर दिए। चोरी की सूचना मिलते ही हसनगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता अपने पदाधिकारियों के साथ पहुंचे जल्द से जल्द खुलासा करने का अल्टीमेटम दिया। वहीं दूसरी घटना रसूलपुर बकिया गांव की है। यहां रामेश्वर सिंह पुत्र पीताबर सिंह के सूने घर में पीछे की दीवार से घर के अंदर दाखिल होकर अलमारी का ताला तोड़कर 35 हज़ार रुपए की नकदी, सोने के एक जोड़ी झाला, चांदी के एक जोड़ी पायल पार कर ले गए। तीसरी घटना इसी गांव में 100 मीटर दूर मोहल्ले की है। जहां चोरों ने गंगाराम के घर को निशाना बनाया। गंगाराम परिवार के साथ मुंबई में रहकर लांड्री का काम करता है। उसके घर में जीने के रास्ते दाखिल हुए चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर बर्तन व कपड़े पार कर दिए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली हुई है। जांच की जा रही है।

### लगातार चोरी की घटनाओं से पनप रहा जनाक्रोश

बता दें कि हसनगंज कस्बे में एक महीने पहले लाखों की चोरी हुई लेकिन पुलिस खुलासे व छानबीन करने की बात कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। खास बात यह है कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में दर्जनों चोरियां कागजों में दफन हो गई जिससे चोरों के हौसले बुलंद है। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

## बिल्हौर में गूंजे जगतजननी के जयकारे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे मे योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशानिर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील बिल्हौर के सदस्यों द्वारा कस्बा क्षेत्र के शुभम गेस्ट हाउस में माता आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा की दिव्य मासिक महाआरती जयकारों एवं भवगीतों के साथ भव्यतापूर्वक संपन्न की गई। आपको बता दें कि इस संगठन का लक्ष्य धर्म राष्ट्र मानवता की सेवा करना है। उद्देश्य नशामुक्त, मांसाहारमुक्त, भय भूख भ्रष्टाचार से मुक्त चरित्रवान एवं संस्कारवान समाज का निर्माण करना है।

कार्यक्रम के अंत में सर्वेश सचान, सुभाष चंद्र, वीरेंद्र मिश्र एवं महिला शाखा की तहसील अध्यक्ष श्रीमती नीरज कटियार ने संगठन की विचारधारा के प्रति बड़े सारगर्भित विचार व्यक्त किये। अंत में संगठन के तहसील अध्यक्ष डॉ.संजय त्रिपाठी ने आए हुए सभी मांभक्तों के प्रति तहेदिल से आभार व्यक्त किया। आपने योगीराज श्रीशक्तिपुत्र जी महाराज द्वारा 10 एवं 11 फरवरी को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित शक्ति चेतना जन जागरण शिविर में पहुंचने के लिए आमंत्रित एवं निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन टीम प्रमुख श्रवण कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित मां भक्तों ने शक्तिजल एवं प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर सत्यवती पाल, श्रीकृष्ण कठेरिया, उदयनारायण सचान, रविशंकर गुप्ता, मेवालाल, सोनू तिवारी, किशनलाल पाल, निधि चौरसिया, विनोदिनी त्रिपाठी, रौनक पाल, वीरेंद्र कटियार, वीरेंद्र मिश्र, सतीश दीक्षित, संजीव कटियार, अमोल सिंह, मेवालाल, राकेश गौतम आदि दर्जनों मांभक्त उपस्थित रहे।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा समर्थन में निकला कांग्रेसियों का जन सैलाब

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश के अनुसार विधानसभा एवं वार्ड स्तरीय कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन एवं कांग्रेस के संदेश को घर-घर एवं बूथ स्तर तक पहुंचाने के निर्णायित कार्यक्रम श्रंखला के अंतर्गत रविवार को लक्ष्मीपुरवा खलवा से एक भव्य जनसम्पर्क यात्रा शहर कांग्रेस उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व मे कांग्रेसजनो एवं समर्थको की भारी भीड़ के साथ आयोजित हुई। यात्रा मे जहां कांग्रेसजन झंडो व बैनरो के साथ "लोकतंत्र बचाने को निकले है आओ हमारे साथ चलो, "संविधान बचाने निकले है आओ हमारे साथ चलो, "न्याय मांगने निकले है आओ हमारे साथ चलो "जाति-धर्म के बंधन तोड़ो आओ हमारे साथ चलो आदि जोरदार नारे लगाते हुये चल रहे थे वही, यात्रा का अनेक स्थलो पर फूलमालाओं व पुष्पवर्षा से स्वागत भी किया गया। जनसम्पर्क यात्रा का शुभारम्भ लक्ष्मीपुरवा से हुआ जो डा0 अम्बेडकर मार्ग गर्ग रोड़, जीटी रोड़, सकेरा स्टेट, अनवरगंज स्टेशन, जेके क्वाटर्स होते हुये जरीब चौकी चौराहे पर समाप्त हुई।

जनसम्पर्क यात्रा मे प्रमुख रुप से पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, मदन मोहन शुक्ला, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, विकास सोनकर, दिलीप बाजपेई, ग्रीनबाबू सोनकर, पदम मोहन मिश्र, रामदौर सविता, रामाश्रय पाल, मो. अख्तर,अशोक कोरी, प्रकाश भारती, नूर अहमद, हिमांशु मिश्रा, जियाउर्रहमान अंसारी, मो0 नईम खान, प्रशांत सोनकर, जयचन्द्र सोनकर, मो0 इश्तियाक, अफरोज आलम व मनु पाण्डेय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

## लोकसभा में ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए संगठन की रणनीति तैयार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा ने संगठन के माध्यम से अभी से चुनावी वैतरणी पार करने की तैयारी प्रारंभ कर दी है अकबरपुर लोकसभा के काकादेव स्थिति छपेड़ा पुलिया के पास कार्यालय खोलने के साथ ही सांसद देवेंद्र सिंह भोले अब कार्यालय पर ही लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने का कार्य कर रहे हैं। अकबरपुर लोकसभा में भाजपा संगठन की दृष्टिकोण से जिन जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदारी दी गई है वह अपनी सभी बैठकें लोकसभा कार्यालय पर ही आहूत कर रहे हैं।

## ठाकुर अनुकूल चंद्र चक्रवर्ती का 136वां जन्मोत्सव मनाया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

रविवार को सत्संग अधिवेशन केन्द्र शक्ति नगर के तत्वावधान में भागीरथ लान में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र चक्रवर्ती का 136वां जन्मोत्सव मनाया गया। जहां नगर के अलावा लखनऊ, इलाहाबाद, कानपुर, बनारस, फतेहपुर आदि दूर दराज के भक्तों ने सत्संग में पहुंचे। कार्यक्रम की शुरूआत सदर विधायक पंकज गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को उपहार भी बांटे। जिसके बाद आये वक्ता एम के अस्थाना ने कहा कि ठाकुर जी ने कहा है कि जब तक मनुष्य सदगुरू के शरण में नहीं होता। तब तक उसका कल्याण नहीं हो सकता है। सत्संग से ही ज्ञान का अर्जन होता है। सत्संग के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों के अलावा सत्संग में मौजूद भक्तों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद चखा। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा। इससे पहले बाद मांगलिक पाठ, उसके बाद प्रार्थना, संगीतांजलि, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दुर्गेश तिवारी, योगेश तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## अमित सिंह बनाए गए युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) ने अमित सिंह को कानपुर ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया है। जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष बलबीर सिंह राजावत ने जानकारी देते हुए बताया कि रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) के निर्देशानुसार अमित सिंह को जनसत्ता दल की रीतियों नीतियों एवं सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर उन्हें कानपुर ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष चुना गया है। वही अमित सिंह ने जिला अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करूगा साथ ही साथ संगठन के विस्तार के लिए मजबूती से कार्य करुंगा। अमित सिंह को समस्त उनके करीबी जनों ने अध्यक्ष चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई दी है।

## शिवराजपुर रजबहे में नही पहुंचा महीनों से पानी, किसान परेशान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर चौबेपुर रजवहे में पानी के न आने से किसान फसलों की सिंचाई के लिए परेशान है सैकड़ों किसानों की फसलें सूखने लगी है। निगोहा विरोहा जादेपुर गांव के किसान सुरेंद्र तिवारी शिवसिंह यादव रामप्रकास ने बताया की कई महीनों से रजवहे में पानी नहीं आया है आलू लाही टमाटर की फसलों की सिंचाई नही होने से फसल सूखने को खड़ी है इधर रविवार शाम को तेज बादलों की वजह से किसानों को बारिश का आसार लगने लगा है किसानों का अनुमान है की मौसम के करवट लेते ही बारिश होने से फसलों सूखने से बच सकती है किसानों का आरोप है की निचली गंग नहर से रजवहे में पानी नहीं छोड़ा जाता है जिसके कारण किसानों को कई हजार रूपए का डीजल फसलों के सिचाई में खफा देते है। हल्की बूंदाबांदी के चलते आसरा बना है अगर बारिश ज्यादा हो जाती है तो गेहूं फसल को फायदा होगा।

## सौतेली माँ ने नौ साल की बच्ची को डण्डे से पीट-पीट कर मार डाला







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के बिल्हौर के अरौल थाना क्षेत्र के गजना गांव में शनिवार की शाम एक कलयुगी सौतेली मां के द्वारा नौ साल की मासूम बच्ची को डण्डों से पीट-पीट कर मार डालने का मामला सामने आया है। इस दिल दहलाने देने वाली घटना से आस-पड़ोस के लोगों का कलेजा कांप उठा। ग्रामीणों के मुताबिक सौतेली मां फरजाना ने अपनी नौ साल की बेटी को बहरहमी से पीटा। मासूम बच्ची के सिर से लेकर पांव तक सिर्फ पिटाई और गंभीर चोट के निशान थे। कपड़ों से खून टपक रहा था। मासूम बच्ची का पिता अनीस उर्फ लालू एक डिग्री कॉलेज में ड्राइवर की नौकरी करता है। उसकी पहली पत्नी मीरा की पांच साल पहले मौत हो चुकी थी। मीरा से चार बच्चे आर्यन, रेहाना फरजाना व गुलफ्शा हैं। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने बिहार की फरजाना खातून से शादी की। उससे भी एक बच्ची है। सौतेली मां फरजाना खातून 9 साल की बच्ची से पूरे घर का काम कराती थी। बच्ची से पूरे गांव में भीख मंगवाती और खाने को भी भर पेट नहीं देती थी। इसके बाद उसे आए दिन बेरहमी से पीटती थी।

शनिवार रात को भी कुछ ऐसा हुआ कि फरजाना ने पति अनीस की मौजूदगी में बेटी रेहाना को डंडों से और पटक-पटक कर इस कदर पीटा कि पूरे गांव में चीखें सुनाई दी। बच्ची की तेज चीखों के बाद अचानक से सन्नाटा हो गया। आसपास के लोगों को कुछ शक हुआ। उन्होंने गांव प्रधान अक्षय को सूचना दी। इसके बाद प्रधान के साथ आसपास के लोग अनीस के घर पहुंचे और बेटी के बारे में पूछा तो पति-पत्नी आना-कानी करने लगे। बच्ची की खोजबीन करने पर घर की छत पर बच्ची की कराहने की आवाज सुनाई दी। मोरंग के अंदर लकड़ी के गट्ठर से दबी बच्ची को निकाला गया। एम्बुलेंस बुलाकर उसे सीएचसी अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक थाना अरौल पुलिस अफसरों से भी एक घंटे तक मामले को छिपाई रही। दरोगा ने बच्ची के गिरकर चोट लगने की सूचना अधिकारियों को दी। ग्रामीणों के आक्रोश और सीएचसी के डॉक्टरों के रेफर करने के बाद अरौल पुलिस ने अफसरों को सूचना दी। पुलिस ने आरोपित पिता और उसकी सौतली मां को गिरफ्तार कर लिया।

### क्या बोले कानून के जानकार

घटना में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने बताया कि घटना बेहद गंभीर है। इसमें आरोपितों के खिलाफ हत्या, सबूत छिपाना, गैर कानूनी कार्य के लिये एकजुट होना, गंभीर चोट पहुंचाने की धारा में एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। उन्होंने कहा दरोगा जिसने भ्रामक सूचना दी। उसे मौके पर पंचायतनामा भरना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया है तो उसके खिलाफ पुलिस रूल्स एंड मैनुअल एक्ट के तहत विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

### हत्या का मुकदमा दर्ज कर भेजे जाएंगे जेल

डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि सौतेली मां फरजाना ने बच्ची की पीट-पीट कर हत्या कर दी है। इस दौरान मृतक बच्ची का पिता अनीस भी घर पर था। उसकी मौजूदगी में पिटाई से लेकर जघन्य वारदात हुई, लेकिन वह कुछ नहीं बोला। जबकि फरजाना का ही साथ देता रहा। इसके चलते दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। एसीपी बिल्हौर अजय त्रिपाठी ने बताया कि बच्ची के ननिहाल पुलिस टीम को भेज गया है। ननिहाल की तरफ से तहरीर मिलने पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया जायेगा। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# यूसीसी ड्राफ्ट को कैबिनेट की हरी झंडी

## विधेयक विधानसभा के पटल पर रखने को मंजूरी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून**

समान नागरिक संहिता(यूसीसी) के ड्राफ्ट को उत्तराखंड कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। रविवार को सीएम आवास पर हुई कैबिनेट की बैठक में ड्राफ्ट का विधेयक तैयार कर विधानसभा के पटल पर रखने को मंजूरी दे दी गई। अब आगामी छह फरवरी को आयोजित विधानसभा सत्र में यूसीसी का विधेयक पेश किया जाएगा।

### कई दशक बाद धरातल पर उतरेगा यूसीसी

1962 में जनसंघ ने हिंदू मैरिज एक्ट और हिंदू उत्तराधिकार विधेयक वापस लेने की बात कही। इसके बाद जनसंघ ने 1967 के उत्तराधिकार और गोद लेने के लिए एक समान कानून की वकालत की। 1971 में भी वादा दोहराया। हालांकि 1977 और 1980 में इस मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई। 1980 में भाजपा का गठन हुआ। भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। पार्टी ने 1984 में पहली बार चुनाव लड़ा, जिसमें केवल दो सीटें मिली। 1989 में 9वां लोकसभा चुनाव हुआ, जिसमें भाजपा ने राम मंदिर, यूनिफॉर्म सिविल कोड को अपने चुनावी घोषणा-पत्र में शामिल किया। पार्टी की सीटों की संख्या बढ़कर 85 पहुंची। 1991 में देश में 10वां मध्यावधि चुनाव हुआ। इस बार भाजपा को और लाभ हुआ। उसकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में भाजपा ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में भाजपा ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में पार्टी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। वर्ष 2014 में पहली बार भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। अब केंद्र की सरकार समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी में यूसीसी को लागू कर उत्तराखंड, देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उत्तराखंड में 2022 में भाजपा ने यूसीसी के मुद्दे को सर्वोपरि रखते हुए वादा किया था कि सरकार बनते ही इस पर काम किया जाएगा। धामी सरकार ने यूसीसी के लिए कमेटी का गठन किया। जिसने डेढ़ साल में यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार किया। अब विधानसभा का विशेष सत्र पांच फरवरी से शुरू होने जा रहा है, जिसमें पास होने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन जाएगा।

### ये हैं ड्राफ्ट के संभावित प्रावधान

- लड़कियों की विवाह की आयु बढ़ाई जाएगी, जिससे वे विवाह से पहले ग्रेजुएट हो सकें।
- विवाह का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। बगैर रजिस्ट्रेशन किसी भी सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। ग्राम स्तर पर भी शादी के रजिस्ट्रेशन की सुविधा होगी।
- पति-पत्नी दोनों को तलाक के समान आधार उपलब्ध होंगे। तलाक का जो ग्राउंड पति के लिए लागू होगा, वही पत्नी के लिए भी लागू होगा। फिलहाल पर्सनल लॉ के तहत पति और पत्नी के पास तलाक के अलग-अलग ग्राउंड हैं।
- पॉलीगैमी या बहुविवाह पर रोक लगेगी।
- उत्तराधिकार में लड़कियों को लड़कों के बराबर का हिस्सा मिलेगा। अभी तक पर्सनल लॉ के मुताबिक लड़के का शेयर लड़की से अधिक है।
- नौकरीशुदा बेटे की मृत्यु पर पत्नी को मिलने वाले मुआवजे में वृद्ध माता-पिता के भरण पोषण की भी जिम्मेदारी होगी। अगर पत्नी पुर्नविवाह करती है तो पति की मौत पर मिलने वाले कंपेंशेसन में माता-पिता का भी हिस्सा होगा।
- **मेंटेनेंस:** अगर पत्नी की मृत्यु हो जाती है और उसके माता पिता का कोई सहारा न हो, तो उनके भरण पोषण का दायित्व पति पर होगा।
- **एडॉप्शन:** सभी को मिलेगा गोद लेने का अधिकार। मुस्लिम महिलाओं को भी मिलेगा गोद लेने का अधिकार, गोद लेने की प्रक्रिया आसान की जाएगी।
- हलाला और इद्दत पर रोक होगी।
- लिव इन रिलेशनशिप का डिक्लेरेशन आवश्यक होगा। ये एक सेल्फ डिक्लेरेशन की तरह होगा जिसका एक वैधानिक फॉर्मेट लग सकती है।
- गार्जियनशिप- बच्चे के अनाथ होने की स्थिति में गार्जियनशिप की प्रक्रिया को आसान किया जाएगा।
- पति-पत्नी के झगड़े की स्थिति में बच्चों की कस्टडी उनके ग्रैंड पैरेंट्स को दी जा सकती है।
- जनसंख्या नियंत्रण को अभी सम्मिलित नहीं किया गया है।

# न्याय की अवधारणा में पर्यावरण से जुड़ा इंसाफ भी हो : राष्ट्रपति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रमंडल कानूनी शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी) 2024 के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कई अहम सुझाव दिए। उन्होंने राष्ट्रमंडल देशों की विविधता और विरासत का जिक्र करते हुए कहा, ये देश दुनियाभर को सहयोग की भावना से आम चिंताओं को दूर करने का रास्ता दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत के संविधान की प्रस्तावना %सामाजिक, आर्थिक और राजनीति% न्याय की बात करती है। उन्होंने सुझाव दिया कि दुनिया में जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए न्याय या इंसाफ की अवधारणा के इन पहलुओं के साथ पर्यावरणीय न्याय को भी जोड़ना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण से जुड़े न्याय या कानूनी मुद्दे अक्सर सीमा से जुड़ी चुनौतियां पैदा करते हैं। इंसाफ दिलाने में सीमा की चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी और स्पष्ट तरीका %हमारा पर्यावरण% है। इस अवधारणा में दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि जब हम न्याय मिलने की बात करते हैं, तो हमें सामाजिक न्याय सहित इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल का जिक्र करते हुए राषट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट जजों, कानून और गृह मंत्री जैसे लोगों की मौजूदगी में कहा, प्रौद्योगिकी के कारण देख एक-दूसरे के करीब आए हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार और वाणिज्य का वैश्वीकरण देशों के बीच अंतर-संबंध का एक और उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जटिल सीमा पार कानूनी चुनौतियों की पहचान करते समय, अलग-अलग देशों को अंतर-संबंध, अंतर-निर्भरता और तकनीकी क्रांति को ध्यान में रखना जरूरी है। राष्ट्रपति के मुताबिक, हमें हमेशा मानवता और मानवीय मूल्य के आधार पर फैसले लेने चाहिए। ये हम सभी के लिए सामान्य हैं। राष्ट्रमंडल कानूनी शिक्षा संघ (सीएलईए) की पहल का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सीएलईए ने साझा भविष्य के लिए एक रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी ली है। इसके तहत देशों की सीमाओं से परे समानता और गरिमा आधारित प्राकृतिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों को रेखांकित किया जाएगा।

# नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले कांग्रेस विधायक हैदराबाद पहुंचे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

झारखंड की तरह ही बिहार कांग्रेस के भी विधायकों के टूटने की आशंका है। जैसे झारखंड के अपने विधायकों को कांग्रेस आलाकमान ने अपनी पार्टी की सरकार वाले राज्य तेलंगाना भेजा था, उसी तर्ज पर बिहार के एमएलए भी हैदराबाद भेज दिए गए हैं। इनमें से ज्यादातर को दिल्ली में अचानक बताया गया कि वह हैदराबाद जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के अनुसार, तेलंगाना में कांग्रेस की नई सरकार बनी है तो बधाई देने के लिए बिहार की टीम आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि वह 11 फरवरी तक वहीं रहेंगे। बिहार में 28 जनवरी को उलटफेर के बाद भारतीय जनता पार्टी के साथ जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई सरकार का गठन किया था। इस सरकार को 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में बहुमत साबित करना है।


### बिहार में राजनीतिक उठापटक की आशंका

रविवार की शाम बिहार कांग्रेस विधायकों का जत्था अचानक हैदराबाद के शमशाबाद हवाई अड्डे उतरा। मीडिया के सवालों पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सीधा जवाब दिया कि यहां हमारी पार्टी की नई सरकार बनी है, इसलिए हम सभी यहां पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री से मिलेंगे और उन्हें बधाई देंगे। बिहार कांग्रेस के 19 में से 16 विधायक हैदराबाद में उतरे और यहां फोटो सेशन भी कराया। अखिलेश सिंह भले कह रहे कि वहां के सीएम को बधाई देने पहुंचे हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बहुमत परीक्षण के दिन कांग्रेस के विधायकों को एकजुट रखने के उद्देश्य से वहां गए हैं। अखिलेश सिंह ने कहा कि बाकी तीन विधायक भी आ जाएंगे।

### क्या है बिहार विधानसभा का गणित

बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं। यह विधायक महागठबंधन में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के 79 विधायकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। इन दोनों दलों के अलावा, वामपंथी दलों के कुल 16 विधायक भी महागठबंधन के साथ हैं। इसके अलावा सत्ता से दूर इकलौते विधायक असदुदीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के हैं। यह सत्ता के साथ भी नहीं हैं। मतलब, बिहार में महागठबंधन के पास 114 विधायक हैं, वैसे विपक्ष के रूप में उसकी अधिकतम ताकत 115 हो रही है। भाजपा के कथित ऑपरेशन लोटस के डर से कांग्रेस के विधायकों को हैदराबाद भेजे जाने की जानकारी सामने आ रही है। अगर यह विधायक 11 फरवरी की शाम के पहले पटना नहीं लौटे तो यह पक्का हो जाएगा।

# राज्य शासन में केंद्र के हस्तक्षेप से कमजोर हो रहा संघवाद का सिद्धांत : मल्लिकार्जुन खरगे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार और झारखंड में मची सियासी उठल-पुथल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य शासन में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

### 'गरीब जनता और महिलाओं को कुचल रही सरकार'

खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है। दरअसल, खरगे केरल के त्रिशूर जिले में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी राजनीतिक कौशल की कमी है।

### 'देश के लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखना होगा'

उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी। अपने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखना होगा और इसके लिए एकजुट होना जरूरी है। केरल में यूडीएफ गठबंधन के साथ कांग्रेस पार्टी इन हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### 'महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त'

उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों को परेशान कर रखा है। उनका जीवन यापन मुश्किल हो गया है। भाजपा शासन ने सार्वजनिक क्षेत्र को पूरी तरह से खत्म करने और केवल निजी क्षेत्र को समर्थन देने का फैसला किया है। देश में मौजूद बेरोजगारी और मुद्रास्फीति के संयोजन ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में गरीबों के संघर्ष को बदतर बना दिया है।

# गोपालगंज में महिला की निर्मम हत्या, लाश को कई टुकड़ों में काटकर फेंका, सिर भी गायब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गोपालगंज के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के सलेपुर गांव में बेखौफ अपराधियों ने एक महिला की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को कई टुकड़ों में काट कर झाड़ियों में फेंक दिया। दिल को झकझोर देनेवाली घटना सलेपुर गांव की है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है। बताया जाता है कि महम्मदपुर थाना क्षेत्र के सलेपुर गांव के दियर में काली मंदिर के पास ग्रामीणों ने महिला का सिर कटा हुआ शव को देखा। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। महम्मदपुर थाने की पुलिस और सदर एसडीपीओ प्रांजल कुमार मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दिए है। पुलिस ने महिला की कटी सिर और शरीर के दूसरे भाग को इक्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया है। जांच कर रही पुलिस की माने तो घटनास्थल पर कई साक्ष्य मिले हैं, जिससे आशंका जाहिर की जा रही है।

### एसआईटी की टीम ने जांच शुरू कर दी

वहीं, इस घटना की विधिवत जांच के लिए पटना से फॉरेंसिक जांच टीम बुलाई गयी है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने घटना की जांच और उद्भेदन कर हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी की टीम ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आसपास के जिलों की पुलिस से मृतक की शिनाख्त के लिए मदद मांगी है।

# उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केजरीवाल को लिखा पत्र, अस्पतालों की बदहाली पर जताई चिंता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं की दयनीय स्थिति पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केजरीवाल सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। साथ ही सेवाओं को लेकर सवाल खड़े किए हैं। साथ ही कहा कि दिल्ली सरकार हर मंच पर कहती है कि उसके पास फंड की कोई कमी नहीं है। दिल्ली की स्वास्थ्य सुविधाएं विश्व स्तर की हो गई है। वहीं, एलजी के आरोप पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही एलजी से दिल्ली के स्वास्थ्य और वित्त सचिव को बदलने की मांग की है। दरअसल, रविवार को उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अस्पतालों की दयनीय स्थिति पर निराशा और चिंता व्यक्त की है। उन्होंने लिखा कि मुख्यमंत्री और आप के मंत्री दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है। विश्व स्तर का बताती है, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणियां सवाल खड़े कर रही है। कोर्ट ने अस्पताल में अपर्याप्त बुनियादी ढांचे, जनशक्ति की कमी, अक्षम रोगी प्रबंधन और संभावित वित्तीय कुप्रबंधन को उजागर किया है। साथ ही इन्हें ठीक करने को कहा है। कोर्ट में साल 2017 में एक नवजात शिशु की मृत्यु का मामला उठा। सुविधा नहीं होने के कारण सरकारी अस्पताल ने इलाज करने से मना कर दिया। इसके अलावा एक अन्य मरीज की मौत अस्पताल में सीटी स्कैन, आईसीयू, वेंटिलेटर बेड सहित आवश्यक सुविधा न होने के कारण हुई। ऐसी घटनाओं की सूचना अक्सर सामने आती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि वह स्वास्थ्य मंत्री से इस दिशा में काम करने के लिए कहें। साथ ही ऐसी गंभीर समस्याओं को जल्द दूर करवाए। उपराज्यपाल ने लिखा कि इन समस्याओं को अक्सर उठाता रहता हूं। यह गंभीर चिंता का विषय है और इन्हें तत्काल दूर किया जाना चाहिए।

### स्वास्थ्य और वित्त सचिव को बदलें एलजी : केजरीवाल

एलजी को लिखे जवाबी पत्र में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य और वित्त सचिव को बदलने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि मैंने स्वास्थ्य मंत्री से इस पर रिपोर्ट मांगी है। साथ ही लिखा कि स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार को बदला जाए। वह मंत्री के मौखिक और लिखित आदेशों की अवहेलना करते हैं। बिना अधिकारी के सहयोग के सरकार कैसे काम करेगी। वहीं, वित्त सचिव आशीष वर्मा ने पहले दवाओं, लैब टेस्ट, डॉक्टरों के वेतन, फरिश्ते योजना, दिल्ली आरोग्य कोष योजना का भुगतान रोक दिया था। इससे पूरी स्वास्थ्य प्रणाली ठप हो गई थी। इन्हें भी बदलने की मांग रखी थी। यह भी मंत्री के आदेशों की अवहेलना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अधिकारी मंत्री की बात को सुने। यदि अधिकारी मंत्री की बात नहीं सुनेंगे तो त्रिस्तरीय श्रृंखला टूटेगी। इससे संपूर्ण शासन व्यवस्था ध्वस्त हो जायेगी। ऐसे में इन अधिकारियों को बदल दें।

### स्वास्थ्य सुविधा को सुधारने की जरूरत

एलजी ने पत्र में लिखा कि दिल्ली की स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और बिस्तर की क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। इसे लेकर कई बार चिंता जाहिर कर चुका हूं। हाल ही में मोहल्ला क्लीनिकों में बोगस मरीजों पर किए गए फर्जी परीक्षण का पता चला। इसके अलावा दवाओं के फेल हुए सैंपल के मामले सामने आए।

# 'लोगों के ऐसे सपने भी साकार हो रहे, जिसकी कल्पना भी नहीं की गई थी'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



असम के मुख्यमंत्री ने हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को यहां कहा कि आज असम के लिए स्वर्णिम दिन है। आज कभी न भुलाए जाने वाला दिन है। नया इतिहास रचने वाला दिन है। आज एक नया सूरज निकला है। आज असम की धरती पर 11,600 करोड़ रुपए की परियोजनाएं का उद्घाटन और शिलान्यास हो रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार और धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि असम के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उल्फा (बातचीत गुट) के साथ शांति समझौता, बड़ो शांति समझौता, कार्बी समझौता, दिमाशा के समझौता और आदिवासी शांति समझौता हुआ है। बहुत वर्षों के बाद असम में शांति लौट कर आई है। हजारों युवाओं ने आतंकवाद को छोड़ कर मूल धारा में लौट आए हैं। यह पहली बार है, जब पिछले तीन वर्षों से असम में किसी तरह का कोई आंदोलन नहीं हुए। इसलिए असम विकास में अग्रणी दौड़ में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने कभी सोचा भी नहीं था कि धौला और बोगीबिल में ब्रह्मपुत्र पर पुल बनेंगे, नुमलीगढ़ से गोहपुर तक टनल बनेगा, कलियाभुमुरा और सराईघाट में एक-एक पुल और बनेंगे, गुवाहाटी और उत्तर गुवाहाटी के बीच में नया पुल बनेगा, माजुली और जोरहाट के बीच पुल बनेगा, माजुली और जोरहाट के बीच में पुल बनेगा। इतना ही नहीं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ब्रह्मपुत्र के ऊपर नौ पुल बनाए जा रहे हैं। हमने कभी सोचा नहीं था कि असम में 23 मेडिकल कॉलेज बनेंगे। हमने कभी सोचा नहीं था कि काजिरंगा के ऊपर एलिलेटिड कॉरीडोर बनेगा। गुवाहाटी में रिंग बन बनेगा। हमने कभी सोचा भी नहीं था कि असम में 17 कैंसर अस्पताल बनेंगे। हमने कभी भी नहीं सोचा था कि असम में असम के हिसाब से कार्य होगा। उन्होंने कहा कि हमने सपने में भी कभी सोचा नहीं था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 लाख गरीब लोगों को आवास मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हम अपने समय में लखपति दीदी बना पाएंगे। हमने कभी सोचा नहीं था कि 2 करोड़ 85 लाख लोगों को मुफ्त में चावल मिल पाएगा। उन्होंने कहा, हमने कभी सोचा भी नहीं था कि बिना रिश्वत दिए 1 लाख लोगों को नौकरी मिल पाएगी। उन्होंने कहा, लेकिन यह सब कुछ संभव हो पाया, केवल एक व्यक्ति के असम के प्रेम के कारण और उस व्यक्ति का नाम है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# नियमित होंगे सरकारी कर्मचारी, 300 परिवारों को घर भी मिलेंगे : प्रेम सिंह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सिक्किम में चुनावी आहट के बीच सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि चार साल से अधिक समय से सेवाएं दे रहे सरकारी कर्मचारियों को रेगुलर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द अधिसूचना भी जारी करेगी। रविवार को सामने आया सीएम तमांग का फैसला इसलिए सियासी माना जा रहा है क्योंकि अगले चंद हफ्तों में लोकसभा चुनाव का एलान हो सकता है। उन्होंने गरीब परिवारों को घर देने की घोषणा भी की। विधानसभा चुनावों की आहट पर सीएम तमांग ने कहा कि एसकेएम ने सभी 32 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहचान कर चुकी है। उन्होंने कहा कि समय आने पर पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सिक्किम और उसके लोगों की सेवा के लिए तत्पर और समर्पित रहने का आह्वान भी किया। बता दें कि सिक्किम में कुल 32 विधानसभा क्षेत्र हैं। पिछला विधानसभा चुनाव अप्रैल 2019 में हुआ था। पांच साल पहले हुए चुनाव में सीएम तमांग की पार्टी- एसकेएम को 17 सीटें मिली थीं।

# कानूनी एजेंसियां सीमाओं से बंधी नहीं : शाह



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएजीएससी-24) के समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून का राज स्थापित करने को लेकर सख्त संदेश दिया। शाह ने कहा कि न्यायपालिका में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से पूरा सिस्टम सरल बनाया जा सकता है। शाह ने तीन A का फॉर्मूला बताते हुए कहा, न्यायपालिका आम लोगों की पहुंच में होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कम खर्च में गरीबों को न्याय दिलाने के विजन के तहत किफायती और न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों की जवाबदेही का जिक्र किया। उन्होंने पूरे सिस्टम को सुलभ, किफायती और जवाबदेह बनाने की दिशा में प्रयास किए जाने का आह्वान भी किया।

### कानूनी एजेंसियों के लिए बॉर्डर बेमानी हैं

शाह ने रविवार को कहा कि अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते। इसलिए, देश की विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी जांच और पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की राह में किसी भी सीमा को बाधा नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को सुलझाने के इन बाधाओं को एक शुरुआती बिंदु के रूप में समझना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)